राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार, 02 मार्च 2026
वर्ष 07, अंक 150, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

एस एस आई देवेंद्र सिंह भदौरिया ने प्रशस्ति पत्र देकर होमगार्ड को किया सम्मानित...03

करोल बाग में भीषण जाम से जूझ रहे लोग प्रशासन निगम खामोश बैठा है....12

## खामेनेई की मौत की पुष्टि के बाद ईरान का 27 अमेरिकी ठिकानों पर हमले का दावा, कतर- यूएई में धमाके



**ब्यूरो प्रयागराज।** मध्य पूर्व में तनाव चरम पर पहुंच गया है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की पुष्टि के बाद ईरान की सेना की प्रमुख इकाई इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसने मिडिल ईस्ट में मौजूद 27 अमेरिकी सैन्य ठिकानों और इजरायल के कई अहम सैन्य परिसरों पर हमले किए हैं। यह जानकारी अल जजीरा की रिपोर्ट के हवाले से सामने आई है, जिसमें ईरानी सरकारी मीडिया का भी उल्लेख किया गया है। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, ढ्ढत्रल्लष्ट ने कहा है कि वह अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर की गई बमबारी के जवाब में 'छठी लहर' के तहत कार्रवाई कर रहा है। बयान में कहा गया है कि 'विस्तृत मिसाइल और ड्रोन हमले' इजरायल और क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डों पर किए गए।

IRGC ने दावा किया कि 27 अमेरिकी सैन्य ठिकानों के अलावा इजरायल का तेल नोफ एयरबेस, तेल अवीव स्थित सेना का कमांड मुख्यालय हाकिर्या, और उसी शहर में स्थित एक बड़े रक्षा औद्योगिक परिसर को निशाना बनाया गया।ढ्ढत्रल्लष्ट ने यह भी चेतावनी दी कि ईरानी बल 'लगातार और कठोर बदले की कार्रवाई' करेंगे।

इस बीच कतर की राजधानी दोहा से कई धमाकों की आवाजें सुने जाने की खबर है। स्थानीय निवासियों के हवाले से बताया गया कि शहर के ऊपर आसमान में कम से कम 11 विस्फोटों की आवाज सुनी गई। बाद में कतर के गृह मंत्रालय ने पुष्टि की कि ईरानी हमलों के बाद कुल 16 लोग घायल हुए हैं। मंत्रालय के अनुसार, अतिरिक्त आठ घायलों की पुष्टि के बाद कुल संख्या 16 हो गई। साथ ही विभिन्न इलाकों में 'सीमित भौतिक नुकसान' की भी जानकारी दी गई है।

इजरायल में सायरन बचने की खबरें है। वहीं, इजरायल के चैनल 12 ने रिपोर्ट किया कि ईरान की ओर से मिसाइल लॉन्च किए जाने के कारण देशभर में एयर अटैक सायरन बजने की आशंका है। इससे इजरायल में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गई हैं।

अमेरिकी समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस (AP) की रिपोर्ट के मुताबिक, संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में भी ईरानी हमलों का असर देखा गया है। ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच चल रहे टकराव ने अब खाड़ी क्षेत्र को भी सीधे तौर पर प्रभावित करना शुरू कर दिया है। कतर और यूएई जैसे देशों में धमाकों और आगजनी की घटनाओं ने सुरक्षा चिंताओं को बढ़ा दिया है।

**ईरान का पलटवार- इजराइल समेत 9 देशों पर हमला**

अमेरिका और इजराइल के हमले के जवाब में ईरान ने भी ड्रोन और मिसाइल हमले किए। इन हमलों में इजराइल समेत मिडिल-ईस्ट के 9 देशों को निशाना बनाया गया।

ईरान ने इजराइल पर करीब 400 मिसाइलें दागीं और कतर, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब व UAE में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया। इतना ही नहीं, ईरान ने UAE के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई पर भी हमला किया। ईरान ने दुबई के पाम होटल एंड रिसोर्ट और बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला किया। इसके अलावा बहरीन में कई रिहायशी इमारतों को निशाना बनाया।

## IND vs WI: जिस मैदान पर कभी बनी थी चैंपियन, 10 साल बाद वहीं वेस्टइंडीज को मिली सबसे दर्दनाक हार; इंडिया ने यूं तोड़ा सपना

- **India vs West Indies: भारत ने वेस्टइंडीज को 5 विकेट से दी मात**
- **भारत ने टी20 विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल का कटाया टिकट**
- **2016 में वेस्टइंडीज ने ईडन गार्डन्स में ही जीता था खिताब**

**नई दिल्ली।** Wi defeat at Eden Gardens: कोलकाता का ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स... ये वही मैदान है जहां ठीक 10 साल पहले, साल 2016 में वेस्टइंडीज ने टी20 विश्व कप की सुनहरी ट्रॉफी चूमकर इतिहास रचा था। डैरेन सैमी की कप्तानी में 'कैरिबियाई शेरों' ने इंग्लैंड को धूल चटाकर पूरी दुनिया में अपना डंका बजाया था।

उस रात जीत के जश्न में डूबी विंडीज टीम ने शायद ही कभी सोचा होगा कि वक्त का पहिया ऐसा घूमेगा कि ठीक एक दशक बाद, इसी मैदान की मिट्टी उन्हें सबसे 'दर्दनाक हार' का जख्म देगी। जिस ईडन ने कभी सिर पर ताज सजाया था, आज उसी ने सेमीफाइनल का सपना चकनाचूर कर दिया।

IND vs WI: भारत ने कटाया सेमीफाइनल का टिकट

भारतीय टीम ने आईसीसी मेंस टी20 विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल (ICC Men's T20 World Cup 2026 Semi Final India National Cricket Team) में जगह बना ली है। वेस्टइंडीज को सुपर-8 के अपने आखिरी मैच में भारत ने 5 विकेट से मात दी और इस मैच में टीम इंडिया की जीत के रियल हीरो संजू सैमसन रहे, जिन्होंने अकेले योद्धा की तरह लड़ते हुए टीम को जीत दिलाई। ये टी20 विश्व कप इतिहास में टीम इंडिया की सबसे बड़ी और सफल रन चेज रही, जो उस समय आई जब टीम को इसकी सबसे ज्यादा दरकार थी।

196 रन का पीछा करने जब भारतीय टीम उतरी तो उन्हें सही शुरुआत नहीं मिली। अभिषेक 10 रन बनाकर आउट हुए। उसके बाद जेसन ने ईशान को 10 रन पर आउट किया। इस तरह भारत को दो बड़े झटके लगे। पावरप्ले समाप्त होने तक भारत ने 53 रन बना लिए थे। सूर्या और संजू ने मिलकर पारी को संभाला। तीसरे विकेट के लिए दोनों के बीच 58 रन की साझेदारी हुई। शमर जोसेफ ने सूर्या को चलता किया। तिलक ने 27 रन बनाए। आखिरी समय पर हार्दिक का विकेट गिरा, फिर शिवम ने सही मौके पर चौका लगाया और टीम को राहत दिलाई। संजू ने फिर अपने बल्ले से मैच विनिंग चौका लगाया और 4 गेंद बाकी रहते हुए भारत को 5 विकेट से जीत दिलाई।





**2016 में वेस्टइंडीज ने भारत को दिया था जख्म**

31 मार्च 2016 को वेस्टइंडीज ने भारत को आईसीसी टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में 7 विकेट से मात देकर फाइनल में जगह बनाई थी। उस मैच में विराट कोहली के बल्ले से नाबाद 89 रन आए थे। अंजिक्ये रहाणे ने 40 और रोहित शर्मा ने 43 रन की पारी खेली थी, लेकिन भारत को हार का सामना करना पड़ा था।

**ईडन गार्डन्स में 'इंडिया' का राज**

साल 2011 से अब तक भारत ने ईडन गार्डन्स पर कुल 9 टी20 मैच खेले हैं और भारत ने इनमें से सिर्फ एक मैच गंवाया है। वह हार भी करीब 15 साल पहले, अक्टूबर 2011 में इंग्लैंड के खिलाफ मिली थी। उसके बाद से टीम इंडिया ने इस मैदान पर लगातार अब 8वां टी20 मैच जीता है।

वहीं, भारत और वेस्टइंडीज के बीच इस मैदान पर कुल 5 टी20 मुकाबले खेले गए हैं और भारत ने पांचों में जीत दर्ज की है। यानी विंडीज टीम को आज जो हार मिली है,वो आंकड़े खुद पहले से गवाही दे रहे थे कि भारत को यहां हराना आसान नहीं।

**10 साल पहले WI ने ईडन गार्डन्स में जीता था खिताब**

10 साल पहले यानी 3 अप्रैल 2016 को वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को फाइनल में 4 विकेट से हराकर ईडन गार्डन्स के मैदान पर आईसीसी टी20 विश्व कप का खिताब जीता था।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सपा विधायक के भांजे बिपीएम शैलेश यादव की मार्ग दुर्घटना में मौत

**रुधौली के पास अनियंत्रित होकर पलटी कार**



मृतक फाइल फोटो

**सिद्धार्थनगर,** जिले के (बर्डपुर) में डाक विभाग में बीपीएम के पद पर कार्यरत शैलेश यादव (25) पुत्र प्रदीप यादव ग्राम बभनान थाना गौर निवासी की एक भीषण सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब शैलेश यादव सिद्धार्थनगर से शनिवार देर शाम बस्ती की ओर जा रहे थे।

हादसा बस्ती जिले के रुधौली थाना क्षेत्र के रसिया पेट्रोल पंप के पास हुआ। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पलट गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शैलेश यादव की मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक शैलेश यादव बस्ती के सदर विधायक और समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष महेंद्र नाथ यादव के सगे भांजे थे। जैसे ही दुर्घटना की खबर फैली, पोस्टमार्टम हाउस पर समर्थकों और शुभचिंतकों की भारी भीड़ जमा हो गई। इस असामयिक मृत्यु से जिले के राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में शोक की लहर दौड़ गई है।

## यूपी में होली पर स्वच्छता का महाअभियान, 2 से 4 मार्च तक ग्राम पंचायतों में चलेगा विशेष सफाई और सैनिटाइजेशन ड्राइव



**लखनऊ।** प्रदेश में होली पर्व को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता और मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत 2 से 4 मार्च तक पूरे प्रदेश की ग्राम पंचायतों में व्यापक स्वच्छता और सैनिटाइजेशन अभियान चलेगा। सीएम योगी ने अफसरों को त्योहार को लेकर सफाई व्यवस्था पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत सभी डीएम और सीडीओ मॉनिटरिंग करेंगे।

**सफाई के साथ फॉगिंग व एंटी लार्वा छिड़काव भी** इस अभियान के तहत ग्रामीण इलाकों में कार्यक्रम स्थलों, घाटों, तालाबों, अमृत सरोवरों और स्नान स्थलों की सफाई, फॉगिंग, एंटी लार्वा छिड़काव और अपशिष्ट निस्तारण जैसे कार्य किए जाएंगे। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि होलिकोत्सव से पहले और बाद दोनों अवधि में कार्यक्रम स्थलों पर विशेष सफाई सुनिश्चित की जाए।

**जल निकासी की बेहतर व्यवस्था की जाएगी सुनिश्चित** पंचायतीराज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने कहा है कि कार्यक्रम सम्पन्न होने के उपरांत सभी अपशिष्ट पदार्थों का समुचित निपटान किया जाए। ग्राम पंचायतों में निर्मित रूरल रिसोर्स सेंटर पर समस्त कचरा एकत्र किया जाए। जलभराव वाले स्थलों की पहचान कर स्थायी उपायों के माध्यम से जल निकासी की व्यवस्था करने को कहा गया है, ताकि डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव हो सके। **स्थानीय ग्राम पंचायतों को सौंपी गई जिम्मेदारी** सभी जिला पंचायतीराज अधिकारियों को विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा नदी-तालाबों या सरोवरों के घाटों की मरम्मत, रंगाई-पुताई और सुरक्षा इंतजाम की जिम्मेदारी भी स्थानीय ग्राम पंचायतों को सौंपी गई है। इस पूरे अभियान की सतत मॉनिटरिंग की जाएगी।

## यूपी में जज के पिता की हत्या: एक फीट दूर से मारी गोली

» **मुरादाबाद में जज के पिता की हत्या में हिस्ट्रीशीटर साले का दामाद और दोस्त गिरफ्तार कर लिया गया है।**

» **आरोपी हिस्ट्रीशीटर ने अपने बहनोई मो. असद की हत्या की योजना कई दिन पहले ही बना ली थी। उसने अपने परिवार को चार दिन पहले ही जम्मू कश्मीर भेज दिया था।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** बुलंदशहर में एडिशनल सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के पद पर तैनात असमा सुल्ताना के पिता और शहर की मशहूर अलवीना बेकरी के संचालक मो. असद (62) की हत्या में शनिवार को पुलिस ने उनके साले हिस्ट्रीशीटर जफर के दामाद मो. फैजान और उसके दोस्त आलमगीर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का दावा है कि दोनों हत्या की साजिश में शामिल रहे हैं। इनसे पूछताछ में यह बात सामने आई है कि जफर का अपने छोटे भाई से विवाद चल रहा था। मो. असद छोटे साले के समर्थन में थे। इसी बात से जफर नाराज था। पुलिस जफर और उसके दो बेटों की तलाश में जुटी है।

सिविल लाइंस जिगर कॉलोनी निवासी एवं अलवीना बेकरी के संचालक की बेटी असमा सुल्ताना और लाजपत नगर निवासी दामाद मोहम्मद जुल्करनैन आलम जज हैं। दोनों बुलंदशहर में एडिशनल सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के पद पर तैनात हैं। दूसरी बेटी अलमस सुल्ताना अलीगढ़ विश्व विद्यालय में असिस्टेट प्रोफेसर हैं। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की मो. असद ने जिगर कॉलोनी में ही अपने घर के पास नमाज पढ़ी थी और रोजा इफ्तार किया था। इसके बाद वह अपने छोटे साले मुजाहिद उर्फ डेनियल के साथ स्कूटी से कोतवाली स्थित लाल मस्जिद में तरावीह पढ़ने जा रहे थे।

नागफनी क्षेत्र के बंगला गांव चौराहे पर पीछे से बाइक से आए जफर हुसैन ने अपने बहनोई मो. असद के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में छोटे साले ने नागफनी के ढहरिया निवासी अपने बड़े भाई जफर हुसैन, इसके बेटे सैफुल जफर, हुसैन, जफर के दामाद मुगलपुरा के मोहल्ला कानून गोयान निवासी मो. फैजान कटघर निवासी आलमगीर के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शनिवार को पुलिस ने मो. फैजान और आलमगीर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का दावा है कि मो. असद जफर और उसके परिवार की आर्थिक मदद करते थे। जफर के छोटे भाई का एक मकान आशियाना कॉलोनी में था। आरोप है कि धोखाधड़ी से जफर ने इस मकान को बेच दिया था।

## नागपुर में SBL एनर्जी लिमिटेड की फैक्ट्री में धमाका, 17 लोगों की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले के कटोल शहर में रविवार को एक फैक्ट्री में धमाका होने से 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 लोग घायल हुए हैं. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि NDRF और SDRF की टीमें मौके पर राहत बचाव का काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि यह धमाका कटोल तहसील के राउलगांव में माइनिंग और इंडस्ट्रियल विस्फोटक बनाने वाली स्क्क्रु एनर्जी लिमिटेड फैक्ट्री में हुआ। पुलिस ने बताया कि धमाके के तुरंत बाद घायलों को नागपुर के एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

फैक्ट्री में रविवार सुबह धमाका हुआ. यह इतना भीषण था कि जिस बिल्डिंग में धमाका हुआ, उसका सारा सामान और मलबा 500 से 700 मीटर दूर जा गिरा. मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं हैं। राज्य के मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने भी धमाके की जानकारी मिलने के बाद अधिकारियों को तुरंत मदद देने के निर्देश दिए हैं. सभी घायलों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है और इलाके को सील कर दिया गया है. किसी को भी वहां जाने की इजाजत नहीं है।

जिला कलेक्टर और एसपी मौके पर पहुंच गए हैं. धमाके के बाद मौके पर भीषण आग लग गई, करीब 4 घंटे की लगातार कोशिशों के बाद आग पर भी काबू पा लिया गया है और इसी वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन भी तेज कर दिया गया है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घटना पर दुख जताया. उन्होंने एक्स पोस्ट में कहा कि यह बेहद दुखद घटना है। NDRF और SDRF की टीमें मौके पर हैं. 17 लोगों की जान चली गई है. मैं मृतकों को श्रद्धांजलि देता हूं. इस घटना में 18 लोग घायल हुए हैं. घायलों को तुरंत नागपुर शिफ्ट कर दिया गया है. घटना की पूरी जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

## अज्ञात चालक के विरुद्ध लापरवाही से वाहन चलाने का केस दर्ज

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के रघुनाथगंज गांव के निकट गत 10 फरवरी को हुई सड़क दुर्घटना में घायल युवक की तहरीर पर बस के अज्ञात चालक के विरुद्ध लापरवाही से वाहन चलाने का केस दर्ज किया गया खजूर गांव निवासी उमाशंकर निषाद ने पुलिस को तेरी देकर बताया कि उसका बेटा प्रियांशु चक चौराहा गांव निवासी रिश्तेदार सुरेश के साथ बाइक से शादी के कार्ड बांटने जा रहा था रघुनाथगंज के निकट लापरवाही से चलते हुए प्राइवेट बस के चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी इससे बाइक पूरी तरह से छतिग्रस्त हो गई साथ ही बेटा प्रियांशु व सुरेश गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया कि प्रियांशु की हालत बेहद गंभीर है उसे जिला अस्पताल से लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मामले में बस के अज्ञात चालक के विरुद्ध लापरवाही से वाहन चलाने का केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## बिरयानी की दुकान के अंदर फ्रीजर में बंद मिला शव, लखनऊ के बीकेटी इलाके की घटना, छानबीन जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** बख्शी का तालाब में जीसीआरजी कालेज के सामने रविवार की सुबह बिरयानी की दुकान में फ्रीजर के अंदर बंद शव मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फ्रीजर से शव बाहर निकलवाया है। पुलिस के मुताबिक, तीन दिन पहले दुकान मालिक के पिता की मौत हुई थी। इसके बाद से दुकान बंद थी। दुकान में रखी फ्रिज से बरामद शव के संबंध में की गई जांच एवं शव परीक्षण की कार्यवाही के दौरान मृतक की जेब से प्राप्त आधार कार्ड तथा सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों से प्राप्त जानकारी के आधार पर प्रथम दृष्टया मृतक की शिनाख्त विजय पाल पुत्र डलई, उम्र लगभग 38 वर्ष, निवासी किशुनपुर, थाना बीकेटी, जनपद लखनऊ के रूप में हुई है। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है। घटना के संबंध में आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया जा रहा है तथा अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

दुकान के मालिक और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की गई है। अभी यह नहीं पता चला है मौत किन कारणों से हुई और शव फ्रीजर में किसने रखा। आसपास लगे सीसी कैमरे भी चेक किए जा रहे हैं। विभिन्न बिंदुओं पर मामले की छानबीन जारी है। घटना कैसे हुई यह भी पता लगाया जा रहा है। घटना के बाद दुकान और उसके आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। डीसीपी के साथ ही एडीसीपी, एसीपी समेत थाने की फोर्स भी मौके पर पहुंची है। फारेंसिक टीम और फील्ड यूनिट ने साक्ष्य जुटाए हैं।

स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा, वही दिखेगा

स्वतंत्र प्रभात के राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार, पत्रिका एवं ऑनलाइन चैनल में काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।

जिला, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरोचीफ, संवाददाता और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।

अपना बायोडाटा भेजे : 9511151254

www.swatantraprabhat.com www.epaper.swatantraprabhat.com

# संक्षिप्त खबरें

## आग से जलकर महिला की हुई मौत

**कोंच(जालौन)**- लाडूपुरा गांव में एक महिला उस समय आग की चपेट में आ गई जब वह खाना बना रही थी। बुरी तरह झुलसी अवस्था में परिजन उसे उपचार के लिए ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार की शाम कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम लाडूपुरा निवासी संतोष राठौर की पत्नी मीरा देवी घर में खाना बना रही थी। इसी दौरान अचानक आग लगने से वह झुलस गई। परिजनों ने तुरंत आग बुझाई और आनन-फानन में उसे उपचार के लिए ग्वालियर ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही कैलिया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतका के एक बेटा और एक बेटी हैं, जो वर्तमान में ग्वालियर में पढ़ाई कर रहे हैं।

## जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को होली की शुभकामना एवं बधाई दी

**प्रतापगढ़।** होली पर्व के मद्देनजर जनपद में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है। उन्होंने कहा कि होली रंगों, उमंग और आपसी भाईचारे का प्रतीक पर्व है, जिसे प्रेम, सद्भाव और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया जाना चाहिए। जिलाधिकारी ने अपने संदेश में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सामुदायिक समरसता का भी प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने यह भी कहा है कि कोई भी व्यक्ति ऐसा कार्य न करे जिससे किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे या सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो। जबरन रंग न लगाएं, कीचड़ या गंदगी किसी पर न फेंके तथा तेज आवाज में डीजे या ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग निर्धारित मानकों के अनुरूप ही करें। साथ ही मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहें और वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतें। जिलाधिकारी ने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को सुरक्षित ढंग से होली खेलने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी और शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है।

## खेत पर चाचा के साथ गाली-गलौज और मारपीट

**आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज**

**ललितपुर।** थाना जखौरा के ग्राम चक्क लालौन में खेत पर काम कर रहे एक व्यक्ति के साथ गाली-गलौज और लाठी-डंडों से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने घायल के भतीजे की तहरीर पर गांव के ही एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम चक्क लालौन निवासी सेबेन्द्र सिंह ने पुलिस को बताया कि 27 फरवरी 2026 की शाम करीब 4.30 बजे उनके चाचा महेन्द्र सिंह अपने खेत पर मौजूद थे। आरोप है कि तभी गांव का ही सुखसाब राजा पुत्र लक्ष्मन सिंह वहां आया और बिना किसी कारण के महेन्द्र सिंह को भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा। जब महेन्द्र सिंह ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। पीड़ित पक्ष के अनुसार, मारपीट के दौरान महेन्द्र सिंह को शरीर में कई जगह गंभीर चोटें आईं। हमला करने के बाद आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। घायल का इलाज वर्तमान में ललितपुर में चल रहा है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी सुखसाब राजा के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

## सीएमओ ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का किया निरीक्षण

**देवरिया।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अनिल गुप्ता ने रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोरमा कन्होली और रामलक्षन में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी, दवा भंडारण, लैब जांच एवं स्टाफ की उपस्थिति का जायजा लिया। दोनों केंद्रों पर चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद मिले, जिस पर उन्होंने संतोष जताया। सीएमओ ने निर्देश दिया कि मेले में आने वाले प्रत्येक मरीज को सभी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध की जाएं। होली के मद्देनजर आपात स्थितियों से निपटने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को सतर्क रहने को कहा। उन्होंने दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता, साफ-सफाई और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया।

# स्टाफ नर्स रीना वर्मा पर मरीजों से दुर्व्यवहार और वसूली करने का लगाया आरोप

**●पीड़ित रोशन अली ने स्टाफ नर्स रीना वर्मा के दुर्व्यवहार को लेकर उच्च अधिकारियों से किया शिकायतमामले की जांचकर स्टाफ नर्स रीना वर्मा के खिलाफ हो कड़ी कार्रवाई - पीड़ित रोशन अलीअस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद है स्टाफ नर्स रीना वर्मा का अजब गजब कारनामा - पीड़ित रोशन अली**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केमहर्षि वशिष्ठ स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध ओपेक चिकित्सालय कैली बस्ती में तैनात स्टाफ नर्स रीना वर्मा पर मरीजों से दुर्व्यवहार व मरीजों की देख-रेख में लापरवाही / मनमानी करने का आरोप लगा है जिसको लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व जिले के अन्य जिम्मेदार अधिकरियों से शिकायत की गई है और मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर डियूटी के दौरान मरीजों के साथ मनमानी करने वाली स्टाफ नर्स रीना वर्मा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की




गई है ।आपको बता दें कि विकासखण्ड हरैया निवासी रोशन अली ने दिनांक 27.02.2026 को पीड़ित ने अपने सुपुत्र शोएब अली को महर्षि वशिष्ठ स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध ओपेक चिकित्सालय कैली बस्ती में पी0आई0सी0यू0 वार्ड में भर्ती कराया था जिसका आई0पी0डी0 नं0-5425 है। दोपहर में लगभग 2:00 बजे से डियूटी पर (वार्ड में ) तैनात स्टाफ नर्स रीना वर्मा शाम को सुई लगवाने के लिए सारे मरीज को एक साथ अपने कक्ष में बुला रही थी उसी क्रम में पीड़ित के मरीज को भी बुलाया गया और स्टाफ नर्स द्वारा कहा गया कि बच्चे को यही ले आओ मैं सूई यहीं लगा दूंगी तब पीड़ित ने स्टाफ नर्स से कहा कि मरीज IPD का है। उसे बोतल भी लगा हुआ है आप वही आकर सुई लगा दीजिए तो वह नाराज होने लगी और पीड़ित से कहा कि तुम जावो जब मुझे समय मिलेगा तो मैं आ कर सुई लगा लगाउंगी और स्टाफ नर्स रीना वर्मा ने पीड़ित के मरीज को सुई नही लगाई ।

सूत्रों की माने तो यदि कोई मरीज अस्पताल परिसर में भर्ती है तो क्रमवार स्टाफ नर्स को मरीज के बेड पर जाकर सुई लगाना चाहिए परन्तु PIC वार्ड में ऐसा नहीं है। वहाँ जितने भी बच्चे भर्ती है सबको स्टाफ नर्स रीन वर्मा अपने कक्ष में बुलाकर सुई लगाती हैं। पुनः अगले दिन शाम को जब पीड़ित के बच्चे को बुलाया तो पीड़ित ने उसका सख्त विरोध किया तो स्टाफ नर्स रीना वर्मा ने पीड़ित को धमका रही थी और कह रही थी कि मैं यहीं कि रहने वाली हूँ मेरा घर अस्पताल के बगल में है तुम मेरा कुछ नहीं कर सकते हमारा जो मन कहेगा हम वही करूंगी । जिस पर यह बड़ा सवाल है कि क्या उ0प्र0 के सभी चिक्तिसालयों में वहां के लोकल मरीजो का ही इलाज सम्भव है दूर दराज से आने वाले मरीजो का इलाज नहीं होता है ? पीड़ित ने स्टाफ नर्स रीना वर्मा के व्यवहार से क्षुब्ध होकर अपने मरीज की छुट्टी कराकर महर्षि वशिष्ठ स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध ओपेक चिकित्सालय कैली बस्ती से लेकर अन्य अस्पताल में चला गया क्योंकि पीड़ित को डर था कि स्टाफ नर्स रेनू वर्मा द्वारा मेरे बच्चे को गलत इंजेक्शन न लगा दिया जाय। पीड़ित रोशन अली ने कहा कि स्टाफ नर्स रीना वर्मा का अजब गजब कारनामा सीसीटीवी कैमरे में कैद है यदि सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निष्पक्ष जांच हो जाए तो मरीजों के साथ इलाज में मनमानी करने वाली स्टाफ नर्स रीना वर्मा का काला कारनामा का फर्दाफाश हो सकता है और भविष्य में होने वाली बड़ी घटना को रोका जा सकता है ।

## बलरामपुर के दुल्हनिपुर जंगल के पास कार पेड़ से टकराई:चालक घायल, एयरबैग ने बचाई सवारों की जान



बलरामपुर जिले के दुल्हनिपुर जंगल के पास एक मारुति कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में कार चालक घायल हो गया, जबकि अन्य सवारों को मामूली चोटें आई।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार अचानक अनियंत्रित हो गई और तेज रफ्तार में पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन का एक पहिया पूरी तरह टूट गया। हालांकि, कार में लगे एयरबैग समय पर खुल गए, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया और कार सवारों की जान बच गई।घटना की सूचना तत्काल 108 एंबुलेंस सेवा और 112 पुलिस हेल्पलाइन को दी गई। सूचना मिलते ही एंबुलेंस और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। एंबुलेंस ने सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।फिलहाल, सभी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# तेज रफ्तार केटीएम ने बाइक सवार को मारी टक्कर हुई मौत, परिजनो मे मचा कोहराम

**●टेमा चौराहे पर तेज रफ्तार केटीएम की टक्कर से युवक की मौत, परिजनों ने दी तहरीर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के थाना नगर क्षेत्र के टेमा चौराहे पर 27 फरवरी की शाम हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पत्नी पुनिता द्वारा थाना नगर में दी गई लिखित तहरीर के अनुसार, उनके पति मनोज कुमार गौड़, उम्र लगभग 35 वर्ष, निवासी ग्राम टेमा, थाना नगर, जनपद बस्ती, जो श्रीराम फाइनेंस कंपनी कुसौरा में कार्यरत थे,शुक्रवार शाम करीब सात बजे मोटर साइकिल संख्याU P 51BV2805 से कलवारी से अपने घर आ रहे थे। अभी वह खुटहन / टेमा चौराहे पर वह अपने माता-पिता को सब्जी देने के लिए रुके थे।तहरीर में आरोप लगाया गया है कि इसी दौरान केटीएम बाइक संख्या U P51BV6162 का चालक, सूरज गुप्ता पुत्र मनोज गुप्ता निवासी रानीपुर बेलाड़ी थाना नगर बस्ती जो तेजी और लापरवाही से वाहन चला रहा था, ने मनोज कुमार गौड़ की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गए। साथी



केटीएम बाइक पर पीछे बैठे अमरेश पुत्र राजदेव शर्मा निवासी बिगहिया थाना नगर जनपद बस्ती सहित तीनों लोग घायल हो गए हो गए आसपास के लोगों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल बस्ती ले जाया गया, जहां हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने मनोज गौड़ को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। रास्ते में ही उनकी स्थिति बिगड़ गई और चिकित्सकों ने उन्हें मृत हो गयी ।सूचना पर पहुंची नगर पुलिस ने पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में थाना अध्यक्ष नगर भानु प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक के पत्नी के तहरीर के आधार पर आरोपी चालक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है वहीं घटना के बाद परिवार कोहराम मचा हुआ है और क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# बस्ती में बड़ी पहलः राजन इंटरनेशनल एकेडमी में शुरू से फ्री एडमिशन, कॉपी-किताब पर 50% छूट के साथ सत्र 2025-26 प्रवेश प्रारम्भ

**●- शुरुआत से निःशुल्क एडमिशन की परंपरा 7 कॉपी-किताब पर 50% की विशेष छूट 7 20 किमी तक परिवहन सुविधा 7 गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सर्वांगीण विकास पर फोकस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** जनपद में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अपनी अलग पहचान बना चुकी राजन इंटरनेशनल एकेडमी में शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। विद्यालय प्रबंधन ने एक बार फिर अभिभावकों को बड़ी राहत देते हुए स्पष्ट किया है कि एकेडमी में शुरू से ही एडमिशन पूरी तरह निःशुल्क रहा है और इस वर्ष भी यह परंपरा जारी रहेगी। इतना ही नहीं, विद्यार्थियों की शैक्षणिक सामग्री पर भी विशेष सुविधा दी जा रही है। कॉपी और किताबों पर 50 प्रतिशत की छूट उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे अभिभावकों को आर्थिक रूप से



काफी सहूलियत मिलेगी। विद्यालय प्रशासन का कहना है कि उनका उद्देश्य शिक्षा को अधिक से अधिक सुलभ और किफायती बनाना है। प्रबन्ध निदेशक शिखा चतुर्वेदी ने बताया कि एकेडमी बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। आधुनिक शिक्षण पद्धति, डिजिटल क्लासरूम और अनुभवी शिक्षकों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी माहौल के अनुरूप तैयार किया जाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा तक सीमित न रहकर व्यक्तित्व निर्माण का माध्यम बननी चाहिए।

कार्यकारी निदेशक संजीव पाण्डेय ने कहा कि अभिभावकों का भरोसा ही संस्था की सबसे बड़ी ताकत है। पिछले चार वर्षों में जिन अभिभावकों ने अपने पाल्यों को एकेडमी से जोड़ा, वे आज पूरी तरह संतुष्ट हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय में प्रत्येक छात्र पर व्यक्तिगत ध्यान दिया जाता है, जिससे उसकी शैक्षणिक और नैतिक दोनों प्रकार की प्रगति सुनिश्चित हो सके। प्रधानाचार्य सानू एंटोनो ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष भी एडमिशन फीस पूरी तरह फ्री रहेगी और वार्षिक फीस में किसी प्रकार की बढ़ोतरी नहीं की गई है। साथ ही 20 किलोमीटर की परिधि से विद्यार्थियों को लाने-ले जाने के लिए सुरक्षित परिवहन सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, संस्कार और आत्मविश्वास के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

विद्यालय में समय-समय पर विज्ञान प्रदर्शनी, खेल महोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम, वाद-विवाद प्रतियोगिता सहित कई रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इन आयोजनों से छात्रों की छुपी प्रतिभा को मंच मिलता है और उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि प्रवेश सीमित सीटों के आधार पर किया जाएगा। अभिभावकों से अपील की गई है कि वे समय रहते नामांकन प्रक्रिया पूर्ण कर लें। राजन इंटरनेशनल एकेडमी ने एक बार फिर यह साबित किया है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, किफायती व्यवस्था और सर्वांगीण विकास के साथ बच्चों का भविष्य संवारना ही उनकी प्राथमिकता है।

# पखवाड़ा बीता सरकारी जमीन पर कब्जा जस-का-तस विभाग कार्रवाई से कोसो दूर

**●-लालच में राजस्व विभाग के कार्यशैली पर उठ रहे सवाल**

**-दमड़ी के भाव दान किए जा रहे सरकारी जमीन सुविधा शुल्क लेकर विभाग ने बंद किया अपना मुंह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के सबसे बड़ी तहसीलहरैया तहसील अंतर्गत राजस्व गांव बैरहना में गाटा संख्या 42 एवं 43 की जमीन पर बने कोठी को खाली कराना विभाग के गले का फांस बनता जा रहा है । उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देने के बावजूद राजस्व विभाग द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नही किया गया है । ग्रामिणो ने विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि भूमाफिया कर्मचारी को दमड़ी



का लालच दिखा कर अपने मनसुबे में कामयाब होते नजर आ रहे हैं ।पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी संबंधित अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।ग्रामीणों का आरोप है कि मामले की लिखित शिकायत उच्च अधिकारियों को देने के बावजूद राजस्व विभाग ने न तो स्थलीय निरीक्षण किया और न ही कब्जा हटाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए। इससे विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।गांव के लोगों का कहना है कि दबंग भूमाफिया कर्मचारियों को लालच/अपने पहुंच का भय दिखाकर कानून को मसलने की बात करते है। यहां जनता की बाते सही साबित हो रही है । आठ जुलाई 2020 की शिकायत और फरवरी 2026 की शिकायतो पर यदि हरैया तहसील प्रशासन कार्रवाई की होती तो बुद्ध सागर पांडे को दुबारा डीएम को शिकायत नही देना पड़ता दबंग भूमाफिया हरिश्चंद्र पाण्डे तथा नारायण पाण्डे का भय पूरे गांव में इस कदर व्याप्त है कि वह सबको कीडा मकोड़ा समझता है । सरकारी कर्मचारी को मसलने तक की बाते भी करते ग्रामीणो ने अपने कानो से सुना है । जो उन लोगों ने मीडिया को बताया है । चर्चा यह भी है कि 'सुविधा शुल्क' के चलते सरकारी जमीन को दमड़ी के भाव दान किए जाने जैसा माहौल बना हुआ है और जिम्मेदार विभाग चुप्पी साधे हुए है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर अवैध कब्जा तत्काल हटाया जाए तथा दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस गंभीर प्रकरण को कितनी गंभीरता से लेता है और सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए कब तक प्रभावी कदम उठाए जाते हैं।

# होलिका दहन से पूर्व मातृ शक्तियों का उधोगपति ने किया सम्मान हजारों साड़ियां वितरित

**●मुख्य अतिथि सुरेश पासी एवं विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला सहित सैकड़ों संभ्रांत जन रहे मौजूद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार अमेठी।** होली के पावन पर्व पर क्षेत्र में सामाजिक समरसता और महिला सम्मान का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। राजपूत राइस मिल के मालिक, ठाकुर अजीत विजय सिंह आईटीआई के प्रबंधक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता उधोगपति महेंद्र विजय सिंह द्वारा हजारों मातृ शक्तियों को उपहार स्वरूप साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 184 विधानसभा जगदीशपुर के विधायक सुरेश पासी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला उपस्थित रहे।अपने संबोधन में विधायक सुरेश पासी ने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, सौहार्द और



सामाजिक एकता का संदेश देने वाला उत्सव है। उन्होंने महेंद्र विजय सिंह की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मातृ शक्तियों का सम्मान भारतीय संस्कृति की पहचान है और ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शुकुल बाजार व्यापार मंडल के अध्यक्ष पंडित राम उंजेरे शुक्ला, आदर्श इंटर कॉलेज के प्रबंधक जयसिंह चंदेल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख दद्दन सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष शंकर बख्श सिंह, मंडल महामंत्री उदय नारायण मिश्रा, मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा, प्रशांत शुक्ला, विनय चौरसिया, प्रधान सतीश मिश्रा, ठेकेदार समर बहादुर सिंह सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।साड़ी वितरण के दौरान महिलाओं के चेहरे पर प्रसन्नता साफ झलक रही थी। उपस्थित मातृ शक्तियों ने इस सम्मान के लिए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अनुशासन और सुव्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे पूरे आयोजन का वातावरण उत्साहपूर्ण और गरिमामय बना रहा।होली के अवसर पर आयोजित यह भव्य कार्यक्रम क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त संदेश दे रहा है।

# सरस्वती शिशु मंदिर शुकुल बाजार में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव

**●बच्चों द्वारा सांस्कृतिक मनमोहक प्रस्तुति दी गई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार, अमेठी।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सरस्वती शिशु मंदिर शुकुल बाजार में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का मनोहारी प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेश पासी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में रोहित चौधरी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और विद्यार्थियों



की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों के सर्वांगीण विकास को नई दिशा मिलती है।विद्यालय के व्यवस्थापक प्रबंधक दिनेश कौशल एवं प्राचार्य ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने अतिथियों का अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष डॉ ओंकारनाथ सिंह, भाजपा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, जिला सहसंयोजक मीडिया विभाग एवं वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा, विश्व हिंदू परिषद जिला कार्यकारी अध्यक्ष अवधेश मिश्रा, विश्व हिंदू परिषद के प्रतिनिधि विश्व प्रकाश शुक्ला, जिला प्रतिनिधि विनय चौरसिया सहित सैकड़ों संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम में देशभक्ति गीत, नृत्य, नाट्य मंचन एवं सांस्कृतिक झांकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज को सकारात्मक संदेश दिया।मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि चरित्र निर्माण और संस्कारों का समावेश ही वास्तविक शिक्षा है। विद्यालय परिवार द्वारा किए जा रहे शैक्षिक एवं सांस्कृतिक प्रयासों की उन्होंने भूरि-भूरि प्रशंसा की।अंत में प्राचार्य ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन का श्रेय विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों को दिया। पूरे कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित एवं प्रभावी रहा, जिससे आयोजन की गरिमा और बढ़ गई।

# रंगों से होली में आँखों की सुरक्षा आवश्यक-: डॉ मनीष त्रिपाठी

**● विशेषज्ञ ने दी सावधानी बरतने की सलाह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुलबाजार,अमेठी।** रंगों का पर्व होली जहाँ उमंग और उत्साह का संदेश देता है, वहीं रासायनिक रंग आँखों के लिए नुकसानदायक भी सिद्ध हो सकता है इस विषय में जानकारी देते हुए एस आर हॉस्पिटल एंड नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कालेज बस्ती के नेत्र विभाग के अध्यक्ष (एचओडी)डॉ मनीष त्रिपाठी ने आमजन को होली के दौरान आँखों की विशेष



देखभाल करने की सलाह दी है उन्होंने बताया कि बाजार में उपलब्ध अधिकांश रंगों में हानिकारक रासायनिक तत्व जैसे मरकरी सल्फाइड,रेड लीड कॉपर सल्फेट मैलाकाइट ग्रीन जैसे हानिकारक रसायन होते हैं, जो आँखों में जाने पर जलन, लालिमा, एलर्जी, संक्रमण तथा कॉर्निया को क्षति पहुँचा सकते हैं। कई मामलों में दृष्टि प्रभावित होने का भी खतरा रहता है।आँखों की सुरक्षा के लिए विशेषज्ञ की सलाह होली खेलते समय सुरक्षात्मक चश्मे का प्रयोग अवश्य करें।रासायनिक रंगों की बजाय हर्बल अथवा प्राकृतिक रंगों का चयन करें। रंग आँखों में पड़ जाने पर आँखों को न रगड़ें, तुरंत स्वच्छ पानी से धो लें। कॉन्टैक्ट लेंस पहनकर होली खेलने से बचें।आँखों में लगातार जलन, दर्द या धुंधलापन होने पर तुरंत नेत्र रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। श्री त्रिपाठी ने कहा कि थोड़ी-सी सावधानी अपनाकर होली को सुरक्षित और आनंददायक बनाया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे आँखों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें और किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत चिकित्सकीय परामर्श अवश्य लें।

# महाराजगंज तराई में प्रशासनिक लापरवाही का बड़ा खुलासा

**●नाली का गंदा पानी बना जानलेवा, रोज़ हो रहे हादसे - पीडब्ल्यूडी की चुप्पी पर उठे सवाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जनपद के महाराजगंज तराई क्षेत्र में ललिया रोड स्थित महाराजगंज थाना मोड़ से आगे मुश्ताक की दुकान के पास लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की सड़क इन दिनों गंभीर बदहाली का शिकार है। कस्बे का गंदा पानी नाली से निकलकर सीधे सड़क पर बह रहा है और भाखड़ा रोड तक फैल चुका है। हालात यह हैं कि सड़क पर गहरा गड्ढा बन गया है, जो राहगीरों के लिए मौत का गड्ढा साबित हो रहा है।

**रोज़ाना हादसे, फिर भी जिम्मेदार खामोश**

स्थानीय लोगों के अनुसार आए दिन दर्जनों लोग फिसलकर घायल हो रहे हैं। दोपहिया वाहन सवार अक्सर गिर जाते हैं, जबकि कई बार चारपहिया वाहन भी पलटने की नौबत आ चुकी है। बरसात और रात के



समय स्थिति और भयावह हो जाती है, जब पानी से भरे गड्ढे दिखाई तक नहीं देते।

**'निकास नहीं है' कहकर विभाग झाड़ रहा पल्ला**

ग्रामीणों ने कई बार लोक निर्माण विभाग बलरामपुर से शिकायत की, लेकिन विभाग का तर्क है कि नाली के पानी का कोई स्थायी निकास नहीं है। जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि कागजात में नाली का निकास दर्ज है। सवाल यह उठ रहा है कि यदि कागज़ों में व्यवस्था है तो जमीनी हकीकत में क्यों नहीं?

**मुख्य मार्ग, हजारों लोगों की जीवनरेखा**

लोहेपनिया के पूर्व प्रधान एवं लखनऊ हाईकोर्ट के अधिवक्ता महेंद्र तिवारी ने बताया कि यह मार्ग बलरामपुर, गोंडा और तुलसीपुर जैसे प्रमुख क्षेत्रों को जोड़ने वाला मुख्य संपर्क मार्ग है। प्रतिदिन हजारों लोग इसी सड़क से यात्रा करते हैं। स्कूल जाने वाले बच्चे, मरीज, व्यापारी और आम नागरिक इसी रास्ते पर निर्भर हैं। इसके बावजूद समस्या का समाधान न होना प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है।

**उच्च स्तर पर शिकायत, जनहित याचिका की चेतावनी**


महेंद्र तिवारी ने प्रमुख सचिव राजस्व, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग तथा मुख्यमंत्री कार्यालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो जनहित को देखते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की जाएगी।

**जनता पूछ रही — हादसे का इंतज़ार क्यों?**

शिव सिंह, राजेश, बालमुकुंद, मुस्तफा, रिंकू, सुमित, मुश्ताक सहित दर्जनों नागरिकों ने एक स्वर में कहा कि अगर समय रहते सड़क की मरम्मत और नाली की निकासी की व्यवस्था नहीं हुई, तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है, या फिर जनहित में तत्काल ठोस कदम उठाए जाएंगे?

## संक्षिप्त खबरें

### पारिवारिक विवाद में दो भाइयों में मारपीट दोनों का सिर फूटा




**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के पांडेपुर मजरे विशुनखेड़ा गांव में शनिवार देर रात पारिवारिक विवाद को लेकर दो सगे भाइयों में मारपीट हो गई। दोनों ने एक दूसरे पर हमला किया। दोनों के सिर फट गए। घायल भाइयों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे और शिकायती पत्र दिया।सीताराम ने आरोप लगाया कि वह पानी लगाकर खेत से लौट रहे थे। तभी उनके भाई रामकुमार ने गाली गलौज करते हुए हमला कर दिया। दूसरे पक्ष के रामकुमार ने कहा कि परिवार में पुराना विवाद चल रहा है। शनिवार रात करीब 10 बजे सीताराम ने उनके साथ मारपीट की। कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष थाने आए थे। आपसी बातचीत के बाद समझौता हो गया। दोनों ने सुलह कर ली।

### आवारा कुत्तों ने दो मासूमो को काटकर किया लहूलुहान

**इम्यूनोग्लोबिन दिया गया**

लालगंज (रायबरेली)। कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में रविवार को आवारा कुत्तों ने दो मासूम बच्चों को बुरी तरह काट लिया। दोनों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। झबरा जगतपुर गांव में पवन कुमार के बेटे आयुष पर कुत्ते ने हमला कर दिया। बच्चे के चेहरे को जगह-जगह नोच लिया। वह लहूलुहान हो गया। परिजन घबराकर उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। इमरजेंसी में तैनात डॉ. गौरव पांडे ने बताया कि बच्चे को इम्यूनोग्लोबिन का इंजेक्शन दिया गया है। पूरे देवी पौशाला मोहल्ला में ओमप्रकाश के डेढ़ वर्षीय बेटे कार्तिकेय को भी गली के कुत्ते ने काट लिया। बच्चा घर के बाहर खेल रहा था। अचानक कुत्ते ने हमला कर दिया। बच्चे को तुरंत इलाज के लिए लाया गया।

### अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या पर लखनऊ में तीन दिनों का शोक, काले कपड़े पहन विरोध करेंगे शिया



**लखनऊ।** यूएस-इजरायल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के विरोध में शिया समुदाय के लोग काफी आक्रोशित हैं। आल इंडिया शिया पर्सनल ला बोर्ड की ओर से तीन दिनों के शोक के ऐलान के बाद शिया धर्म गुरु मौलाना यासूब अब्बास ने भी इस संबंध में अपील की। मौलाना यासूब अब्बास ने शिया समुदाय के अपील की और कहा कि खामेनेई की हत्या के विरोध में हम सभी तीन दिनों तक काले कपड़े पहनें। अपने घरों पर काले परचें लहराएं। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई साहब के लिए फातिहा पढ़ें और नज्र करें। इसके साथ ही अमेरिका और इजरायल के कृत्य का पुरजोर विरोध करें। खामेनेई की हत्या के विरोध में रविवार को चौक में बड़ी संख्या में एकजुट हुए लोगों के समर्थन में व्यापारी भी खड़े नजर आए। दरगाह-हजरत अब्बास रोड सहित चौक की कई गलियां सूनीं रहीं। लोगों ने दुकानें नहीं खोलीं। ऐसे में खरीदार भी नहीं निकले। आस-पास के कुछ लोग सामान लेने के आए भी तो उन्हें वापस जाना पड़ा। घर का सामान लेने के निकले नक्खास के अमरेश ने बताया कि दुकानें बंद हैं, इसलिए लौट आए।

**इंसानियत का कत्ल**

इमाम-ए-जुमा आसिफी मस्जिद मौलाना कल्बे जवाद ने कहा कि खामेनेई की हत्या इंसानियत का कत्ल है। इसके विरोध में लोग संगठित हों। देशभर के मुस्लिम समुदाय के लोग एक साथ विरोध जताएं। इंसानियतपरस्त अन्य लोग भी इसमें शामिल हों।

**कायराना हरकत** शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि अमेरिका और इजराइल ने कायराना हरकत की है। विश्व के सबसे बड़े शिया नेता की इस तरह हत्या करना, नाइंसाफी है। दुनिया के सभी मुसलमान इसके विरोध में आएं और अपनी आवाज बुलंद करें।

# मिश्रिख में पंचकोसीय परिक्रमा के दौरान पांच दिवसीय विशाल भंडारे का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**मिश्रिख (सीतापुर)** धार्मिक आस्था और सेवा भावना के पावन अवसर पर महर्षि दधीचि जनकल्याण सेवार्थ सनातन धर्म सेवा रजि. द्वारा मिश्रिख में आयोजित प्रथम पंचकोसीय परिक्रमा के अवसर पर लगातार पांच दिनों तक विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह भंडारा परिक्रमा मार्ग स्थित ज्ञान सागर क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए संचालित हो रहा है। पंचकोसीय परिक्रमा में दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं के लिए भोजन, जलपान एवं विश्राम की समुचित व्यवस्था की गई है। भंडारे में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से सेवा कार्य किया जा रहा है।

समिति के अध्यक्ष अपूर्व पांडेय (वरिष्ठ पत्रकार, मिश्रिख) ने बताया कि परिक्रमा में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की सेवा करना ही संस्था का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की परंपरा में सेवा और सहयोग की भावना सर्वोपरि है, और इसी भाव के साथ यह आयोजन किया जा रहा है। समिति के संरक्षक महर्षि श्री स्वामी श्री विमलानंद सरस्वती जी के मार्गदर्शन में यह भंडारा सुचारु रूप से संचालित हो रहा है। इस पुनीत कार्य में आशीष मोहन मिश्रा, पत्रकार कौशलेंद्र त्रिपाठी, लालता यादव, नीरज यादव (पत्रकार), विशाल मिश्रा, विवेक सिंह चौहान, अश्वनी मिश्रा, श्यामा मौर्य, अरविंद पांडेय सहित अनेक श्रद्धालु सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

भंडारे में श्रद्धालुओं के बैठने, पेयजल एवं स्वच्छता की विशेष व्यवस्था की गई है। परिक्रमा मार्ग पर सेवा कार्यों को देखकर श्रद्धालुओं ने समिति की सराहना की और आयोजकों को साधुवाद दिया। धार्मिक आस्था, सेवा और सहयोग की भावना से परिपूर्ण यह आयोजन पंचकोसीय परिक्रमा में श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।वही सिधौली रोड क्रासिंग पर प्रदीप सिंह, राजेश्वरी स्कूल के पास सोनू सागर, चन्दूपुर में महर्षि दधीचि आश्रम की तरफ से शिवसागर यादव विशाल भंडारे किये जा रहे है।

### यूपी में चढ़ने लगा पारा, लखनऊ-बनारस में होली तक चलेंगी 'आंधी' जैसी तेज हवाएं!

लखनऊ। प्रदेश के कई जिलों में अभी से ही तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। रात सर्द हैं, लेकिन दिन में तेज धूप खिल रही है। मार्च की शुरुआत से होली के दिन तक दिन के समय 20-30 किमी/घंटा की गति से पृथ्वी की सतह पर तेज उत्तरी-पश्चिमी हवाएं चलने की संभावना हैं। हालांकि, इनसे दिन के अधिकतम तापमान पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा।

**अभी सक्रिय नहीं है कोई मौसम तंत्र**

आगामी एक सप्ताह के दौरान प्रदेश में कोई सक्रिय मौसम तंत्र नहीं होने के कारण इस सप्ताह के अंत तक अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में 2-3 सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोत्तरी होने की संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के लखनऊ स्थित आंचलिक कार्यालय के वरिष्ठ विज्ञानी डॉक्टर अतुल कुमार सिंह ने बताया इसके चलते तापमान सामान्य से अधिक बना रहेगा। इस पछुआ हवा की तेज गति का प्रभाव ज्यादातर पश्चिमी हिस्से में ही रह सकता है।

**आज आसमान साफ रहने का अनुमान**

बात आज के मौसम की करें तो 1 मार्च को लखनऊ, कानपुर, बरेली, गोरखपुर, अयोध्या, प्रयागराज, आगरा, हाथरस, मुरादाबाद, सहारनपुर, मेरठ, शामली, बागपत, बनारस और पूर्वी उत्तर प्रदेश में दो दिनों तक सोमवार और मंगलवार को हवा तेज रह सकती है। बुधवार से इसकी गति कम होना शुरू हो जाएगी और चौथे दिन मंद हो जाएगी।

# एस एस आई देवेंद्र सिंह भदौरिया ने प्रशस्ति पत्र देकर होमगार्ड को किया सम्मानित




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**महराजगंज/रायबरेली:** विगत माह की भांति इस माह भी 1 मार्च 2026 को लोगों के प्रति अच्छा कार्य व्यवहार अच्छी ड्यूटी एवं साफ सुथरा वर्दी से प्रभावित होकर एस एस आई देवेंद्र सिंह भदौरिया व पी.सी. इंद्रमणि सिंह द्वारा होमगार्ड अशोक कुमार मिश्रा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आपको बता दें कि, प्लाटून कमांडर इंद्रमणि सिंह चौहान ने यह जानकारी देते हुए बताया कि, महीने के 1 तारीख को एक महीने के बेहतर कार्य व्यवहार साफ सुथरा वर्दी तथा समय से ड्यूटी करने के मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव द्वारा हर महीने एक व्यक्ति को सम्मानित किया जाता है, इसी क्रम में आज 1 मार्च को कोतवाली परिसर महराजगंज में एस एस आई देवेंद्र सिंह भदौरिया के द्वारा होमगार्ड अशोक कुमार मिश्रा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर पी.सी. रमेश मौर्या, होमगार्ड रामदास यादव, रामयश मौर्या, रामकुमार यादव, रामसुफल यादव, दिनेश सिंह, सुरेश यादव, रामराज यादव, रामकुमार सिंह, रामप्रताप यादव, लाल मोहम्मद,शिवकरन यादव, कमलाकांत शास्त्री, शिवशंकर मिश्रा, रमेश मिश्रा अनुज सिंह, राजेश कुमार सिंह, मेवालाल, रमापति बाजपेई, रामप्रकाश सहित आदि उपस्थित रहे।

# ओवरटेक के चक्कर में बाइक व ई रिक्शा की आमने- सामने टक्कर

● **महिला समेत पांच घायल, मासूम बचा।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लालगंज (रायबरेली)।** नगर के बांदा बहराइच मार्ग पर सेमरपहा गांव के निकट एक बाइक और ई-रिक्शा की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। भोजपुर निवासी राजेंद्र प्रसाद ई-रिक्शा से दो सवारियां लेकर कस्बा आ रहे थे। उन्होंने बताया कि सामने से आ रही बाइक ने पिकअप वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी बीच बाइक सीधे उनके ई-रिक्शा से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा सड़क किनारे खड्ड में पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा चालक समेत उसमें सवार हैबतपुर खुर्द निवासी राधेश्याम और उनके भाई बाबूलाल भी चोटिल हो गए। बाइक सवार सरेनी क्षेत्र के झोथरा खेड़ा गजपति खेड़ा निवासी राजेंद्र उनकी बहन गुड़िया दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। गुड़िया लासा खेड़ा की रहने वाली हैं। उन्होंने बताया कि वह अपने भाई के साथ दो माह के मासूम बच्चे अयांश का इलाज कराकर घर लौट रही थी। गलत दिशा में आकर ई रिक्शा ने टक्कर मार दी। गनीमत रही कि हादसे में उनका बच्चा बाल-बाल बच गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने राजेंद्र प्रसाद, राधेश्याम और बाबूलाल की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### लखनऊ में ई-रिक्शा में सवार युवती के साथ चालक ने की छेड़छाड़, जान बचाने के लिए चलती गाड़ी से कूदी

**लखनऊ।** ई-रिक्शा से घर लौट रही युवती के साथ चालक ने छेड़छाड़ की। युवती ने हिम्मत दिखाते हुए चलती गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने उसे सुरक्षित घर पहुंचाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने बताया कि वह लखनऊ से ड्यूटी कर शुक्रवार शाम घर लौट रही थी। करीब साढ़े आठ बजे वह सैदापुर चौराहे पर पहुंची, जहां यूपी 32 क्यूटी 8099 नंबर का ई-रिक्शा खड़ा था। उसने चालक से बदैया चलने को कहा, जिस पर वह तैयार हो गया। आरोप है कि गनेशपुर मोड़ के पास पहुंचते ही चालक ने उसका हाथ पकड़कर खींचा और बदसलूकी करने लगा। डरी सहमी युवती ने तत्काल चलती ई-रिक्शा से छलांग लगा दी, जिससे उसे चोटें आईं। इसके बाद उसने मदद के लिए शोर मचाया। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक चालक ई-रिक्शा लेकर फरार हो चुका था। ग्रामीणों ने युवती को घर तक पहुंचाया। प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# दधीचि कुंड पर भव्य सन्यासी पूजन सम्पन्न, देशभर से पहुंचे श्रद्धालु- गूंजे वैदिक मंत्र और जयघोष

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**मिश्रिख/सीतापुर** तीर्थ नगरी नैमिष क्षेत्र स्थित पावन स्थल दधीचि कुंड पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सन्यासी पूजन कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा, आस्था और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। प्रातःकाल से ही कुंड परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दूर-दराज के क्षेत्रों से आए भक्तों ने पवित्र सरोवर में स्नान कर पूजन-अर्चन किया और संत-महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दधीचि कुंड के प्रधान पुजारी राहुल शर्मा द्वारा विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण, पूजन एवं महाआरती के साथ किया गया। शंखध्वनि, घंटानाद और वैदिक ऋचाओं की गूंज से समूचा वातावरण भक्तिमय हो उठा। प्रधान पुजारी ने बताया कि सन्यासी पूजन की यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसका उद्देश्य सनातन संस्कृति और संत परंपरा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करना है। पूजन कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सहित अन्य कई प्रांतों से आए यजमानों ने भाग लिया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन कर डंडी सन्यासियों का अभिनंदन किया। स्थानीय गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों एवं समिति के पदाधिकारियों द्वारा संत-महात्माओं को अंगवस्त्र, प्रसाद और दक्षिणा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संतों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्म, सेवा और सदाचार का संदेश देते हुए समाज में एकता और सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। स्वयंसेवकों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु जलपान, बैठने की व्यवस्था एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा गया। सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

सन्यासी पूजन के इस पावन अवसर पर 'हर-हर महादेव' और 'जय श्रीराम' के जयघोष से दधीचि कुंड परिसर गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं का उत्साह और संतों का सान्निध्य इस आयोजन को और अधिक दिव्य एवं अविस्मरणीय बना गया। आयोजकों ने बताया कि आने वाले वर्षों में भी इसी प्रकार भव्य रूप से सन्यासी पूजन का आयोजन किया जाता रहेगा, ताकि धार्मिक परंपराओं का संरक्षण और संवर्धन होता।

# अब होगा 'गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध' का शंखनाद

● **11 मार्च को लखनऊ में धर्मयुद्ध के शंखनाद की घोषणा।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रयागराज।** ज्योतिष पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरा नन्द जी नेआज वाराणसी में पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि स्वयं को असली हिन्दू के रूप में प्रतिष्ठापित करने या नकली हिन्दू के रूप में ख्यापित होने के लिये आदित्यनाथ योगी को दिए गए 40 दिनों के समय में से 30 दिन पूर्ण हो चुके हैं। पूर्व में 11वें दिन और 21वें दिन की गई प्रेस वार्ताओं के माध्यम से उन्हें निरंतर सचेत किया गया था, किंतु अत्यंत खेद का विषय है कि पिछले 10 दिनों में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं हुआ है।उन की विदेश यात्रा उनकी शिथिलता का बहाना नहीं हो सकती। हमारे द्वारा दिए गए –गोमाता को राज्यमाता घोषित करने और उत्तरप्रदेश से बीफनिर्यात पर पूर्णतया प्रतिबन्ध लगाने जैसे दो मुख्य कार्यों (ञ्हुह्यद्म) और गोहत्या निरोध में सहयोगी 'पंचसूत्रीय माँगपत्र' पर उनकी सरकार, सत्ताधारी दल और उनके उत्तरदायी नेताओं की चुप्पी उनकी गो-भक्त विरोधी मानसिकता को अब तक तो पुष्ट करती ही नजर आ रही है। या यूं कहें कि अब सारी अपेक्षाएँ शेष 9-10 दिनों पर टिकी हैं।

**अहिंसक और वैचारिक धर्मयुद्धः।**

शंकराचार्य हम स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि यह 'गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध' पूर्णतः अहिंसक और वैचारिक होगा। हमारा अस्त्र 'शास्त्र और संवाद' है, 'हिंसा' नहीं। हम सत्ता को उसकी नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी का स्मरण कराने हेतु शांतिपूर्ण मार्ग से सात मार्च को क्रमशः लखनऊ की ओर 'गोप्रतिष्ठार्थ धर्मयुद्ध शंखनाद यात्रा' के माध्यम से प्रस्थान करेंगे। यदि इन 9-10 दिनों में निर्णय नहीं हुआ, तो इसकी समस्त जिम्मेदारी योगी आदित्यनाथ, प्रदेश सरकार, संबंधित राजनीतिक दल और उनके नेतृत्व की होगा। काशी के शंकराचार्य घाट पर 'गो-ब्राह्मण प्रतिपालक' वीर शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर गंगामाता की पूजा कर वैचारिक गोप्रतिष्ठार्थ धर्मयुद्ध शंखनाद का संकल्प लिया जाएगा।

2. प्रस्थान एवं आध्यात्मिक ऊर्जा (7 मार्च): प्रातः 8:30 बजे श्री विद्या मठ से प्रस्थान। काशी के प्रसिद्ध संकटमोचन मंदिर में संकटमोचन हनुमानाष्टक, हनुमान चालीसा और बजरंग बाण के पाठ के साथ विघ्नों के नाश की प्रार्थना कर यात्रा का श्रीगणेश होगा।

**3. यात्रा मार्ग एवं जनसभाएँ:**

7 मार्चः जौनपुर (सभा), सुल्तानपुर (सभा) से होते हुए रायबरेली में (सभा एवं) रात्रि विश्राम।

8 मार्चः रायबरेली से मोहनलालगंज (सभा), लालगंज (सभा), अचलगंज (सभा) होते हुए उन्नाव में (सभा एवं ) रात्रि विश्राम।

9 मार्च- उन्नाव, बांगरमऊ (सभा), बघौली (सभा) होते हुए नैमिषारण्य में (सभा एवं) रात्रि विश्राम।

10 मार्चः नैमिषारण्य से सिधौली (सभा), इटौंजा (सभा) होते हुए लखनऊ सीमा में प्रवेश एवं रात्रि विश्राम ।

निर्णायक शंखनादः लखनऊ कार्यक्रम ॥

तिथिः 11 मार्च 2026 (शीतला अष्टमी) समयः दोपहर 2:15 बजे (आगमन) से सायं 5:00 बजे तक

स्थानः कांशीराम स्मृति सांस्कृतिक स्थल, लखनऊ

मुख्य आकर्षणः मंगलाचरण, गोमय गणेश पूजन, गो- ध्वज प्रतिष्ठा और 'धर्मयुद्ध शंखनाद' सहित विद्वानों-सन्तों-गोभक्तों के वाग्बाण के अनुभव का अवसर होगा। सत्ता की उदासीनता गौ-भक्तों के धैर्य की परीक्षा ले रही है। 11 मार्च का लखनऊ आगमन शासन की अंतिम चेतावनी सिद्ध होगा।

# जन आरोग्य मेला में 17 मरीजों की हुई जांच

● **दीं गईं मुफ्त दवाइयां एवं परामर्श।**

**ज्यादातर सांस रोग, जुकाम, बुखार व स्किन,पेट दर्द एवं क्षय रोग के आये मरीज**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बिसवां (सीतापुर)।** रविवार 01 मार्च को जहांगीराबाद स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर दोपहर दो बजे तक कुल सत्रह मरीज आये जिनमें ज्यादातर मरीज सांस रोग से पीड़ित थे।खांसी जुकाम बुखार,लीवर, पेट दर्द तथा स्किन व क्षय रोग से संबंधित थे। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अंशुमान शुक्ला ने बताया कि आज पीएचसी पर कुल 17 मरीज आए हैं जिनमें पांच सांस रोग से पीड़ित थे तथा चार मरीज पेट दर्द व तीन मरीज स्किन रोग व दो अन्य क्षय रोग से पीड़ित थे।

दो मरीज सुगर व एक मरीज दांत दर्द का आया जिन्हें लक्षण के आधार पर अस्पताल से मुफ्त दवाइयां दी गईं। डा0 शुक्ल ने बताया कि यहां तैनात फार्मासिस्ट सप्ताह में मात्र तीन दिन मंगलवार, वृहस्पतिवार व शनिवार को ही जहांगीराबाद पीएचसी पर रहते हैं बाकी के दिनों में वह देवकलिया पीएचसी पर ड्यूटी करते हैं। इस मौके एल0 टी0 रावेन्द्र कुमार यादव, स्टाफ नर्स दीप्ति शर्मा व सहायक सरला देवी व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मोतीलाल मौजूद थे।

# अधिवक्ता सुभाष चंद्र मिश्रा हत्याकांड पर उबाल, बार एसोसिएशन हर्रैया ने सौंपा ज्ञापन; प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**बस्ती।** बस्ती केतहसील मुख्यालय हर्रैया स्थित बार एसोसिएशन हर्रैया ने अधिवक्ता सुभाष चंद्र मिश्रा की निर्मम हत्या के विरोध में जोरदार आवाज उठाते हुए प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति को संबोधित उप जिला मजिस्ट्रेट हर्रैया को ज्ञापन सौंपा गया, इस ज्ञापन में दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की गई है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उमाकांत तिवारी 'एडवोकेट' के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद गोंडा निवासी अधिवक्ता सुभाष चंद्र मिश्रा की नृशंस हत्या ने पूरे अधिवक्ता समाज को झकझोर दिया है। यह घटना केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं, बल्कि न्याय व्यवस्था पर सीधा आघात है। यदि अधिवक्ता ही असुरक्षित रहेंगे तो आमजन का न्याय प्रणाली से विश्वास उठ जाएगा।

ज्ञापन में प्रमुख मांग की गई है कि हत्याकांड की उच्च स्तरीय एवं समयबद्ध जांच कराकर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को कम से कम 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए। बार एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेश में तत्काल प्रभाव से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग दोहराते हुए कहा कि लगातार हो रही हमलों की घटनाओं से अधिवक्ताओं में भय और असुरक्षा का वातावरण बन गया है। अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसरों में पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था और संवेदनशील मामलों में विशेष सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने की भी मांग की। ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यदि शीघ्र एवं ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो अधिवक्ता समाज लोकतांत्रिक और संवैधानिक दायरे में रहकर आंदोलन करने को बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

इस अवसर पर अध्यक्ष उमाकांत तिवारी 'एडवोकेट' ने कहा कि अधिवक्ता समाज न्याय व्यवस्था की रीढ़ है। 'हम कानून और संविधान की मर्यादा में रहकर न्याय की लड़ाई लड़ते हैं। यदि अधिवक्ताओं पर हमले होंगे और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जाएगी, तो यह लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है। सरकार को अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाने होंगे,' उन्होंने कहा।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री अमरनाथ पांडे एडवोकेट, रघुवंश लाल एडवोकेट, यशवंत सिंह एडवोकेट, पवन वर्मा एडवोकेट, अभिमन्यु सिंह एडवोकेट, रामजी वर्मा एडवोकेट, ओमप्रकाश पांडे एडवोकेट, इंद्रजीत सिंह एडवोकेट, सौरभ सिंह एडवोकेट, अरुण पांडे एडवोकेट, हृदयराम एडवोकेट, अजेय कुमार गौतम एडवोकेट, मनोज कुमार आजाद एडवोकेट, तौफीक अहमद एडवोकेट सहित सैकड़ों की संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में हत्याकांड की निंदा करते हुए दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर दंड देने की मांग की।

अधिवक्ताओं ने कहा कि यदि अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए सशक्त कानून नहीं बनाया गया तो ऐसी घटनाएं दोहराई जाती रहेंगी। इसलिए प्रदेश सरकार को शीघ्र निर्णय लेते हुए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करना चाहिए। साथ ही जिला प्रशासन से अपेक्षा की गई कि वह इस गंभीर मामले में प्रभावी पैरवी कर न्याय दिलाने में सहयोग करेबार एसोसिएशन हर्रैया ने ज्ञापन के माध्यम से स्पष्ट किया है कि अधिवक्ता समाज अपने साथी के सम्मान और सुरक्षा के मुद्दे पर पूरी तरह एकजुट है। न्याय व्यवस्था की गरिमा बनाए रखने और कानून के राज को सशक्त करने के लिए शासन से त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की अपेक्षा की गई है।

### इंडियन पैरामेडिकल एसोसिएशन आजमगढ़ द्वारा विधायक पूजा सरोज के माध्यम से मुख्यमंत्री को दिया गया ज्ञापन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**आजमगढ़।** इंडियन पैरामेडिकल एसोसिएशन द्वारा पराचिकित्सकों एवं ग्रामीण चिकित्सकों की समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। एसोसिएशन का मानना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर आकस्मिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में पराचिकित्सकों एवं ग्रामीण चिकित्सकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, जिसे नकारा नहीं जा सकता। वैश्विक महामारी COVID-19 के कठिन दौर में जब कई जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उच्च स्तरीय चिकित्सा संस्थान संसाधनों की कमी से जूझ रहे थे, उस समय पराचिकित्सकों एवं ग्रामीण चिकित्सकों ने अपनी जान जोखिम में डालकर आमजन को प्राथमिक उपचार एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। उनकी सेवाओं से बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हुए और महामारी से निपटने में महत्वपूर्ण सहयोग मिला। एसोसिएशन माननीय मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ, से आग्रह करती है कि उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं एवं स्वास्थ्य विभाग के दिशा-निर्देशों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पराचिकित्सकों को सशक्त भूमिका प्रदान की जाए।

साथ ही पराचिकित्सकों एवं ग्रामीण चिकित्सकों के हो रहे उत्पीड़न को रोकते हुए उन्हें सम्मानजनक कार्य वातावरण उपलब्ध कराया जाए। एसोसिएशन की प्रमुख मांगें निम्नलिखित हैं– पराचिकित्सकों एवं अनुभवशील ग्रामीण चिकित्सकों को प्राथमिक उपचार करने का विधिक अधिकार प्रदान किया जाए। नर्सिंग एवं पैरामेडिकल के प्रत्येक विभाग में शीघ्र भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। अनुभवशील ग्रामीण चिकित्सकों को शासन द्वारा अधिकृत जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं मान्यता प्राप्त चिकित्सालयों में 6 से 32 माह का प्रशिक्षण प्रदान कर प्राथमिक उपचार की स्वीकृति दी जाए। स्वास्थ्य संबंधी रोगों से बचाव हेतु जन-जागरूकता अभियानों में पराचिकित्सकों को प्राथमिकता दी जाए। पराचिकित्सकों एवं ग्रामीण चिकित्सकों को सम्मानपूर्वक 'चिकित्सा मित्र' का दर्जा दिया जाए तथा उन पर हो रहे प्रशासनिक उत्पीड़न को तत्काल रोका जाए। इंडियन पैरामेडिकल एसोसिएशन आशा करती है कि प्रदेश सरकार पराचिकित्सकों एवं ग्रामीण चिकित्सकों के योगदान को ध्यान में रखते हुए उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सकारात्मक एवं ठोस कदम उठाएगी, जिससे प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सके।इस अवसर पर अवधेश विश्वकर्मा, सन्तोष विश्वकर्मा, रामकेश यादव, मुकेश यादव, विवेक प्रकाश, भानू प्रताप एच.जी.विश्वकर्मा आदि के साथ बड़ी संख्या में मित्रगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### 60 लीटर अवैध शराब के साथ तस्कर दबोचा

**देवरिया।** अपराध एवं शराब तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत खामपार पुलिस ने ग्राम छपिया मोड़ के पास निर्माणाधीन ओवरब्रिज के निकट एक चारपहिया वाहन से 7 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की। वाहन छेवरोलेट स्पार्क पर फर्जी नंबर प्लेट बी आर 01एफबी 4026 लगी थी, जबकि सही नंबर बीआर 01बी एफ 0426 पाया गया। तलाशी में 336 पाउच 8 P M (प्रत्येक 180 एमएल) कुल 60.48 लीटर शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 41 हजार रुपये बताई गई है। मौके से बिहार के गोपालगंज निवासी गोविन्दा यादव को गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध थाना खामपार में मु0अ0सं0 39/2026 के तहत धारा 341(2) बीएनएस एवं 60/72 आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### संगठन को मजबूत करने के लिए गांवों में जनजागरण पंचायतें की जाएगी आयोजित



**देवरिया।** भारतीय किसान यूनियन जिला इकाई की ओर से सिंचाई विभाग डाक बंगले पर होली मिलन कार्यक्रम व बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही ने की। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। प्रदेश उपाध्यक्ष विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि होली आपसी भाईचारे और एकता का पर्व है। संगठन को मजबूत करने के लिए गांवों में जनजागरण पंचायतें आयोजित की जाएंगी, जिससे अधिक किसान जुड़ सकें। जिलाध्यक्ष शाही ने तहसीलों में भ्रष्टाचार और किसानों के कार्यों में धन की मांग का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई। उन्होंने घोषणा की कि 16 मार्च को सदर तहसील में किसान समस्याओं को लेकर तहसीलदार कार्यालय पर किसान पंचायत आयोजित की जाएगी। बैठक में जिला व युवा पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### डहरौली स्थित बीपीसीएल पेट्रोल पंप पर दिन-दहाड़े लूट

**रूद्रपुर, देवरिया।** कोतवाली क्षेत्र के डहरौली स्थित बीपीसीएल के पेट्रोल पंप पर दिनदहाड़े तमंचे के बल पर लुटेरों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 4 बजे पेट्रोल पंप पर सेल्समेन सचिन साहनी काम कर रहा था तभी दो मोटरसाइकिलों पर सवार छह युवक पहुंचे। जिनमें से दो युवकों ने सेल्समेन को पकड़ लिया और तमंचे के बल पर पैसों से भरा बैग लेकर मोटरसाइकिल से फरार हो गये। घटना को लेकर जारी एक वीडियो की माने तो घटना करने वाले युवकों ने अपने मुंह बांध रखे थे और गाड़ी के नंबर प्लेट को ढक रखा था। सूत्रों से मेरी जानकारी के अनुसार बैग में लगभग 8 हजार 400 रुपए थे। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की छानबीन में जुट गई है। कोतवाल कल्याण सिंह सागर ने बताया कि घटना के अनावरण के लिए पुलिस टीम लगा दी गई है। एसओजी और सर्विलांस टीम भी अपराधियों को पकड़ने के लिए भरपूर प्रयास कर रही है। शीघ्र ही घटना का पर्दाफाश हो जायेगा।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, युवक की मौत

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे ट्रैक्टर की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम पारौल निवासी हरपाल पुत्र फूलचंद्र कुशवाहा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 19 फरवरी 2026 की रात करीब 10.40 बजे उनका पुत्र हेमंत अपने साथी पंकज के साथ मजदूर लेने ग्राम पठा गया था। लौटते समय ग्राम कुरौरा में मस्जिद के पास उनके दोस्त रामफल और अजय मिल गए। इसी दौरान नाराहट की ओर से गांव के मुस्ताक खां पुत्र हल्के अपना ट्रैक्टर-ट्रॉली तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए आया और मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ललितपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने हेमंत को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य तीन घायलों को झांसी रेफर किया गया है। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक मुस्ताक खां के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 और 106 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# राम जानकी सड़क मार्ग पर देवकली के पास खुलेआम बिक रहा मांस-मछली

**● भीड़ और कुत्तों के जमावड़े से मंडरा रहा हादसे का खतरा**

**खतरे में पड़ा राजकीय यूनानी चिकित्सालय का अस्तित्व**

**आईजीआरएस शिकायत पर गोला पुलिस की रिपोर्ट पर उठे सवाल, कार्रवाई के दावे हवा-हवाई....**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोलाबाजार गोरखपुर–** गोला उपनगर के वार्ड संख्या 16 देवकली में राम जानकी सड़क मार्ग के किनारे खुलेआम मांस और मछली की बिक्री से गंभीर हालात पैदा हो गए हैं। यूनानी चिकित्सालय के सामने हाईवे से सटे हिस्से पर मुर्गा-बकरा काटकर मांस और मछली बेची जा रही है। एक तरफ तो लोगो को स्वास्थ्य लाभ देने वाले अस्पताल का अस्तित्व खतरे में पड़ा है दूसरी तरफ मांस के टुकड़ों के कारण बड़ी संख्या में कुत्ते भी इकट्ठा रहते हैं, जिससे सड़क मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार वाहनों के बीच यह स्थिति कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। प्राप्त विवरण के अनुसार सड़क के किनारे खून और मांस के अवशेष फैले रहते हैं, जिससे दुर्गंध उठती है और आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है। राहगीरों, महिलाओं, बुजुर्गों और मरीजों को विशेष रूप से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि यह सब राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे खुलेआम हो रहा है, जबकि नियमानुसार हाईवे के पास इस तरह की बिक्री प्रतिबंधित है। मामले में आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। आरोप है कि शिकायत के निस्तारण में गोला पुलिस की ओर से रिपोर्ट लगाते हुए दर्शाया गया कि अतिक्रमण हटवा दिया गया है और बिक्री बंद करा दी गई है। जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि मौके पर आज भी धड़ल्ले से मांस और मछली की बिक्री जारी है। अपलोड की गई फोटो को भी ग्रामीणों ने वास्तविक स्थान से अलग बताया है, जिससे पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे हो रही इस बिक्री को तत्काल बंद कराया जाए और दुकानों को अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। उनका कहना है कि न तो स्वच्छता के मानकों का पालन हो रहा है और न ही वैध कागजात दिखाए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन और नगर पंचायत के मिली भगत का आरोप लगाया है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी गोला वैभव चौधरी ने कहा कि लिखित शिकायत मिलने पर होली के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

**देवरिया।** बाबा राघवदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। यह कार्यशाला विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश के सहयोग से संपन्न हुई, जिसमें शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की।

मुख्य अतिथि पद्मश्री सम्मानित वैज्ञानिक रामचेत चौधरी ने काला नमक चावल को जीआई टैग मिलने का उदाहरण देते हुए शोध व नवाचार के महत्व पर बल दिया। प्रो. बी.जी. साही ने कृषि विज्ञान संकाय में परास्नातक पाठ्यक्रम शुरू होने से बढ़ी शोध संभावनाओं की चर्चा की।

प्राचार्य प्रो. प्रताप नारायण सिंह ने पेटेंट, कॉपीराइट और ट्रेडमार्क जैसे अधिकारों को नवाचार की सुरक्षा का आधार बताया। तकनीकी सत्र में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय सहित विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

# आगामी पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न





**●होली पर्व को शांति व सौहार्द के साथ मनाने की थानाध्यक्ष ने की अपील**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना परिसर में रविवार को थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह के अध्यक्षता में आगामी पर्व होली को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में सभी से होली पर्व को शांति व सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई। थानाध्यक्ष ने सभी से आगामी त्यौहार के दौरान कानून व्यवस्था एवं सांप्रदायिक सौहार्द्र बनाए रखने के लिए अपील किए। उन्होंने सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि आप सभी होली पर्व को आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ मनाएं। आगामी पर्व में यदि किसी के द्वारा सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया तो पुलिस उनके साथ सख्ती से पेश आएगी। उन्होंने कहा कि त्योहारों में खलल डालने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। थानाध्यक्ष ने कहा कि होली का त्योहार शांति व सौहार्द के साथ मनाएं ऐसे में होली में हुड़दंग मचाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान चौकी प्रभारी अरूण कुमार सिंह, विजय नाथ यादव, मोहन पासवान, गुड्डू खान, अमरनाथ यादव, अब्बास, समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# उनवल में रेलवे स्टेशन निर्माण को लेकर आंदोलन तेज

**●इस प्रकरण पर जन प्रतिनिधियों की चुप्पी से बौखलाई जनता**

**आगामी चुनावों में जन प्रतिनिधियों को इस का भुगतान पड़ेगा खामियाजा**

**नगर पंचायत व क्षेत्र के लोग सड़क पर उतरे और जनप्रतिनिधियों पर अपनी उतारे गुस्सा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**खजनी, गोरखपुर।** सहजनवां-दोहरीघाट रेलवे लाइन पर प्रस्तावित उनवल रेलवे स्टेशन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। नगर पंचायत उनवल और आसपास के गांवों के लोगों ने स्टेशन को मूल स्थान के बजाय तीन किलोमीटर दूर बनाए जाने की कवायद पर कड़ा विरोध जताया है। रविवार को संघर्ष समिति के बैनर तले बाजार में प्रदर्शन कर लोगों ने जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि सर्वे के दौरान स्टेशन के लिए उनवल में स्थान चिन्हित किया गया था, लेकिन बाद में इसे बदलने की साजिश रची गई। उनका कहना है कि उनवल क्षेत्र मतदाताओं की दृष्टि से बड़ा क्षेत्र होने के बावजूद विकास योजनाओं में उपेक्षित रहा है। पहले सिक्स लेन और फोर लेन सड़क से दूर रखा गया और अब रेलवे स्टेशन भी यहां से हटाया जा रहा है।

लोगों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो आगामी चुनाव में जनप्रतिनिधियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। संघर्ष समिति के सदस्यों ने कहा कि स्टेशन उनवल में बनने से क्षेत्र के विकास और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इसके लिए वे मुख्यमंत्री, सांसद और विधायक से मिलकर ज्ञापन सौंपेंगे। प्रदर्शन में सूर्य प्रकाश पांडेय, मनोज साहनी, विनोद यादव, रामनरेश, ओमप्रकाश मद्धेशिया, शब्बू खान सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# जमीन के नाम पर 5 लाख की ठगी, जान से मारने की धमकी

**●खजनी पुलिस ने वांछित अभियुक्त को दबोचा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी–** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर डॉ कौस्तुभ के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना खजनी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जमीन बेचने के नाम पर पाँच लाख रुपये हड़पने तथा रुपये वापस मांगने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी व क्षेत्राधिकारी खजनी के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जयन्त कुमार सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 रामदयाल यादव व टीम ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 18/26, धारा 318, 338, 336(3), 340(2), 351(3), 352 बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। अभियुक्त को दिनांक 01.03.2026 को समय 12:13 बजे घर के बाहर तारा मण्डल सिद्धार्थ इन्क्लेव क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के उपरांत आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

**क्या है पूरा मामला?**

वादी के अनुसार अभियुक्त ने जमीन बेचने का झांसा देकर पाँच लाख रुपये ले लिए। जब वादी ने अपनी धनराशि वापस मांगी तो अभियुक्त ने न केवल पैसा लौटाने से इंकार किया, बल्कि गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अभियुक्त को दबोच लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

विकास पुत्र खदेरु, निवासी ग्राम परसौनी, थाना खजनी, जनपद गोरखपुर

**आपराधिक इतिहास**

मु0अ0सं0 18/26 धारा 318, 338, 336(3), 340(2), 351(3), 352 बीएनएस थाना खजनी, जनपद गोरखपुर। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में धोखाधड़ी एवं आपराधिक गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। किसी भी प्रकार की ठगी या धमकी की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई ।

# समाजवादी पार्टी का PDA जन चौपाल कार्यक्रम हुवा आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मनकापुर (गोंडा):–** समाजवादी पार्टी के सपा नेता हफीज मलिक के नेतृत्व मे गौरा चौकी बाजार स्थित पीडीए जनसंपर्क कार्यालय पर पीडीए जन चौपाल सभा का आयोजन किया गया जिसमे पार्टी के पदाधिकारियों सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने शामिल होकर सपा के नीतियों एवं निर्देशों सहित अन्य जानकारी को प्राप्त किया जनसभा को सम्बोधित करते हूए सपा नेता हफीज मालिक कहा कि आज भाजपा के सरकार मे नौजवान बेरोजगार है जनता परेशान है समाजवादी पार्टी की सरकार थी तो प्रदेश मे हर जगह विकास हुवा हमारी सरकार के द्वारा उत्तर प्रदेश मे डायल 100, 108,एम्बुलेंस सेवा सहित इंटर मीडियट परीक्षा उत्तीर्ण स्कूली बच्चो को लेपटॉप वितरण सहित कई महत्वपूर्ण विकास कार्य किया गया है किसानो के हितो के लिए कई लोक कल्याण कारी योजनाएँ संचालित कर किसानो को खुशहाल करने का काम किया गया था हमारे सपा शासन काल मे धर्म जाति से ऊपर उठकर प्रदेश के सभी महिला पुरषों को समान रूप से सम्मान देने का काम किया था। आगे उन्होंने कहा कि एस आई आर का काम इस समय चल रहा है ऐसे मे पार्टी के कार्यकर्ताओ से अपील किया कि आप लोग मिलकर इस कार्य मे सहयोग करके सभी वर्ग के जनता को मतदाता लिस्ट मे नाम जोड़वाने का काम करे। और आगामी विधानसभा चुनाव आरहा है आप लोग आज से ही अपने अपने बूथ पर मजबूती से जनता के बीच लग कर पार्टी के नीतियों को जन जन तक पहुचा कर हमारे अपने लोक प्रिय नेता अखिलेश यादव के हाथो को मजबूत बनाकर आने वाले विधानसभा चुनाव मे सपा के सरकार को ज्यादा से ज्यादा मतदान कराकर अखिलेश यादव को मुख्य मंत्री बनाने का कार्य करे। जब उत्तर प्रदेश मे सपा सरकार बनेगी तभी प्रदेश मे खुशहाली आएगी और बेरोजगारी, सहित अन्य समस्याए प्रदेश से खत्म होगा। इस अवसर पर सैकड़ों पार्टी के क्षेत्रीय पदाधिकारियों सहित कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# धूमधाम से संपन्न हुआ क्षत्रिय समाज का होली मिलन कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर–** तारामंडल रोड स्थित क्षत्रिय भवन प्रताप सभागार में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एवं प्रताप सभागार फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वाधान में होली मिलन समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह तथा ट्रस्ट की ओर से इंजीनियर योगेंद्र सिंह ने की, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष डॉ. दिनेश सिंह सारथी ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. शिव शंकर शाही ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. रामावतार चंद ने पूर्व में आयोजित वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने की बात कही।

महानगर महामंत्री इंद्रजीत सिंह चंदेल ने होली के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व भक्त और भगवान के अटूट विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि सत्य की असत्य पर विजय का संदेश देने वाला यह त्योहार प्रह्लाद और भगवान नरसिंह की कथा से जुड़ा है। वहीं नरसिंह प्रसाद सिंह ने श्रीकृष्ण और राधारानी की होली का उल्लेख करते हुए इसे सामाजिक समरसता और प्रेम का प्रतीक बताया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष राम मोहन शाही, महानगर अध्यक्ष यूपीएन सिंह, प्रदेश महामंत्री अश्वनी कुमार सिंह, इंजीनियर राजेश्वर सिंह, अभय चंदेल, सीबी सिंह, व्यास बंधू सिंह, संदीप बिसेन, राम नारायण सिंह, मानवेन्द्र सिंह, राजकुमार सिंह, प्रवीण सिंह, इंद्रजीत सिंह श्रीनेत, इंद्रजीत सिंह कौशिक, एडवोकेट अशोक सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह में समाज की एकजुटता और आपसी सौहार्द का संदेश दिया।

### बच्चों के खेल हुए विवाद, को लेकर बड़ो में हुआ भीषण मार पीट, तीन नामजद पर मुकदमा हुआ दर्ज

**गोलाबाजार गोरखपुर–** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम डडवापार में बच्चों में खेल खेलने के दौरान हुए आपस में मामूली विवाद को लेकर बड़ों में भीषण मारपीट हो गई। घटना की लिखित सूचना पर गोला पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीएनएस की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। प्राप्त विवरण के अनुसार डड़वापार निवासी सूरज यादव ने पुलिस को तहरीर में बताया कि उनके घर के सामने कुछ बच्चे कंचा खेल रहे थे और वह खुद भी वहीं बैठे थे। इसी दौरान बच्चों में खेल को लेकर विवाद हो गया और कंचों को लेकर छीना-झपटी होने लगी। आरोप है कि इसी बात को लेकर गांव के ही अंकित यादव, संतोष यादव और अर्जुन यादव वहां पहुंचे और कहासुनी के बाद मारपीट करने लगे। पीड़ित के अनुसार मारपीट में उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। थाना प्रभारी राकेश रोशन सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### मामूली कहासुनी बनी मारपीट, युवक घायल

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र में मामूली कहासुनी के बाद हुई मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि चार लोगों ने मिलकर एक युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम बम्हौरी बहादुर सिंह निवासी विन्द्रावन पुत्र शंकर रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 25 फरवरी 2026 को वह अपने घर के बाहर खड़ा था। उसी दौरान गांव के ही कुछ लोग वहां आए और पुरानी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। पीड़ित का आरोप है कि देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने उसे गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। घटना के दौरान आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने थाना महरौनी में तहरीर दी। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# सरकारी जमीन पर चला आरा, प्रतिबंधित गूलर के पेड़ काटे जा रहे

**● वन माफिया बेखौफ, अधिकारी मौन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोण्डा।** विकास खंड पंडरी कृपाल के सोनापार ग्राम पंचायत में अधिकारियों की मिलीभगत से हरियाली का हो रहा सौदा । विकास खंड पंडरी कृपाल की ग्राम पंचायत सोनापार सिरहना के प्राइमरी स्कूल के पास में सरकारी भूमि पर खड़े प्रतिबंधित गूलर के पेड़ों की खुलेआम कटान ने प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि वन माफियाओं और जिम्मेदार अधिकारियों की सांठगांठ के चलते दिनदहाड़े हरियाली पर आरा चलाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी जमीन पर वर्षों से खड़े गूलर के हरे-भरे पेड़ों को बिना किसी वैधानिक अनुमति के काटकर ट्रैक्टर-ट्रालियों से उठाया जा रहा है, लेकिन वन विभाग और स्थानीय प्रशासन पूरी तरह आंख मूंदे बैठा है।सबसे हैरानी की बात यह है कि प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ों की कटान की सूचना दिए जाने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंचना तक जरूरी नहीं समझ रहे हैं। इससे साफ प्रतीत होता है कि पूरे खेल को प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है।क्षेत्र में चर्चा है कि लकड़ी माफिया सरकारी संपत्ति को ठिकाने लगाकर पर्यावरण और राजस्व दोनों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं, जबकि जिम्मेदार अधिकारी मौन साधकर तमाशबीन बने हुए हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों एवं शासन स्तर तक की जाएगी।इस सम्बन्ध में क्षेत्रीय रेंजर से सम्पर्क किया गया लेकिन पक्ष से जानकारी नहीं मिल सकी।

# रमज़ान में गरीबों की मदद करना हर मुसलमान का फर्ज़ : मौलाना अजमत अली खां नूरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



विकास खंड पचपेड़वा अंतर्गत कोहरगड्डी स्थित सुन्नी मदीना मस्जिद में माह-ए-रमज़ान की फज़ीलत पर एक प्रभावशाली तकरीर का आयोजन किया गया। मस्जिद के ईमाम मौलाना अजमत अली खां नूरी ने रोज़े की अहमियत और गरीबों की मदद पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रमज़ान सिर्फ भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं, बल्कि सब्र, परहेज़गारी और इंसानियत का महीना है। मौलाना ने कहा कि एक रोजेदार को अपने पेट के साथ-साथ अपनी आंख, कान, नाक और जुबान का भी रोजा रखना चाहिए। रोजे की हालत में झूठ बोलना, चुगली करना या किसी के लिए गलत शब्द कहना हराम है। अगर रोजेदार अपनी जुबान पर काबू नहीं रखता, तो उसका रोजा अल्लाह की बारगाह में कबूल नहीं होता। उन्होंने आगे कहा कि रमज़ान गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करने का महीना है। खुदा का हुक्म है कि हर मुसलमान अपनी हैसियत के अनुसार जरूरतमंदों की सहायता करे। जब तक पड़ोसी के घर में खाने का इंतजाम न हो, तब तक इफ्तार का असली मकसद पूरा नहीं होता। जिस व्यक्ति के पास माल-ए-हैसियत है, उसे ज़कात अदा करनी चाहिए, क्योंकि ज़कात समाज में बराबरी और भाईचारे को मजबूत करती है। तकरीर के दौरान मस्जिद के सदर अल्हाज इनाम अहमद खान, खजांची अल्हाज इकराम अहमद खान, अफजाल अहमद खान, जलाल अहमद खान, जमाई, गुलाम रब्बानी, सलीम अख्तर, नसीम अहमद, सैफुर्रजा नूरी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सभी ने रमज़ान के पाक महीने में इबादत और इंसानियत के रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में मुल्क में अमन-चैन और भाईचारे की दुआ की गई तथा लोगों से अपील की गई कि वे नमाज़, कुरान की तिलावत और नेक अमल के जरिए अपने किरदार को बेहतर बनाएं।

# बस से उज्जैन जा रहे युवकों के साथ रास्ते में मारपीट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना जखौरा के अंतर्गत ग्राम लागौन के पास बस से धार्मिक यात्रा पर जा रहे दो युवकों के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर गांव के ही चार दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम नौहरखुर्द निवासी मोहित पुत्र अशोक सेन ने पुलिस को बताया कि 27 फरवरी 2026 की रात वह अपने साथी रामलखन के साथ बालाजी इंदौर बस सेवा द्वारा उज्जैन जा रहे थे। रात करीब 8.40 बजे जब बस ग्राम लागौन के पास पहुँची, तभी गांव के आकाश पुत्र प्रान सिंह लोधी, विपिन पुत्र रोशन, साहिल पाटकार पुत्र छोटेलाल और विजय पुत्र हरलाल वहां आए और मोहित को अकारण गालियां देने लगे। जब मोहित ने गाली देने का विरोध किया, तो चारों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मोहित के साथ यात्रा कर रहे रामलखन ने जब बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उसे भी पीटा और दोनों को जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। पुलिस ने इस मामले में चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 351 (3) व 352 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

### रामपुर कारखाना थाने का वार्षिक निरीक्षण, व्यवस्थाएं परखी गईं

**देवरिया।** पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ करने के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आनन्द पाण्डेय ने थाना रामपुर कारखाना का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय अभिलेख, अपराध पंजिका, लंबित विवेचनाएं, मालखाना प्रबंधन, हवालात सुरक्षा और साफ-सफाई की स्थिति की समीक्षा की गई। पुराने माल मुकदमाती के समयबद्ध निस्तारण तथा मालखाना अभिलेखीकरण को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। हवालात में बंदियों की सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था की जांच की गई। शस्त्रागार में शस्त्रों के रखरखाव तथा सीसीटीएनएस प्रणाली में ऑनलाइन डेटा प्रविष्टि की स्थिति की भी समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर एवं थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### होलिका दहन स्थलों पर पालिकाध्यक्ष ने डलवाई लकड़ियां



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** दिनांक 01मार्च 2026 को नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला ने नगर के सभी होलिका दहन स्थलों को पालिका कर्मचारियों के साथ निरीक्षण कर पालिका कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि,' होलिका दहन स्थलों की साफ-सफाई ,प्रकाश के साथ होलिका दहन के लिए लकडियों की व्यवस्था पिछड़े साल की भांति की जाए।इस अवसर पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, रविन्द्र कटियार, सफाई नायक संजय कुमार, दिलीप कुमार, राहुल बाल्मीकि, नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### निघासन पुलिस की बड़ी कार्रवाई: घाघी नदी खैरानी पर 1500 लीटर लहन नष्ट



**बहादुर उपनिरीक्षक राजेंद्र तिवारी ने शराब माफिया को लगाया तगड़ा झटका!**

**निघासन, लखीमपुर खीरी।** जनपद लखीमपुर की तहसील निघासन क्षेत्र में थाना निघासन पुलिस ने अवैध शराब के धंधे पर धमाकेदार छापेमारी की। बहादुर उपनिरीक्षक राजेंद्र तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घाघी नदी के खैरानी घाट पर छिपे शराब माफिया के अड्डे को ध्वस्त कर दिया। कुल पांच थैलियों में भरी लगभग 1500 लीटर अवैध लहन को नष्ट किया गया, साथ ही शराब बनाने के सारे उपकरणों को चूर-चूर कर दिया।यह कार्रवाई उपनिरीक्षक राजेंद्र तिवारी, दीवान और कांस्टेबलों की साहसिक टीम वर्क का शानदार उदाहरण है। सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंची टीम ने माफिया के नेटवर्क को चौंका दिया। राजेंद्र तिवारी की बहादुरी और फुर्ती से कोई भी आरोपी भागने का साहस नहीं जुटा सका। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में सामग्री जब्त की, जो इलाके में फैल रहे नशे के जाल को तोड़ने में मील का पत्थर साबित होगी।निघासन थाना प्रभारी ने बताया कि यह अभियान अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है। क्षेत्रवासियों ने पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि उपनिरीक्षक राजेंद्र तिवारी जैसे बहादुर अफसरों की वजह से अब माफिया सिहरने लगे हैं। आगे भी ऐसी कार्रवाइयां जारी रहेंगी, ताकि नशामुक्त भारत का सपना साकार हो सके।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से घर के बाहर खेल रही दो वर्षीय बच्ची की मौके पर मौत

**ट्रैक्टर चालक मौके से फरार, ट्रैक्टर को पुलिस ने लिया अपने कब्जे में।**



**गोला गोकर्णनाथ (खीरी)** नीमगांव थाना क्षेत्र के बिलहरी गांव में रविवार करीब 3 बजे एक दुखद घटना में दो वर्षीय बच्ची की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी, तभी यह हादसा हुआ।जानकारी के अनुसार, बिलहरी गांव निवासी दीनदयाल की लगभग दो वर्षीय पुत्री अवनी घर के दरवाजे पर खेल रही थी। खेलते हुए वह अचानक सड़क पर आ गई। इसी दौरान सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।ट्रैक्टर का पहिया बच्ची के ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही सिकंदराबाद चौकी प्रभारी बृजेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। नीमगाँव थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार गौतम भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू की। थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार गौतम ने बताया कि फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है प्रारंभिक जांच के अनुसार ट्रैक्टर चालक गांव का ही निवासी है। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। मासूम की मौत से परिजनों में गहरा शोक व्याप्त है।

## स्कूल बस के टूटे फर्श से गिरी मासूम छात्र की पहिये से कुचलकर मौत, चालक ने बेहोश समझकर सीट पर लिटाए रखा

● जर्जर थी बस, प्रबंधन और परिवहन विभाग की लापरवाही से गई जान

● भाई चीखता रहा, चालक ने लहूलुहान बच्ची को लिटा दिया सीट पर



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**अलीगढ़।** परिवहन विभाग और स्कूल प्रबंधन की लापरवाही ने शनिवार को सात वर्ष की मासूम की जान ले ली। कई दिन से दौड़ रही अनफिट स्कूल बस को विभाग और स्कूल प्रबंधन रोक न सका। बस का फर्श तक टूटा हुआ था। स्कूल प्रबंधन भी इसके प्रति बेपरवाह रहा। नतीजा बड़े हादसे के रूप में सामने आया।

ब्रेकर पर बस उछली तो टूटे फर्श से नीचे गिरी यूकेजी की छात्रा को पिछले पहिये ने कुचल दिया। बस में मौजूद भाई सहित छह बच्चे चीखने लगे। चालक ने छात्रा को बेहोश समझकर सीट पर लिटा दिया। बच्ची में जान न देख गुस्साए ग्रामीणों ने चालक को पीटकर पुलिस के हवाले कर दिया। बस को तिरछा खड़ा कर जाम लगा दिया और दो घंटे तक हंगामा किया। इसे शांत करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

**छुट्टी से लौटते समय हुआ हादसा**

जनसेवा केंद्र संचालक रवि कुमार के बच्चे माउंट देव इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ते हैं। सात वर्षीय बेटी अनन्या केजी और बेटा गोलू तीसरी कक्षा का छात्र है। दोनों भाई-बहन स्कूल की बस से आते-जाते थे। शनिवार को छुट्टी होने पर चालक चंद्रपाल बस में 50 बच्चों को लेकर रवाना हुआ। अनन्या कंडक्टर साइड की ओर सीट पर भाई के साथ बैठी थी। दोपहर करीब ढाई बजे गांव नगला बंजारा के निकट ब्रेकर पर बस उछली तो अनन्या बस के टूटे फर्श के हिस्से में होकर नीचे जा गिरी और पिछले पहिये के नीचे आ गई। भाई के चीखने पर चालक ने बस रोकी।

लहुलूहान अनन्या को लाकर सीट पर लिटा दिया। चालक ने रवि को फोन पर बच्ची के घायल होने की जानकारी दी। वह तत्काल मौके पर पहुंचे। बच्ची को मृत देख वह बिलख उठे। ग्रामीणों को आता देख चालक बस छोड़कर भागा तो ग्रामीणों ने दबोच लिया। बस को छर्रा-कासगंज मार्ग पर तिरछा खड़ा कर जाम लगा दिया।

सीओ छर्रा संजीव कुमार तोमर द्वारा कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देने पर लोग लोग शांत हुए। थाना प्रभारी गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया कि बस कब्जे में ले ली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा। एआरटीओ प्रवर्तन प्रवेश कुमार का कहना है कि बस का पंजीयन कासगंज में था। घटनास्थल भी कासगंज जनपद है। 11 माह पहले जब फिटनेस प्रमाण पत्र दिया गया था, तब बस की स्थिति ठीक थी। बस संचालक ने परमिट व बीमा का नवीनीकरण नहीं कराया है। दोनों समाप्त हो गए थे। बस का पंजीयन अब निरस्त कराया जाएगा।

## होली सो होली अब भरो प्रेम की झोली रंगों का पर्व होली की सभी को शुभकामनाएं डा गंगवार

● नवाबगंज ब्लॉक परिसर में धूमधाम से मनाया गया होली समारोह आयोजक डा ए के गंगवार



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बरेली/नवाबगंज।** ब्लॉक परिसर में रविवार को होली मिलन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक प्रमुख प्रज्ञा गंगवार एवं उनके प्रतिनिधि डॉ. एके गंगवार की ओर से किया गया। समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, बीडीसी सदस्यों तथा गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे परिसर में रंग-गुलाल की खुशबू और ढोल-नगाड़ों की थाप पर लोगों की झूमती टोलियां आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली की शुभकामनाएं दीं। क्षेत्रीय विधायक डॉ. एमपी आर्य ने उपस्थित लोगों को और क्षेत्रवासियों को होली की बधाई दी। उन्होंने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। ब्लॉक प्रमुख प्रज्ञा गंगवार ने भी सभी क्षेत्रवासियों से प्रेम और एकता के साथ होली मनाने की अपील की। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. एके गंगवार और महिला मोर्चा की जिला महामंत्री मीनाक्षी गंगवार ने आए हुए सभी ग्राम प्रधानों और बीडीसी सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार ने असत्य पर सत्य की जीत का पर्व होली सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ मनाएं साथ ही सौहार्द बनाए रखें होली का पर्व यही संदेश देता है होली सो होली अब आपस में भरो प्रेम की झोली। मौके पर, निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य शशि कपूर, सुरेंद्र वीर गंगवार, टी आर गंगवार, नीतीश उपाध्याय, शीशपाल शर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख विनोद दिवाकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लेखराज गंगवार, रियाज गुड्डू अंसारी, नफीस अहमद, बबलू गंगवार, हरपाल फौजी, मुकेश दिवाकर, अजय गंगवार, ठाकुर विनय सिंह, सत्येंद्र मोहन, समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## प्रधान और पंचायत सचिव की मिलीभगत से पुरानी ईट लगवाकर इंटर लॉकिंग निर्माण कार्य कराए जाने के आरोप

● स्वयं ग्राम प्रधान की माँ ने खोली प्रधान और पंचायत सचिव के भ्रस्टाचार की पोल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी** विकासखंड बांकेगंज की ग्राम पंचायत हरहुआ में मनरेगा योजना से कराए जा रहे इंटरलॉकिंग निर्माण कार्यों में मानकों को ताक पर रखकर घटिया सामग्री से गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में बॉक्सिंग की चुनाई में केवल बालू का प्रयोग किया जा रहा है और इस इंटरलॉकिंग बॉक्सिंग में खड़ंजे की निकली हुई पुरानी ईटों का एक रददा लगवा कर सरकारी धन का बंदरबाट किया जा रहा है। यह आरोप मैं नहीं स्वयं ग्राम प्रधान की माता द्वारा लगाया जा रहा है। इतना ही नहीं इंटरलॉकिंग में नीचे डाले जाने वाले रोडा में खड़ंजे की निकली ईटों को तुड़वाकर उसका रोडा डाला जा रहा है ।जबकि इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य के लिए तैयार किए गए एस्टीमेट में प्रथम श्रेणी की ईट और रोडा सीमेंट बालू मौरंग का प्रयोग किए जाने का उल्लेख किया गया है तो फिर खड़ंजे से निकाली पुरानी ईटों को तुड़वाकर उसका रोडा क्यों और किस सक्षम अधिकारी के आदेश से डाला जा रहा है ?किस अधिकारी के आदेश से पुरानी ईटों और दोयम दर्जे की ईटों से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस भ्रष्टाचार की पोल खोलते हुए प्रधान की मां ने बताया कि पुराने खड़ंजे की ईटों का एक रददा लगवाया गया है और बालू से चुनाई की जा रही है। जो रोडा नीचे डाला गया है वह भी पुरानी ईटों का ही है ।उपरोक्त खेल प्रधान और पंचायत सचिव की मिली भगत से खेला जा रहा है। इस मामले में ए.डी. ओ. पंचायत बांकेगंज को भी अवगत कराया गया। लेकिन ऑ ए डी ओ पंचायत साहब ने भी मौके का निरीक्षण करना उचित नहीं समझा और झूठा बयान देते हुए बताया कि काम रुकवा दिया गया है जबकि काम निरंतर जारी है।



इस संबंध में जब ग्राम प्रधान रामकिशन से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया यह काम मैं नहीं करवा रहा हूं यह काम रोजगार सेवक धर्मेंद्र करवा रहे हैं आप उन्हीं से जानकारी ले सकते हैं वही जब एडीओ पंचायत बांकेगंज से जानकारी चाहिए तो उन्होंने बताया कि मैं काम रुकवा दिया है मामले की जांच करवाई जाएगी और गोली पाई जारी देगी तो बी करने पर रोक लगाई जाएगी लेकिन खबर लिखे जाने तक काम रोक नहीं गया था निरंतर जारी है

पंचायत सचिव अभिषेक कश्यप ने बताया कि काम रुकवा दिया गया है अब होली बार जांच की जाएगी आखिर क्या कारण था कि पंचायत सचिव अभिषेक कश्यप द्वारा बार-बार झूठी जानकारी देकर गुमराह करने का प्रयास किया जाता रहा जब काम रुका ही नहीं काम निरंतर जारी रहा और अभिषेक कश्यप द्वारा यह बताया जाता रहा कि काम रुकवा दिया गया है क्यों? वही रोजगार सेवक धर्मेंद्र पटेल ने बताया कि हां पुरानी निकली ईटों का कुछ जगहों पर रोडा डाला गया है बाकी प्रथम श्रेणी की ईट ही है जबकि लगी ईटों को देखकर हर कोई यह बता सकता है कि ईट दोयम दर्जे की लगाई जा रही है ।

## योगी सरकार के आदेशो को जिले के आला अधिकारियों पर नहीं पड़ता कोई फर्क वाह रे...योगी सरकार

● सोशल मीडिया पर खबर वायरल होने से भी जिले के आला अधिकारी नहीं लिया संज्ञान मनरेगा कार्य मे फर्जीवाड़ा कर रहा आनंद कुमार रोजगार सेवक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**जनपद लखीमपुर खीरी** विकासखंड निघासन क्षेत्र ग्राम पंचायत धर्मापुर में आनंद कुमार रोजगार सेवक की नौकरी करने वाले के पास लगभग 7200 सौ माह कमाने वाले आनंद कुमार के पास आखिर कहा से आई इतनी संपत्ति, आनंद कुमार रोजगार सेवक पर बड़े पैमाने पर फर्जी वाडा कर लाखों रुपयों का गमन व संपत्ति बनाने का आरोप। सूत्र बताते हैं कि टू वीलर वाहन कई प्लाट आखिर कहा से आई इतनी संपत्ति। अगर आनंद कुमार रोजगार सेवक की निष्पक्ष जांच हो जाए तो बड़ा घोटाला आएगा सामने। रोजगार सेवक आनंद कुमार पर बहुत जल्द हो सकती है कार्रवाई लंबे समय से रोजगार सेवक आनंद कुमार काट रहा 420 सी करके मलाई सरकारी पैसे से गर्म कर रहा अपनी जेब अपनी आय से अधिक बनाई संपत्ति यदि हो जाए स्वतंत्र वा निष्पक्ष जांच तो फंस सकती है कई अधिकारियों की कलम ज़िलें के आलाधिकारी बने मौन तेजतर्रार डी एम साहिबा एक नजर निघासन ब्लॉक धर्मापुर ग्राम पंचायत पर भी डाले आनंद कुमार रोजगार सेवक कर रहा मनरेगा कार्य मे फर्जीवाड़ा भोली भाली जनता को बेवकूफ़ बनाकर सरकारी धन का करता है दुरपयोग।तेरे आदेश ज़िले के आलाधिकारियो के ठेंगे पर आखिर क्या यही है आज का भ्रष्टाचार मुक्त भारत देश भ्रष्टाचार मुक्त भारत होगा भी कैसे जब ऐसे भ्रष्ट रोजगार सेवक आनंद कुमार जैसे लोग करते रहेंगे सरकारी पैसो सेअपनी जेबे गर्म योगी सरकार के आदेशो से नही पड़ता ज़िलें के आला अधिकारियो पर फ़र्क़ कही ऐसा तो नही आनन्द कुमार रोजगार सेवक के साथ अधिकारियो कि भी संलिपतता हो।

## विदाई समारोह में भावुक हुए शिक्षक, सम्मानित किया




**बरेली/**श्री पीसी आजाद इण्टर कालेज बिहार कलां के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी काली चरन के सेवा निवृत्त होने पर उनके विदाई समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डाक्टर राजेन्द्र कुमार गंगवार ने समस्त स्टाफ की ओर से अंगवस्त्र भेंटकर कर मार्ल्यापण कर स्वागत -सम्मान किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने 22 वर्ष के सेवाकाल के दौरान किये गये कार्यो व व्यवहार की प्रशंसा की तथा सदैव स्वस्थ रहने व कर्मशील रहने की कामना की ।इस दौरान समस्त शिक्षक एवं स्टाफ भावुक हो गया। इस मौके पर छदम्मी लाल नीरज गंगवार 'गायत्री देवी शर्मा 'जलज सक्सेना 'प्रमोद स्वरूप, भारती माला, शालिनी सक्सेना ने भी माला पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन हेम पाल गंगवार ने किया।

## सिद्धार्थनगर कलेक्ट्रेट परिसर में निर्मित पार्क का सांसद राज्यसभा ने किया लोकापर्ण

● लाईब्रेरी में बच्चों को पढ़ते हुए देखना अच्छा लगता है: सांसद राज्यसभा बृजलाल



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर,** कलेक्ट्रेट परिसर में 60.10 लाख की लागत से निर्मित पार्क का सांसद राज्यसभा बृजलाल द्वारा जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन के साथ लोकार्पण किया गया। सांसद राज्यसभा बृजलाल ने कहा कि मेरा ध्यान स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति रहता है। इसके अलवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नया भवन मेरी निधि से बना है। लाईब्रेरी में बच्चो को पढ़ते हुए देखना अच्छा लगता है। कलेक्ट्रेट मे पार्क बन जाने से लोगों को मॉर्निंग वॉक करने मे सुविधा होगी और सुंदर भी लग रहा है। काला नमक चावल की पैदावार की शुरुआत अंग्रेजो द्वारा किया गया था। आज काला नमक चावल की खुशबू विदेशों तक फैल रही है। इसको बुद्धा राइस नाम दिया गया है। इसमें मिलावट नही होना चाहिए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने कहा की आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद राज्यसभा पिछले 03 दिनों से जनपद में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया है। सेवानिवृत्त होने के बाद भी बहुत ही सक्रिय है।सांसद राज्यसभा बृजलाल एवं जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर जॉइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव, पी डी नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी व अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुंवरपुर बंजरिया मैं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बरेली/रिठौरा।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुंवरपुर बंजरिया में शनिवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर छात्र-छात्राओं ने विशेष विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई।मुख्य अतिथि मनोज कुमार वरिष्ठ प्रवक्ता डाइट फरीदपुर विशिष्ट अतिथि देवेंद्र कुमार जिला विज्ञान समन्वयक , कार्यक्रम की अध्यक्षता एआरपी विवेक सक्सेना ने की सभी अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

प्रधानाचार्य डॉ विनय कुमार ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने छात्र -छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा आज का युग वैज्ञानिक युग है, विकसित भारत में विज्ञान का विशेष योगदान रहेगा।आज के बच्चे ही कल वैज्ञानिक बनकर देश सेवा करेंगे।जिला समन्वयक ने डॉ सीबी रमन के जीवन चरित्र से छात्र -छात्राओं को रूबरू करवाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की, कार्यक्रम का कुशल संचालन शिक्षिका शिवानी मनोचा ने किया। विभिन्न माडलों को प्रस्तुत किया गया।




जिसमें मौलिक शोध को प्रथम स्थान मिला। छात -छात्रा पीहू सिंह,अनम बी,इनाया, सोफिया, कामिनी,इरम, दिव्यांशी को उनके उत्कृष्ट माडलों के लिए सम्मानित किया गया।इस दौरान एआरपी सौरभ शुक्ला, मधुरेश दीक्षित,, राममोहन तिवारी, नम्रता, एकता खन्ना, गुंजन सिंह, क्रांति, विवेक प्रियदर्शी, डॉ जयेंद्र पाल सिंह, डॉ शिखा अग्रवाल, अरविंद चौधरी, रश्मि शाह, रामप्रकाश शर्मा,शेर सिंह,जवाहर सिंह,नीतू सिंह,नज़ली परबीन सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

## लापता काली चरण के परिजनों ने सैंकड़ो लोगो के साथ किया भाजपा नेता के आवास का घेराव

● सत्रह दिन से लापता कालीचरन के परिजनों ने सैकड़ों ग्रामीणों संग पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर के आवास का घेराव,किया और भाजपा नेता से हस्तक्षेप करने की मांग की साथ ही मैगलगंज पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मैगलगंज** थाना क्षेत्र के जहाननगर निवासी कालीचरन बारह फ़रवरी से लापता है पुलिस की कार्यशैली से नाराज़ परिजनो ने गांव के सैकड़ों महिलाओं व पुरुषों के साथ पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर के आवास का घेराव कर न्याय की मांग की। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही के बेहद गंभीर आरोप लगाए और मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। सांसद ने निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन देते हुए संबंधित अधिकारियों से बात करने की बात कही।

परिजनों ने पूर्व सांसद से प्रदेश के मुखिया से मुलाकात कराने की गुहार लगाते हुए कहा कि मामले की निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच के लिए उन्हें सीधे मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी बात रखने का अवसर दिलाया जाए। वहीं परिजनों ने गांव के ही एक सिख परिवार पर कालीचरण को गायब करने का आरोप लगाया इससे पहले कालीचरण के परिजन सैकड़ो लोगों के साथ कोतवाली मैगलगंज का भी घिराव कर चुके हैं वही मैगलगंज पुलिस द्वारा डॉग स्क्वाड टीम बुलाकर कालीचरण की तलाश को तेज किया गया है इस विषय पर जब इंस्पेक्टर मैगलगंज इंद्रजीत सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया की दो बार डॉग स्क्वायड टीम को बुलाया गया है और जहां कालीचरण का ज्यादा आना-जाना था जहां परिजनों ने बताया हर जगह पर डॉग स्क्वायड द्वारा तलाश किया गया है तलाशी के सारे उपकरणों का प्रयोग किया जा रहा है जो भी पुलिस के पास मौजूद है उम्मीद है जल्द ही कालीचरण को बरामद कर लिया जाएगा।

## ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के विरोध में शिया समुदाय ने किया प्रदर्शन



**» ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई की हत्या का विरोध।**

**» शिया समुदाय ने अलीगढ़ में निकाला विरोध जुलूस।**

**» अमेरिका, इजरायल के खिलाफ जमकर हुई नारेबाजी।**

**अलीगढ़।** ईरानी सुप्रीम लीडर ख़ामेनेई की हत्या के विरोध में शिया समुदाय के लोगों ने नमाज के बाद मस्जिद शियान जोहराबाग से जुलूस निकाला। महिला और पुरुषों के हाथ में सुप्रीम लीडर की तस्वीर थीं। ग़म के साथ गुस्सा भी था। अमेरिका और इजरायल के मुर्दाबाद के नारे लगाए जा रहे थे। यह जुलूस मेडिकल रोड से बाबे सैय्यद होते हुए सर्कल तक पहुंचा। यहां भी एकजुट होकर सभी ने नारेबाजी की। इसके बाद राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सीओ सर्वम सिंह को ज्ञापन दिया।

## जिलाधिकारी/जिला मजिस्टेªट श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में कलेक्टेªट सभागार में जिला शान्ति समिति की बैठक आयोजित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**बस्ती।** बस्ती जिले मे आगामी होली एवं जमात-उल-विदा (अलविदा)/रमजान का अन्तिम शुक्रवार त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी/जिला मजिस्टेªट श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में कलेक्टेªट सभागार में जिला शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहें। जिलाधिकारी ने कहा कि त्यौहार के दौरान शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं, अग्निशमन व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन को दुरूस्त रखने के निर्देश दियें। बैठक में स्वास्थ्य विभाग को आपातकालीन सेवाए सक्रिय रखने, एंबुलेन्स एवं चिकित्सकीय टीमों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। विद्युत विभाग को निर्बाध आपूर्ति बनाये रखने तथा किसी भी तकनीकी समस्या के त्वरित समाधान के लिए टीमों को एलर्ट रखने को कहा गया। अग्निशमन विभाग को संभावित घटनाओं की रोकथाम हेतु पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिये गये।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद के संवेदनशील स्थलों की पहचान कर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जायेंगी। त्यौहारों के दौरान निरन्तर गश्त, सोशल मीडिया के मानीटरिंग एवं अफवाहों पर तत्काल नियंत्रण सुनिश्चित किया जायेंगा। उन्होने स्पष्ट किया कि शान्ति व्यवस्था भंग करने अथवा अफवाह फैलाने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जायेंगी। इस अवसर पर जनपद के संभ्रांत नागरिको एवं समिति के सदस्यों ने अपने-अपने सुझावों को साझा किया, जिस पर उच्चाधिकारियों द्वारा संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

जिलाधिकारी व पुसिल अधीक्षक ने जनपदवासियों से अपील की गयी कि त्यौहार को परम्परागत, उल्लास एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाये तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन व पुलिस को दें। इस अवसर पर एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक श्याम कान्त, एसडीएम शत्रुध्न पाठक, मनोज प्रकाश, हिमांशु कुमार, सत्येन्द्र सिंह, डीपीआरओ धनश्याम सागर, डीएसओ विमल कुमार शुक्ला, ईओ नगरपालिका अंगद गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, संबंधित क्षेत्राधिकारी पुलिस, विधायक प्रतिनिधि कप्तानगंज गुलाब चन्द्र सोनकर, हरैया के सरोज मिश्र, पत्रकार जगवीर सिंह, जयन्त मिश्रा, इमरान अली, जीशान हैदर रिजवी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### आर एस कान्वेंट स्कूल बाराचवंर मे धुमधाम से मना होली का पर्व

**गाजीपुर।** बाराचवर एस कान्वेंट स्कूल बाराचवर के परिसर होली का पर्व रंग गुलाल अबीर लगाकर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षणेतर कर्मचारियों ने धुमधाम से मनाया।स्कूल के सभी अनुशासित छात्र-छात्राएं अपने गुरूजनो के सानिध्य मे एक दुसरे को गुलाल लगाकर अनुसाशन का परिचय दिया।तथा गुरूजनो का पैर छू कर आर्शीवाद प्राप्त किया।स्कूल के प्रबंधक यशवन्त सिंह ने कहा की होली का पर्व हर्षोउल्लास का पर्व है तथा भाई चारे का प्रतीक होता है।इस पर्व मे सभी लोग आपसी गिला सिकवा को भुला कर गले मिलते है तथा एक दूसरे को बधाई देते है।तथा लजीज ब्यजनो का लुफ्त उठाते है।इस अवसर पर प्रधानाचार्य जितेन्द्र यादव, क्वाडिनेटर आनन्द तिवारी, गौतम प्रजापति, पियुष शर्मा, विश्वजीत सिंह, जयप्रकाश भारती, हृदयनारायण, अखिलेश कुमार, प्रितम सिंह, सुमन सिंह कुशबाहा, अंजली जायसवाल, श्वेता ठाकुर, अनामिका सिंह, सिम्पल राय, लक्ष्मी सिंह, निशा यादव एवं सभी कर्मचारी स्टाप मौजूद रहे।

### सीएमओ संतोष चक ने स्वास्थ्य मेला का कीट औचक निरीक्षण




**भदोही।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी संतोष चक ने रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला ममहर एवं गिर्दबड़ागांव का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी कार्मिक उपस्थित पाए गए। अपराह्न 4:20 बजे महाराजा बलवंत सिंह राजकीय चिकित्सालय के आकस्मिक कक्ष का निरीक्षण किया गया, जहां डॉ. जयप्रकाश, डॉ. निशांत गुप्ता, डॉ. जैनुल आबादीन एवं फार्मासिस्ट संतोष ड्यूटी पर मौजूद मिले। रात्रि निवास व्यवस्था न होने की जानकारी मिलने पर ऑन-कॉल व्यवस्था सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए। शाम 5:00 बजे ट्रामा सेंटर औराई का भी निरीक्षण किया गया, जहां सभी कर्मचारी ड्यूटी पर उपस्थित पाए गए। सीएमओ ने निर्देश दिया कि सभी सीएचसी, पीएचसी एवं जिला चिकित्सालय में ओपीडी सेवाएं पूर्व की भांति संचालित रहें और ऑन-कॉल व्यवस्था पूरी तरह प्रभावी रहे।

### सीसीटीएनएस में भदोही पुलिस अव्वल

**भदोही।** पुलिस तकनीकी सेवाएं मुख्यालय, लखनऊ की ओर से जारी जनवरी 2026 की सीसीटीएनएस रैंकिंग में जनपद भदोही ने प्रदेश व जोन/रेंज में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। 97 मानकों पर आधारित मूल्यांकन में जनपद को 100 में 100 अंक मिले। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन एवं जनपदीय कोऑर्डिनेटर सौरभ तिवारी के नेतृत्व में सीसीटीएनएस पोर्टल पर समयबद्ध डाटा फीडिंग व सिंक के चलते यह उपलब्धि मिली। एसपी ने टीम को बधाई देते हुए और बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए।

### चार मिनट 42 सेकेंड में पहुंच रही पुलिस सहायता, भदोही यूपी-112 जोन में अव्वल

**भदोही।** जनपद भदोही में आपातकालीन पुलिस सेवा यूपी-112 का रिस्पांस टाइम लगातार बेहतर हो रहा है। माह फरवरी 2026 की जोन स्तरीय रैंकिंग में भदोही की पीआरवी टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जबकि प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद को पांचवां स्थान हासिल हुआ है। उल्लेखनीय है कि भदोही पीआरवी लगातार कई माह से जोन स्तर पर शीर्ष स्थान बनाए हुए है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में यूपी-112 टीम को प्राप्त हर सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। फरवरी माह में पीआरवी वाहन औसतन 4 मिनट 42 सेकेंड में घटनास्थल पर पहुंचे, जिससे पीड़ितों को त्वरित सहायता मिल सकी। पुलिस अधीक्षक ने रिस्पांस टाइम को और अधिक बेहतर बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। भदोही पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी आपात स्थिति अपराध, दुर्घटना, चोरी, मारपीट या महिला सुरक्षा से जुड़ी घटना–में बिना विलंब 112 डायल करें, पुलिस तुरंत सहायता के लिए पहुंचेगी।

# होली पर्व के दृष्टिगत आबकारी विभाग का विशेष प्रवर्तन अभियान,ईंट भट्ठों व ढाबों पर सघन चेकिंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** आबकारी आयुक्त एवं जिलाधिकारी शैलेष कुमार के आदेशानुसार तथा संयुक्त आबकारी आयुक्त वाराणसी जोन, वाराणसी एवं उप आबकारी आयुक्त मीरजापुर के निर्देश के क्रम में, जिला आबकारी अधिकारी अरुण शुक्ला के निर्देशन में जनपद में होली महापर्व के दृष्टिगत विशेष प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में आबकारी निरीक्षक ज्ञानपुर रजनीश कुमार पाण्डेय द्वारा मय आबकारी स्टाफ के साथ क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर सघन चेकिंग एवं प्रवर्तन कार्रवाई की गई। टीम द्वारा कौलापुर एवं बिहरोजपुर स्थित ईंट भट्ठों पर दबिश देकर अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के संभावित भंडारण एवं बिक्री की गहन जांच की गई। जांच के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि नहीं पाई गई, तथापि संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि में संलिप्त न होने हेतु कड़ी चेतावनी दी गई।

इसके अतिरिक्त टीम द्वारा शक्ति ढाबा पर भी आकस्मिक निरीक्षण एवं चेकिंग की गई। ढाबा संचालक को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि ढाबा परिसर में किसी भी ग्राहक को अवैध मादक पदार्थों का सेवन न करने दिया जाए तथा नियमों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाए। उल्लंघन की स्थिति में विधिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

टीम द्वारा कौलापुर स्थित कंपोजिट शॉप एवं देशी शराब की दुकान का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्यूआर कोड का मिलान कर उपलब्ध स्टॉक का सत्यापन किया गया तथा विक्रेता को शासन द्वारा निर्धारित मानकों एवं नियमों के अनुसार ही दुकान संचालन करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिला आबकारी अधिकारी अरुण शुक्ला ने बताया कि होली पर्व के मद्देनजर अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने हेतु जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान लगातार जारी रहेगा। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने जनसामान्य से अपील की है कि अवैध शराब अथवा मादक पदार्थों के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना तत्काल आबकारी विभाग को उपलब्ध कराएं, जिससे समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## घोसिया में गूंजा रंगों का पैग़ाम: रईस अहमद उस्मानी ने दी होली की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घोसिया।** रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर नगर पंचायत घोसिया के प्रत्याशी रईस अहमद उस्मानी ने क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की है। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है, जो समाज को एक सूत्र में बांधने का संदेश देता है। रईस अहमद उस्मानी ने अपने संदेश में कहा कि होली हमें पुराने गिले-शिकवे भुलाकर नई शुरुआत करने की प्रेरणा देती है। यह पर्व सामाजिक समरसता और एकता का प्रतीक है, जहां हर वर्ग, हर समुदाय के लोग मिलजुलकर खुशियां मनाते हैं।

उन्होंने सभी नगरवासियों से अपील की कि होली को शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं तथा पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित और स्वच्छ होली का संदेश दें। विकास और एकता का संकल्प



अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने नगर के सर्वांगीण विकास, स्वच्छता, बेहतर मूलभूत सुविधाओं और आपसी सद्भाव को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र की तरक्की और जनहित के मुद्दों पर वे सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे। रईस अहमद उस्मानी ने कहा कि घोसिया की जनता का स्नेह और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। होली के इस पावन अवसर पर उन्होंने सभी परिवारों की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## राघव जी मंदिर में बजरंग बली का किया गया श्रृंगार व प्रसाद वितरण



**चुनार, मीरजापुर।** गंगेश्वर नाथ स्थित श्री राघव जी मंदिर में शनिवार को बजरंग बली का भव्य श्रृंगार कर विधिवत पूजा अर्चना व आरती की गई। तत्पश्चात श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर के अर्चक श्रवण कुमार अवस्थी, सौरभ पुजारी,सत्येंद्र दुबे, सुनील सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

## फिट रहने के लिए शारीरिक श्रम जरूरी- प्रवीण श्रीवास्तव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपीगंज-** पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में अग्रणी भदोही साइकिलिंग क्लब द्वारा रविवार को निकाली गई विशाल साइकिल यात्रा ने जन जागरूकता की नई मिसाल कायम की। इस प्रेरणादायक अभियान का नेतृत्व क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष अताउल मुस्तफा अंसारी ने किया जिनकी सोच और संकल्प ने युवाओं से लेकर समाजसेवियों तक एक मंच पर लाकर पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवन शैली का संदेश दिया।

गोपीगंज राष्ट्रीय राजमार्ग बड़ा चौराहा से निकाली गयी साइकिल यात्रा को वरिष्ठ चिकित्सक एस एस यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइकिल यात्रा आरंभ होकर शहीद तिराहा, कांजी हाउस, आजाद नगर, झिलियापुल, पर्वतपुर, माधोपुर, अमवा, गोपपुर मोड़, रैपुरी चौराहा, ककराही, माधोरामपुर, काली देवी के आसपास का भ्रमण करते हुए *वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ, वृक्षों की जब करोगे रक्षा, तभी बनेगा जीवन अच्छा, हिंदुस्तान जिंदाबाद, स्वस्थ रहे मस्त रहे, करो योग रहो निरोग, हम सबने ये ठाना है पुरे उत्तर प्रदेश को स्वस्थ बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम* का नारा लगाते हुए लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के बारे में जागरूक करते हुए उत्सव लॉन मिर्जापुर रोड पहुंची। वहां पहुंचने पर सेफ शॉप के प्रवीण श्रीवास्तव ने सभी साइकिल चालकों को फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

प्रवीण श्रीवास्तव ने कहा कि आज के आधुनिक युग में सभी आराम चाहते हैं, कोई शारीरिक श्रम नहीं करना चाहता जो कि बीमारी का मुख्य कारण है। सभी ब्रह्म मुहूर्त में उठे, 1 घंटे का योग व्यायाम करें आसपास के कार्य साइकिल से करें। इससे हमारा शरीर भी स्वस्थ रहेगा और पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। आगे उन्होंने कहा कि भदोही साइकिलिंग क्लब का कार्य बहुत ही सराहनीय और प्रशंसनीय है जो खुद स्वस्थ रहकर दूसरों को भी स्वस्थ रहने का संदेश दे रहे हैं। साइकिल यात्रा में सात्विक श्रीवास्तव, जीनल, मनीषा, श्रेयस श्रीवास्तव, आकांक्षा, बिंदु, डॉ नवीन



श्रीवास्तव, प्रमोद मौर्या , सरफराज अहमद, बनारसी बिंद, जयप्रकाश दुबे, पंकज सिंह, लालती बिंद, साधना, रिया, वंदना, आरती, राजीव जायसवाल , कमलेश कश्यप, श्याम सुंदर बिंद, महेंद्र यादव, हिमांशु चौधरी, अबू हुरैरा, रितिक कनौजिया, गुलशन, रेनू, जयदेवी, जिगर गुप्ता, जगदीश यादव, आशीष बिंद, फैज शेख, नैतिक कनौजिया, अज़हान खान, विपिन चौधरी, रूहान अंसारी, उज्जवल गुप्ता, आनंद बिंद, नकीउद्दीन, रोहित बिंद, ताहा खान, आदर्श बिंद, शिवम, श्रीकांत, पवन, मोहित, मनोज, इमरान अहमद, संदीप बिंद, फैज आलम, हिमांशु बिंद, हंशराज पाल सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## होली पर्व के मद्देनजर पुलिस बल ने किया फ्लैग मार्च



**चुनार, मीरजापुर।** होली के आगामी त्योहार के मद्देनजर चुनार नगर के बाजारों में पुलिस बल ने फ्लैग मार्च किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया और शान्ति बनाए रखने की अपील की गई। यह फ्लैग मार्च पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक के निर्देश पर किया गया। क्षेत्राधिकारी मंजरी राव व कोतवाल विजय शंकर सिंह ने पुलिस बल के साथ पुरे नगर के बाजारों में निकले। उनका उद्देश्य त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था सुनिश्चित करना था। कोतवाल विजय शंकर सिंह ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि किसी ने त्योहार पर माहौल बिगाड़ने या शान्ति व्यवस्था भंग करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने लोगों से होली का पर्व मिलजुलकर और शान्ति पूर्वक मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च के दौरान सभी चौकी इंचार्ज एवं पुलिस बल मौजूद रहे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में निभाते हैं महत्वपूर्ण भूमिका- चंद्रभान

- शिव सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल कुमारगंज का वार्षिकोत्सव संपन्न
- बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने मौजूद लोगों का मोहा मन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मिल्कीपुर अयोध्या** नगर पंचायत कुमारगंज स्थित शिव सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। समारोह के मुख्य अतिथि मिल्कीपुर भाजपा विधायक चंद्रभानु पासवान रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनमें आत्मविश्वास का संचार करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने देशभक्ति पूर्ण गीतों और नृत्यों की शानदार प्रस्तुति दी। समाज में व्याप्त कुरीतियों पर आधारित एकांकी ने दर्शकों को गहराई से सोचने पर




मजबूर कर दिया। वहीं रानी लक्ष्मीबाई पर आधारित एकांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। छात्र-छात्राओं के अभिनय को उपस्थित अतिथियों ने जमकर सराहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद पाण्डेय ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां भी बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह में प्रमुख रूप से डॉ रमेश मिश्रा, अजीत सिंह, कपिल पाण्डेय, रोहित तिवारी, विजय कुमार उपाध्याय, राम अचल शुक्ला, शैलेन्द्र पाण्डेय, भवानीफेर मिश्रा, पवन पाण्डेय, अभिषेक तिवारी, राधिका प्रसाद पाण्डेय, संतोष सिंह एवं सत्रोहन पाण्डेय सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य उपकेंद्र से इनवर्टर बैटरी चोरी

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**भदोही।** जनपद के गोपीगंज क्षेत्र स्थित सब सेंटर भिड़ीउरा में अज्ञात चोरों द्वारा प्रसव कक्ष का ताला तोड़कर इनवर्टर की बैटरी चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। घटना से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लालसा कुमारी एएनएम शनिवार की रात लगभग 12 बजे मरीज देखने के बाद प्रसव कक्ष में ताला बंद कर अपने आवास चली गई। रविवार को सुबह करीब 5 बजे पुनः प्रसव हेतु पहुंचने पर देखा कि प्रसव कक्ष का ताला टूटा हुआ था और कमरे में लगी इनवर्टर की बैटरी गायब थी। आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात चोरों ने रात के समय घटना को अंजाम दिया। मामले की सूचना कोतवाली ज्ञानपुर पुलिस को दे दी गई है। पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्रवाई किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## बदलीपुर में जर्जर पुलिया से बढ़ी परेशानी, नई पुलिया निर्माण की मांग तेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** सुरियावां विकास खंड क्षेत्र के बदलीपुर गांव में नहर पर बनी करीब 20 वर्ष पुरानी पुलिया जर्जर हो जाने से ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो गया है। पुलिया की हालत ऐसी हो चुकी है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, जिससे लोगों में भय बना हुआ है।

ग्रामीणों के अनुसार नहर के उत्तर दिशा में पटेल, प्रजापति, ब्राह्मण, शर्मा व मौर्य समाज की बस्ती है, जबकि दूसरी ओर दलित बस्ती स्थित है। दोनों बस्तियों के बीच आवागमन के लिए वर्षों पूर्व ग्रामीणों के सहयोग से छोटी पुलिया का निर्माण कराया गया था। अब पुलिया क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे केवल पैदल, साइकिल और मोटरसाइकिल से ही किसी तरह आवाजाही संभव है। चार पहिया वाहन बस्ती तक नहीं पहुंच पाते, जिससे बीमार, बुजुर्ग व आपात स्थिति में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना




करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि चार पहिया वाहन लाने के लिए देवदासपुर नहर पुलिया से लंबा व जोखिम भरा चक्कर लगाना पड़ता है, जो बरसात में और खतरनाक हो जाता है। देवेश मिश्र, मनोज पटेल, अजय पटेल, योगेश मिश्र, राहुल मिश्र, अभिषेक मिश्र, सीपू सिंह, विनोद मिश्र समेत अन्य ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से बदलीपुर बस्ती के सामने नहर पर नई मजबूत पुलिया के शीघ्र निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों ने जनहित में त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा जताई है।

# नगर पंचायत घोसिया में ऐतिहासिक मुकम्मल तरावीह, मुल्के हिंदुस्तान की सलामती के लिए गूंज उठीं दुआएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घोसिया।** नगर पंचायत घोसिया में रमज़ान के मुबारक महीने की रूहानी फिज़ा उस समय और भी पवित्र हो उठी, जब पूर्व चेयरमैन नुमान की पहल पर उनके कंपनी परिसर में आयोजित दस रोज़ा तरावीह के दौरान कुरआन पाक मुकम्मल किया गया। हर वर्ष की परंपरा को निभाते हुए इस बार भी बड़ी तादाद में नमाज़ियों ने शिरकत कर इबादत का सवाब हासिल किया। तरावीह की नमाज़ की इमामत हाफिज अबू हमज़ा साहब ने फरमाई और पूरे कुरआन शरीफ को मुकम्मल कराया। जैसे ही मुकम्मल होने का ऐलान हुआ, पूरा माहौल 'अल्लाह-हु-अकबर' की सदाओं और भावुक दुआओं से गूंज उठा। नमाज़ियों ने हाफिज साहब को मुबारकबाद पेश करते हुए फूलों और दुआओं से नवाज़ा।

इस नूरानी मौके पर खास तौर से मुल्के हिंदुस्तान की सलामती, देश में अमन-चैन, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए सामूहिक दुआएं मांगी गई। साथ ही नगर पंचायत घोसिया की खुशहाली, एकता और विकास के लिए भी हाथ उठाकर दुआ की गई। पूर्व चेयरमैन नुमान ने अपने संबोधन में कहा कि रमज़ान का पहला अशरा रहमतों का होता है और यह महीना सब्र, इबादत, इंसानियत और भाईचारे का पैगाम देता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस पाक महीने में ज्यादा से ज्यादा नेक अमल करें और समाज में मोहब्बत व एकता का संदेश फैलाएं।

इस अवसर पर मोहिद अली, सादिक अहमद, हाजी मिजान, रुखसार अहमद, पप्पू भाई, फिरोज अली, हाजी असलम सूफी, हाजी जुनेद, अहमद शहजादा, सलमान, कासिम अली (यूपी टिंबर),



इदरीश अंसारी, असफहान अहमद, इंसान चौधरी, इंतजार अहमद उर्फ पुल्लू, हाजी रेहान, सलमान मार्बल, बिक्की और हल्लु सहित नगर के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन सलातो-सलाम और विशेष दुआओं के साथ हुआ। पूरी फिज़ा में रूहानियत, एकता और भाईचारे का संदेश स्पष्ट रूप से महसूस किया गया, जिसने नगरवासियों के दिलों को आपस में और मजबूत करने का काम किया।

## अगामी त्योहारों के दृष्टिगत अवैध कच्ची शराब के निर्माण, बिक्री, परिवहन, निर्यात एवं निष्कर्षण पर की गयी सख्त कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** में होली एवं अन्य आगामी प्रमुख त्योहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं मदिरा मुक्त बनाने के उद्देश्य एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत अवैध कच्ची शराब के निर्माण, बिक्री, परिवहन, निर्यात एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोकथाम हेतु सघन जांच-पड़ताल एवं कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा सघन छापेमारी, नाकाबंदी एवं मुखबिरी सूचनाओं के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कुल 15अभियोग पंजीकृत कर 125 लीटरअनुमानित कीमत ?32500 की अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए कुल 15 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

अभिमन्यु मांगलिक ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अवैध शराब के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी तथा ऐसे तत्वों के खिलाफ लगातार सख्त कार्यवाही जारी रहेगी। जनपदवासियों से अपील है कि अवैध शराब के निर्माण, बिक्री या परिवहन की सूचना प्राप्त होने पर तुरंत निकटतम थाने या पुलिस अधीक्षक कार्यालय/यूपी 112 पर सूचित करें। आपकी सहयोग से ही हम एक सुरक्षित एवं मदिरामुक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं।

## बर्डपुर मंडी का बरामदा गिरकर ध्वस्त



**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत कपिलवस्तु के कस्बा बर्डपुर मंडी में लगभग 12 वर्ष पहले बना कमरों का बरामदा शनिवार की देर रात गिरकर ध्वस्त हो गया। बताया जाता है कि कस्बा बर्डपुर के रामलीला मैदान में लगभग बारह वर्ष पहले बना मंडी के नाम से दस कमरों के दुकान का बरामदा शनिवार देर रात गिर गया। दुकानों में कुछ लोग डीजे का गोदाम बना कर रखे थे। हालांकि कोई हादसा नहीं हुआ लेकिन बरामदे में रखा डीजे व जनरेटर के सामान का क्षति हुआ है।

# निर्माणाधीन मकान के सामने रखे सरिया से से एक कुंटल सरिया चोरी करने वाले 04 अभियुक्त गिरफ्तार

- फर्जी सिग्नेचर मामले को लेकर दो-तीन महीने तक चलता रहा मामला गांव का काम रहा बाधीत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

थाना दुर्गागंज पर आवेदक सुमित कुमार शुक्ल पुत्र स्व0 सूर्यमणि शुक्ल निवासी ग्राम गडौरा थाना दुर्गागंज जनपद भदोही द्वारा सूचित किया गया कि दिनांक 20/21.02.2026 को रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मेरे निर्माणाधीन मकान के सामने रखे सरिया मे से मेरे ही गाव के किसन कुमार पुत्र नन्द कुमार व रत्नेश कुमार पुत्र राम प्रसाद व कलेक्टर पुत्र नन्दलाल निवासी गड़ौरा थाना दुर्गागंज जनपद भदोही के द्वारा करीब एक कुण्टल सरिया चोरी कर लिया गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर स्थानीय पुलिस द्वारा मु0अ0 स0 22/26 धारा 303(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई। अभिमन्यु मांगलिकपुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपद में चुस्त दुरुस्त कानून व्यवस्था के दृष्टिगत चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण व पंजीकृत अभियोग से सम्बंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में शुभम अग्रवाल, *अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में दिनांक 01.03.2026 को थाना दुर्गागंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0स0 51/26 धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित 04 अभियुक्तों को गडौरा मोढ़ तिराहे से गिरफ्तार करते हुए कब्जे से पंजीकृत अभियोग से संबंधित चोरी का एक कुंटल सरिया बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पंजीकृत अभियोग का सफल अनावरण करते हुए पंजीकृत अभियोग में धारा-317(2) बी.एन.एस की बढ़ोत्तरी करते हुए विधिक कार्यवाही की गई।

दिनांक 20/21.02.2026 की रात्रि करीब दो बजें हम तीनों लोग व मेरे ही गांव




के इन्द्रजीत उर्फ नान्हक पुत्र दयाराम ने मिलकर अपने ही गाँव के सुमित कुमार शुक्ला पुत्र स्व0 सुर्यमणि शुक्ला के नव निर्मित मकान से दो बण्डल सरिया चोरी कर लिया था और चोरी किये गये सरिया को इन्द्रजीत के झोपड़ी के अन्दर रख दिये थे। जिसे आज हम लोग बेचने वाले थे। कि पकड़ लिया गया पंजीकृत अभियोगः- मु0अ0सं0 22/26 धारा 303(2) बढ़ोतरी धारा 317(2) BNS थाना दुर्गागंज जनपद भदोही गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम उ0नि0 रवीन्द्र प्रसाद गुप्ता, उ0न0 सूरजबली वर्मा, उ0नि0 अशोक कुमार, हे0कां0 मुलायम सिंह यादव, कां0 रामप्रवेश गोस्वामी, कां0 नीरज कुमार थाना दुर्गागंज जनपद भदोही।

## सुरियावां क्षेत्र अंतर्गत पुलिस मुठभेड़ गोवंश तस्कर गिरफ्तार

**जनपद भदोई** में थाना सुरियावां क्षेत्र अंतर्गत एक सूचना प्राप्त हुई, जिसमें पब्लिक के द्वारा बताया कि कुछ लोग एक गाड़ी में गोवंश का मांस ले के जा रहे हैं। तुरंत ही मौके पर सुरियावां थाने की फोर्स पहुंची और उन्हें पकड़ने का प्रयास किया। इस प्रयास में कुछ लोग तो भाग गए, परंतु एक अभियुक्त विजय कुमार उर्फ़ कल्लू को पकड़ लिया गया। वह भी कुछ दूरी पे एक एसआई को चकमा देकर धक्का दिया और भाग निकला। मुखबिर खास से कुछ देर बाद सूचना प्राप्त हुई उक्त अभियुक्त कलिंजरा रोड पर दिख रहा है। जिसकी गिरफ्तारी का प्रयास किया गया तो पुलिसकर्मियों पे फायरिंग की, जवाबी फायरिंग में जब पुलिसकर्मियों द्वारा फायर किया गया तो अभियुक्त विजय के पैर पे गोली लगी। तुरंत ही उसको हिरासत में लिया गया और गाड़ी चेक की गई तो गाड़ी में से कुछ गोवंश का मांस और औजार भी निकले जिसके द्वारा यह कृत किया गया है। पूछताछ की गई तो उसने बताया कि एक बैरी परवा नामक गाँव है, वहीं पे एक खुला सांड हम लोगों के द्वारा पिछली रात में रखा गया था, और आज इसे काटा गया है। यह माल हम लोग इलाहाबाद और आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई करते थे। हम लोगों एक गिरोह बनाकर काम करते हैं। इस प्रकरण में जो भी व्यक्ति वांछित है उसे भी जल्द से जल्द पकड़ लिया जाएगा, और आगे जो भी तथ्य प्रकाश में आएंगे उसके आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# संक्षिप्त खबरें

## एसआरकेडी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया होली उत्सव



**नैनी प्रयागराज।** एस आर केडी पब्लिक स्कूल, डांडी बाजार में होली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में बच्चों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं स्कूल प्रबंधन की उपस्थिति में होलिका दहन का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से होलिका दहन के साथ हुई,जिसमें सभी ने सुख-समृद्धि और आपसी भाईचारे की कामना की। इसके बाद रंगों का उत्सव शुरू हुआ, जहां बच्चों ने शिक्षकों और अभिभावकों के साथ मिलकर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। उत्सव के दौरान विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रंग-बिरंगे माहौल में सभी ने मिलकर नृत्य किया और होली गीतों पर जमकर मस्ती की।कार्यक्रम का सफल संचालन को ऑर्डिनेटर शिल्पा हीरा ने किया। साथ ही अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन की सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को और भी सफल एवं यादगार बना दिया।

## पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव



**नैनी, प्रयागराज।** श्री लक्ष्मी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव रामलीला पार्क पी डी ए कॉलोनी नैनी में आयोजित किया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया। स्पोर्ट मैन ऑफ द ईयर आराध्या मौर्य, और परमंन्यु को मिला, तो वही मोस्ट साइंस स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर आराध्या कुमारी बेस्ट डांस वैष्णवी और पीहू पाल को मिला। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक, अध्यापिका के अलावा छात्र छात्राये उपस्थित रहे।

## थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 04 अवैध देशी बम बरामद



**ब्यूरो प्रयागराज।** हण्डिया पुलिस टीम द्वारा दिनांक-28.02.2026 को अभियुक्त रामू यादव पुत्र स्व0 फूलचन्द्र यादव निवासी ग्राम रसार थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत बरौत स्थित माधोपुर नहर पुलिया के पास से 04 अवैध देशी बम के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना हण्डिया पर मु0अ0सं0-86/2026 धारा-4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**– रामू यादव पुत्र स्व0 फूलचन्द्र यादव निवासी ग्राम रसार थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 30 वर्ष।

## आरोग्य मेला में156 मरीजों को दवा दी गई



**सिद्धार्थनगर,** न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिस्कोहर में रविवार को जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया, डाक्टर एस सी शर्मा ने 109 मरीजों का जांच कर दवा दी, उन्होंने बताया कि इस मौसम में हलकी ठंड सुबह देखने को मिल रहा है। दिन में तेज धूप इसी कारण से पैरों में जलन कमर जोड़ों में दर्द हरकुन्निसा हल्का बुखार बीमारी देखने को मिलता है। बच्चों के शरीर पर लाल तेल, बिजान तेल इस्तेमाल करें।इससे बच्चों का रीढ़ व हड्डी मजबूत होता हैं। खासी, जुकाम, सर्दी, टाई फाई से बचने का सहज तरीका है। सही ढंग से इलाज करवाए। खान पान में लापरवाही ना बरते।न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोहड़ोरा राम नाथ कठौतिया में डॉ राहुल कुमार ने 47 मरीजों देखा गया जिसमें शुगर एवं बीपी जांच कर दवा दी। इस मौके पर डॉक्टर एस सी शर्मा, डॉ राहुल कुमार फार्मासिस्ट त्रिशुल चतुर्वेदी, धीरज राय, राजू आदि मौजूद रहे।

# सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों की 'मनी पावर' पर रोक लगाने की याचिका पर चुनाव आयोग से जवाब मांगा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने 26 फरवरी को राजनीतिक दलों द्वारा अनियंत्रित चुनावी खर्च को चुनौती देने वाली एक याचिका पर केंद्र सरकार और भारत निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा. मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की तीन सदस्यीय पीठ ने गैर-सरकारी संगठन कॉमन कॉज द्वारा दायर जनहित याचिका पर यह नोटिस जारी किया. पीठ ने कहा कि यह मामला जटिल संवैधानिक सवाल उठाता है और छह सप्ताह बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।

याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने दलील दी कि राजनीतिक दलों द्वारा 'मनी पावर' का बेलगाम इस्तेमाल लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मूल भावना पर आघात करता है। सुनवाई के दौरान जस्टिस बागची ने अन्य देशों में चुनावी खर्च की सीमाओं का उल्लेख करते हुए ऐसे नियामक उपायों की प्रभावशीलता पर सवाल उठाए.उन्होंने कहा, 'अमेरिका में भी खर्च पर सीमाएं हैं, लेकिन उम्मीदवारों के मित्रों का क्या?' उन्होंने आगे संभावित संवैधानिक चिंताओं को भी उठाया, यह सवाल करते हुए कि क्या खर्च पर रोक लगाने से संविधान के आर्टिकल 19(1)(ए) के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और भौतिक सहयोग के अधिकार का उल्लंघन हो सकता है।

इसके जवाब में भूषण ने चुनावी बॉन्ड मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि अदालत पहले ही अनियंत्रित राजनीतिक फंडिंग के लोकतंत्र पर पड़ने वाले विकृत प्रभाव को स्वीकार कर चुकी है। राजनीतिक दलों के चुनावी खर्च पर सीमा तय करने की मांग वाली इसी तरह की एक याचिका, जिसे एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने दायर किया था, जनवरी 2024 में दिल्ली हाईकोर्ट से वापस ले ली गई थी, ताकि नई याचिका दाखिल की जा सके।

15 फरवरी 2024 को सुप्रीम कोर्ट के पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ द्वारा चुनावी बॉन्ड योजना को सर्वसम्मति से रद्द किए जाने के बाद वर्तमान याचिका का महत्व और बढ़ गया है। 15 फरवरी, 2024 को सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय पीठ ने सर्वसम्मति से चुनावी बॉन्ड योजना को 'असंवैधानिक' करार दिया था. शीर्ष अदालत ने फैसला सुनाया था कि यह योजना राजनीतिक दलों को मिलने वाली फंडिंग का खुलासा करने में विफल रहने के कारण संविधान के अनुच्छेद 19 का उल्लंघन करती है। इसके परिणामस्वरूप, सुप्रीम कोर्ट ने कंपनी अधिनियम, आयकर अधिनियम और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम में चुनावी बॉन्ड से संबंधित प्रावधानों को भी अमान्य कर दिया था. इसके अलावा, शीर्ष अदालत ने चुनावी बॉन्ड के खरीदारों और प्राप्तकर्ताओं की जानकारी भी सार्वजनिक करने का आदेश दिया था।

## होला-मोहल्ला पर गुरुद्वारे का वातावरण खालसा रंग में रंगा

**● होला- मोहल्ला पर्व, वीरता, साहस और सांस्कृतिक धरोहर को संजोता है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** होला महल्ला के अवसर पर प्रयागराज के गुरुद्वारा अलोपीबाग मे बोले सो निहाल के जयकारे लगाए और गुरुद्वारा का वातावरण खालसा रंग में रंगा नजर आ रहा था।गुरुद्वारे मे दीवान सजा इस दौरान जपुजी साहिब,सुखमनी साहिब,चौपई साहिब जी के पाठ,शब्द-कीर्तन,पंथ के प्रसिद्ध रागी जत्थो ने गुरुबाणी व गुरु इतिहास से जोड़ा। गुरुद्वारा प्रधान परमजीत सिंह बग्गा ने कहा कि साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह होला मोहल्ला सिख समुदाय में सैन्य कौशल और वीरता को प्रोत्साहित करने के लिए इस पर्व की नींव रखी। 'होला' शब्द संस्कृत के 'होलिका' से लिया गया है, जबकि 'मोहल्ला' अरबी शब्द 'महल्ला' से, जिसका अर्थ है संगठित जुलूस या जुलूस का स्थान। साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने आनंदपुर साहिब के निकट अगमपुर गांव में एक खुले मैदान में संगत को एकत्रित कर इस पर्व की शुरुआत की,जहां सिख योद्धाओं ने अपने युद्ध कौशल का प्रदर्शन किया। सिख विरासत की शान ही सिख कौम को दुनिया अंदर विलक्षणता दिखाती है,जिसका एक अंग गुरु साहिब की तरफ से चलाई गई होले महल्ले की परंपरा है।

साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा आरंभ किया गया यह उत्सव आज भी सिखों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। आनंदपुर साहिब में आयोजित होने वाला यह पर्व न केवल सिख समुदाय, बल्कि संपूर्ण समाज के लिए एकता, साहस और सेवा का संदेश देता है।होले महल्ले की बधाई दीद्य, अरदास समाप्ती उपरांत गुरु का प्रसाद अटूट बरता गयाद्य संगत समय से गुरु घर पहुंच कर गुरबानी पढ़, सुनकर, जपकर गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया।मलकीत सिंह बाजवा, परमजीत सिंह बग्गा, गुरुदीप सिंह सरना, सरदार पतविंदर सिंह, कुलदीप सिंह बग्गा, परमिंदर सिंह बंटी, मनु चावला, गुरदीप सिंह रोमी, अगम सिंह, बलजीत सिंह, लखविंदर सिंह, राजेंद्र सिंह ग्रोवर, गुरबख्श सिंह, जसवीर सिंह, त्रिलोचन सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होकर होला-मोहल्ला की बधाइयां दी।

## होली त्यौहार को लेकर पीस कमेटी बैठक आयोजित

**मनकापुर गोण्डा:** होली त्यौहार को लेकर क्षेत्राधिकारी मनकापुर की उपस्थिति मे थानाध्यक्ष खोड़ारे यशवंत सिंह द्वारा गौरा चौकी बाजार स्थित विकास खण्ड मीटिंग हाल मे क्षेत्रीय प्रधान एवं गणमान्य व्यक्तियों के बीच पीस कमेटी बैठक का हुवा आयोजन। पीस कमेटी मे मौजूद दोनों धर्म सम्प्रदाय केक्षेत्रीय गणमान्य व्यक्तियों से होली त्यौहार से संबंधित समस्याओं लेकर जानकारी हासिल कर क्षेत्राअधिकारी मनकापुर ने अपील किया कि होली त्यौहार आपसी भाईचारे का त्यौहार है सभी हिन्दू भाइयों को मिलकर शांति पूर्ण ढंग से इस त्यौहार को मनाना है अगर किसी को कोई समस्या हो तो अपने बीट सिपाही, थानाध्यक्ष सहित डायल हंड्रेड को सूचित कर सकते है मौके पर पुलिस कर्मी द्वारा पहुंच कर तुरंत समस्या का समाधान किया जाएगा।साथ ही साथ डीजे मालिक को भी कहा गया कि होली त्यौहार मे अभद्र गाना या तेज म्यूजिक बेस पर गाना नहीं बजाएगे और त्यौहार मे हुड़दंग करने वाले तथा त्यौहार मे खलल डालने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही किया जाएगा।रमजान महीने का पावन पर्व चल रहा है होली खेलते समय इसका भी ध्यान रखना है कि किसी भी व्यक्ति को दिक्कत न होने पाए। इस अवसर पर बनारसी गुप्ता, माहिम बाबा,अब्दुल गफ्फार प्रधान, राम उजागिर चौरसिया एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति सहित चौकी इंचार्ज गौरा चौकी अरविन्द कुमार, संदेश साहब, सत्यव्रत यादव एवं अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## नि:शुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का जनपद में किया गया सजीव प्रसारण

**● योजनांतर्गत जनपद प्रयागराज में 5,91,196 लाभार्थी परिवार होंगे लाभान्वित।**

**विकास भवन में उज्जवला योजना के 17 लाभार्थियों को मंच पर नि:शुल्क सिलेण्डर रिफिल की सब्सिडी के प्रतीकात्मक चेक का वितरण।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** होली त्यौहार के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री, उ0 प्र0 योगी आदित्यनाथ जी के प्रदेशवासियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत उ0 प्र0 के 1.86 करोड उज्ज्वला परिवारों को निःशुल्क रसोई गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी के वितरण कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को लखनऊ स्थित लोकभवन सभागार में किया गया, जिसका सजीव प्रसारण विकास भवन परिसर जनप्रतिनिधियों एवं काफी संख्या में लाभार्थियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर विधायक शहर पश्चिमी सिद्धार्थ नाथ सिंह, विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्य, विधायक बारा डॉ0 वाचस्पति, मा0 विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद के द्वारा 17 उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को मंच पर निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी का प्रतीकात्मक चेक व प्रतीकात्मक सिलेण्डर का वितरण किया गया।

पात्र 17 लाभार्थियों में रूबी कुमारी, पूजा देवी, कु0 रेहाना बानो, श्रीमती उर्मिला पटेल, श्रीमती सविता देवी, श्रीमती रेनू देवी, श्रीमती जमिला बानो, श्रीमती शिवकुमारी, श्रीमती शकुन्तला देवी, श्रीमती पिंकी सरोज, श्रीमती सितारा देवी, श्रीमती आशा देवी, श्रीमती प्रीती सोनकर, श्रीमती कुसुम सोनकर, श्रीमती कविता एवं श्रीमती काव्या यादव को सम्मिलित रही।

योजनान्तर्गत जनपद प्रयागराज में होली के पावन पर्व पर 5,91,196 उज्ज्वला लाभार्थियों को निःशुल्क रिफिल सिलेण्डर की लगभग 33 करोड रुपए सब्सिडी की धनराशि अंतरित कर लाभान्वित कराया जा रहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी आपूर्ति विजय शर्मा, जिलापूर्ति अधिकारी सुनील सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, उज्ज्वला योजना के जिला समन्वयक, गैस एजेंसी के प्रतिनिधिगण तथा उज्ज्वला योजना के लाभार्थी उपस्थित रहे।

## विदाई के समय दूल्हे को मिर्गी आने पर दुल्हन ससुराल जाने से किया इनकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज के बहरिया क्षेत्र में एक शादी उस समय टूट गई जब विदाई से ठीक पहले दूल्हे को मिर्गी का दौरा पड़ गया। शुक्रवार सुबह भात की रस्म के दौरान दूल्हे की तबीयत बिगड़ने पर दुल्हन ने ससुराल जाने से इनकार कर दिया। जानकारी के अनुसार, सात फेरे सहित अन्य वैवाहिक रस्में पूरी हो चुकी थीं। भात की रस्म के दौरान दूल्हा अचानक आंगन में गिर पड़ा। परिजनों ने तुरंत उसे संभाला, जिसके बाद पता चला कि उसे मिर्गी का दौरा पड़ा था। इस घटना से शादी समारोह में अफरा-तफरी मच गई और दोनों पक्षों के लोग स्तब्ध रह गए। बहरिया क्षेत्र की युवती का विवाह प्रतापगढ़ जिले के पट्टी क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से तय हुआ था। गुरुवार रात बारात धूमधाम से पहुंची थी। द्वारचार, जयमाल और सात फेरे की रस्में हंसी-खुशी संपन्न हुई थीं।

सुबह विदाई की तैयारी चल रही थी, तभी दूल्हे की तबीयत बिगड़ने की यह घटना सामने आई। परिस्थितियों को देखते हुए दुल्हन ने ससुराल जाने से स्पष्ट इनकार कर दिया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक बातचीत हुई। अंततः आपसी सहमति से विवाह को निरस्त करने का फैसला लिया गया। दूल्हे की बारात बिना दुल्हन के ही लौट गई। गांव में पूरे दिन इस अचानक बदले घटनाक्रम और लिए गए फैसले की चर्चा होती रही।

## 19वां दिव्यांगजन स्वाभिमान सम्मान सामूहिक विवाह समारोह संपन्न



**नैनी, प्रयागराज।** में 19वां दिव्यांगजन स्वाभिमान सम्मान सामूहिक विवाह समारोह का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोक सेवक मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चोपड़ा द्वारा दिव्यांगजनों के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले वरिष्ठ समाजसेवी अनंत कुमार चौधरी को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथियों एवं समाजसेवियों की उपस्थिति रही। समारोह के सफल आयोजन पर सभी ने प्रसन्नता व्यक्त की।सम्मान प्राप्त करने के उपरांत समाजसेवी अनंत कुमार चौधरी ने आयोजकों और उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया तथा भविष्य में भी दिव्यांगजनों के हित में निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प दोहराया।

# नैनी में होली की आहट: रंग पिचकारी और मुखौटों से सजे बाजार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** होली का पर्व नज़दीक आते ही नैनी क्षेत्र के बाजार रंगों से सराबोर हो उठे हैं। गलियों और मुख्य सड़कों पर रंग, गुलाल और पिचकारियों की सजी दुकानों पर सुबह से ही भीड़ उमड़ने लगी है। बच्चों से लेकर बड़े और बुजुर्ग तक जमकर खरीदारी कर रहे हैं, जिससे पूरे इलाके में उत्सव का माहौल बन गया है।हनुमान नगर, स्टेशन रोड, मेवालाल बगिया, नैनी बाजार,शकरढाल, काटर मिल,सरगम, क्षेत्र में अस्थायी और स्थायी दुकानों पर रंग-बिरंगे गुलाल, विभिन्न डिज़ाइन की पिचकारियां, पानी के टैंक, गुब्बारे और होली से जुड़ा अन्य सामान सजाया गया है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार पिछले वर्ष की तुलना में खरीदारी अच्छी चल रही है।

बाजारों में बच्चों के चेहरों पर खास उत्साह देखने को मिल रहा है। कोई अपनी पसंदीदा कार्टून पिचकारी चुन रहा है तो कोई रंगों के नए शेड्स। वहीं युवाओं में हर्बल और ऑर्गेनिक रंगों की मांग बढ़ी है।इस बार बाजारों में मुखौटे भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। अलग-अलग मुखौटे खरीदने वालों में खासकर युवाओं और बच्चों की दिलचस्पी देखी जा रही है। दुकानदारों के अनुसार, ये मुखौटे हर साल होली के मौके पर खास तौर पर मंगाए जाते हैं और अच्छी बिक्री होती है।स्थानीय व्यापारियों को उम्मीद है कि होली से ठीक पहले के दो-तीन दिनों में भीड़ और बढ़ेगी और बिक्री अपने चरम पर पहुंचेगी। कुल मिलाकर नैनी क्षेत्र में होली की रौनक साफ दिखाई देने लगी है और बाजारों की चहल-पहल से त्योहार की खुशबू हर ओर फैल रही है।

## 7 मार्च को होने वाली पं धीरेन्द्र शास्त्री जी की हनुमंत कथा स्थगित-डां उदय प्रताप सिंह

**● नव रात्रि उपरांत हनुमंत कथा की आगामी तिथि घोषित किए जाएंगे**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी।** प्रयाग उत्थान समिति के द्वारा 7 मार्च को प्रस्तावित बाबा बागेश्वर धाम धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी की विशाल हनुमंत कथा स्थगित किया गया समिति के अध्यक्ष डाक्टर उदय प्रताप सिंह ने बताया कि 7 मार्च को परेड ग्राउंड में बाबा बागेश्वर धाम पंडित धीरेन्द्र शास्त्री जी की विशाल हनुमंत कथा में लाखों की संख्या में भक्तजनों के एकत्रीकरण अनुमानित होने के कारण चल रहे उत्तर प्रदेश बोर्ड की इंटर एवं हाई स्कूल की परीक्षा प्रभावित होता जिससे बोर्ड की परीक्षा दे रहे छात्रों को असुविधा उत्पन्न होती इसलिए बोर्ड के परिक्षार्थियों के हित को ध्यान रखते हुए समिति ने 7 मार्च को परेड ग्राउंड में होने वाली विशाल हनुमंत कथा को स्थगित करनें का फैसला किया है। आगे जानकारी देते हुए समिति के उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि हनुमंत कथा सिर्फ स्थगित किया गया है निरस्त नहीं किया गया और नव संवत्सर वर्ष?? 2083 नव रात्रि के उपरांत आगामी तिथि घोषित किया जाएगा और जिन महिलाओं ने कथा के निमित्त होने वाली



मंगल कलश यात्रा में रजिस्ट्रेशन करा लिया है उनका रजिस्ट्रेशन सुरक्षित कर लिया गया है उन्हें किसी भी प्रकार से परेशान होने की आवश्यकता नहीं है जो कथा की आगामी तिथि घोषित होते ही स्वयं प्रकिया में आ जाएगी।

## कैम्ब्रिज स्कूल में 'वीमेन इन साइंस'थीम के साथ मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** कैंब्रिज हाईस्कूल एण्ड कॉलेज शंकरगढ़ में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस। जिसमें विद्यालय के छात्रों ने बढ़- चढ़कर प्रतिभाग किया। इस दौरान बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। 28 फरवरी को 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' के अवसर पर विद्यालय में विज्ञान जागरूकता एवं नवाचार आधारित विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालय के शिक्षक धर्मराज कुशवाहा ने कहा कि इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम 'वीमेन इन साइंसः कैटेलाइजिंग विकसित भारत' है, जो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महिलाओं की सशक्त भूमिका और विकसित भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय सहभागिता को रेखांकित करती है। थीम के अनुरूप आयोजनों में विज्ञान एवं अनुसंधान में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, महिला वैज्ञानिकों की उपलब्धियों को सम्मानित करने और छात्राओं को विज्ञान के क्षेत्र में कैरियर के लिए प्रेरित करने पर विशेष बल दिया जाएगा। विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बालेन्द्र पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष 28 फरवरी को महान भारतीय वैज्ञानिक सर सी.वी. रमन द्वारा वर्ष 1928 में 'रमन प्रभाव' की खोज की स्मृति में मनाया जाता है। इस खोज के लिए उन्हें वर्ष 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वर्ष 1986 में भारत सरकार ने 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस घोषित किया। इस दिवस का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को विज्ञान के प्रति प्रेरित करना, वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को सुदृढ़ करना है। अन्य शिक्षकों में अखिलेश पांडे, दीपक केसरवानी और इमरान अहमद ने भी इस विषय पर अति महत्वपूर्ण जानकारी बच्चों के साथ साझा की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशाशनिक अधिकारी बालेंद्र पांडे, शिक्षक मनी शंकर दुबे, सौरभ प्रकाश, इमरान अहमद, पंकज श्रीवास्तव, मनोज तिवारी, दीपक केसरवानी, नरेश श्रीवास्तव, अखिलेश पांडेय, राजेश गोस्वामी, धर्मराज कुशवाहा, आभा मिश्रा, प्रीति सेन, रीतू सुसारी, सिम्मी गुप्ता, रीना गोस्वामी, रेखा सिंह, मधु केसरवानी, ऊषा सिंह, सीमा सिंह, रूचि शुक्ला, निहारिका सेन, अंजू गुप्ता, पूनम द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

# रीडर्स से चलने वाला मीडिया ही स्वतंत्र रह सकता है, सरकारी मदद से चलने वाला कॉर्पोरेट मीडिया नहीं: जस्टिस नागरत्ना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट की जज जस्टिस बीवी नागरत्ना ने गुरुवार को कहा कि रीडर्स से चलने वाला प्रेस इंडिपेंडेंट रहने के लिए सबसे अच्छी जगह है, उन्होंने चेतावनी दी कि कॉर्पोरेट ओनरशिप स्ट्रक्चर अक्सर मीडिया ऑर्गनाइज़ेशन को आर्थिक मदद के ज़रिए सरकारी असर के प्रति कमज़ोर बना देते हैं। नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में इंटरनेशनल प्रेस इंस्टीट्यूट (IPI) इंडिया अवॉर्ड फॉर एक्सीलेंस इन जर्नलिज़्म 2025 सेरेमनी में मुख्य भाषण देते हुए जस्टिस नागरत्ना ने ज़ोर देकर कहा कि इंडिपेंडेंट जर्नलिज़्म तभी ज़िंदा रह सकता है जब उसे रीडर्स और सिविल सोसाइटी का सीधा सपोर्ट मिले।

उन्होंने कहा, 'रीडर्स से चलने वाला प्रेस हमेशा पब्लिक इंटरेस्ट की सेवा करने और पॉलिटिकल प्रेशर से बचने के लिए बेहतर जगह पर होता है।' उन्होंने इंडिपेंडेंट रिपोर्टिंग को एक पब्लिक गुड बताया, जिसे सब्सक्रिप्शन के ज़रिए सपोर्ट किया जाना चाहिए। सिविल सोसाइटी को यह समझना चाहिए कि इंडिपेंडेंट रिपोर्टिंग एक पब्लिक गुड है, जिसके लिए पैसे देने चाहिए। दूसरी ओर, अच्छी जर्नलिज़्म सिर्फ़ गुडविल पर नहीं चलती। जब कोई सब्सक्रिप्शन लेता है, तो वे असल में कह रहे होते हैं कि इस तरह की रिपोर्टिंग को सपोर्ट किया जाना चाहिए। अपने रीडर्स से चलने वाला प्रेस हमेशा पब्लिक इंटरेस्ट की सेवा करने और पॉलिटिकल प्रेशर से बचने के लिए बेहतर स्थिति में होता है।

उन्होंने चेतावनी दी कि कॉर्पोरेट के मालिकाना हक वाला मीडिया फॉर्मली इंडिपेंडेंट रह सकता है, लेकिन फिर भी आर्थिक हकीकत और पॉलिटिकल लिंकेज से बंधा हो सकता है। उन्होंने कहा, 'प्रेस स्टेट से आज़ाद हो सकता है। फिर भी कॉर्पोरेट पावर पर डिपेंडेंट हो सकता है, जो बदले में स्टेट के सपोर्ट पर डिपेंडेंट हो सकता है।'जस्टिस नागरत्ना ने चिंता जताई कि डायरेक्ट सेंसरशिप न होने पर भी एडिटोरियल इंडिपेंडेंस पर ओनरशिप के हितों और फाइनेंशियल डिपेंडेंसी का असर पड़ सकता है।

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि प्रेस की आज़ादी के लिए सबसे गंभीर खतरे संविधान के आर्टिकल 19(2) के तहत सीधे प्रतिबंधों से नहीं, बल्कि आर्टिकल 19(6) के तहत सही ठहराए गए आर्थिक और रेगुलेटरी प्रेशर से पैदा होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि ओनरशिप के नियम, लाइसेंसिंग कानून, टैक्सेशन पॉलिसी, एडवरटाइजिंग सिस्टम और एंटीट्रस्ट रेगुलेशन फॉर्मल कॉन्स्टिट्यूशनल कंप्लायंस बनाए रखते हुए इनडायरेक्टली एडिटोरियल चॉइस को शेप दे सकते हैं।

उन्होंने कहा, 'कानून प्रेस को चुप नहीं करा सकता, लेकिन यह उन कंडीशन को शेप दे सकता है, जिनके तहत स्पीच बनाई जाती है।' प्रेस की आज़ादी के लिए सबसे गंभीर खतरे आर्टिकल 19(2) के तहत सीधे सेंसरशिप से नहीं, बल्कि आर्टिकल 19(6) के तहत सही ठहराए गए रेगुलेशन से पैदा होने की संभावना है। ओनरशिप के नियम, लाइसेंसिंग कानून, एडवरटाइजिंग पॉलिसी, टैक्सेशन और तेज़ी से बढ़ते एंटीट्रस्ट कानून सभी को आर्थिक रेगुलेशन के तौर पर बचाया जा सकता है, भले ही उनका एडिटोरियल इंडिपेंडेंस पर गहरा असर हो। यह राज्य को आर्टिकल 19(1)(a) का औपचारिक पालन करते हुए इनडायरेक्टली प्रेस को प्रभावित करने की इजाज़त देता है। इस तरह आज़ादी कानून में हो सकती है, लेकिन असल में कमज़ोर हो सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### झामुमो केंद्रीय समिति सदस्या उपासना मरांडी ने, मृतक के परिवार से मिलकर जताई संवेदना



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** प्रखंड क्षेत्र के बन्नोग्राम पंचायत अंतर्गत उमापहाड़ी निवासी बोलटू कुनाई की आंध्र प्रदेश के नेल्लोर में, मौत होने की जानकारी पर उनके घर पहुंची केंद्रीय कमेटी सदस्या उपासना मरांडी ने, शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। बोलटू कुनाई काम के सिलसिले मे बैंगलोर जा रहा था। पर बीच रास्ते मे ही जाते समय उनकी मौत हो गई थी। जानकारी पाकर मृतक के घर पहुंची उपासना मरांडी ने परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। उपासना को देखते बोलटू कुनाई के परिवार के लोग रोने लगा। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और परिवार के मुखिया की अकास्मिक मौत पर, सरकार के तरफ से मिलने वाली सहायता दिलवाने का आश्वासन दिया। केंद्रीय कमेटी सदस्या ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर, पीड़ित परिवार को हर सम्भव मदद उपलब्ध कराने की बात कही। इस दौरान पंचायत समिति सदस्या रिमा रविदास, सुरज रविदास, कस्टम कुनाई, मिलन कुनाई, निताय कुनाई आदि मौजूद रहे।

### आज विविध कार्यक्रमों में शामिल होगें प्रमोद तिवारी

**लालगंज , प्रतापगढ़।** राज्य सभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज सोमवार को रामपुरखास के दौरे पर आयेगें। सांसद प्रमोद तिवारी पूर्वान्ह साढ़े ग्यारह बजे मुस्तफाबाद में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेगें। इसके बाद साढ़े बारह बजे सांगीपुर बाजार में लोगों से मुलाकात करेगें। दिन में सवा एक बजे वह बाबा घुइसरनाथ जी का दर्शन पूजन करेगें। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने दी है।

### जरूरतमंद महिलाओं की मदद को आगे आए रक्तदाता

**शक्ति सिंह ने 18वीं और रिक्की चौरसिया ने छठवीं बार किया रक्तदान**

**ललितपुर।** जय अम्बे रक्तदान समिति द्वारा एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की गई। समिति को सूचना मिली कि दो जरूरतमंद महिला मरीजों के परिजन रक्त के लिए परेशान हैं, क्योंकि उनका ब्लड ग्रुप मरीजों से मैच नहीं हो रहा था और ब्लड बैंक में भी रक्त उपलब्ध नहीं था। सूचना मिलते ही समिति अध्यक्ष दीपक राठौर और सदस्यों ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए रक्तदाताओं से संपर्क किया। समिति के आह्वान पर रिक्की चौरसिया मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक पहुंचे और उन्होंने मंजू कुशवाहा पत्नी हरिकिशन तालाबपुरा के लिए छठवीं बार रक्तदान किया। वहीं शक्ति सिंह ने शशि पत्नी राजपाल, ग्राम मैखुवा जाखलौन के लिए 18वीं बार अपना बहुमूल्य रक्तदान कर सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया। समय पर रक्त उपलब्ध होने से दोनों महिलाओं के परिजनों ने राहत की सांस ली और जय अंबे रक्तदान समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर सहित समिति सदस्य कन्हैयालाल रजक का आभार व्यक्त किया। इस दौरान अध्यक्ष दीपक राठौर, समाजसेवी कन्हैयालाल रजक, सुजल चौरसिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। समिति पिछले 17 वर्षों से जरूरतमंद मरीजों की लगातार सहायता कर रही है और क्षेत्र में सेवा कार्यों के लिए जानी जाती है।

### BIT मेसरा छात्रा के साथ दुष्कर्म, दोस्त ने नशीला पदार्थ खिलाकर किया बेहोश; फिर...

झारखंड की राजधानी रांची में एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां बोकारो की रहने वाली एक छात्रा के साथ उसके ही दोस्त ने दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता रांची के BIT मेसरा में पढ़ाई करती है।

**BIT मेसरा छात्रा के साथ दुष्कर्म**

पीड़िता ने बताया कि 25 फरवरी की रात उसके दोस्त ने उसे अपने कमरे में बुलाया और खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे बेहोश कर दिया। इस दौरान युवक ने उसका मोबाइल फोन भी अपने पास रख लिया ताकि वह किसी से संपर्क न कर सके। जब छात्रा बेहोश हुई, तो आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसे रिम्स के पास छोड़ दिया।

**आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी**

होश आने पर छात्रा ने अपने घरवालों को फोन किया और पूरी घटना बताई। इसके बाद परिवार के साथ जाकर उसने सदर थाना में आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। वहीं, पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। मामले में प्रबंधन ने बताया कि छात्रा हॉस्टल में नहीं थी। प्रबंधन की ओर से उसके घरवालों को संपर्क किया गया तो छात्रा के पिता ने कॉलेज प्रबंधन को बताया कि छात्रा उनके साथ है। इस घटना की जानकारी कॉलेज प्रबंधन को नहीं है।

## सांसद मनीष जायसवाल की पहल पर दारू प्रखंड में सेवा का सराहनीय प्रयास : छह बहनों को विवाह पूर्व लहंगा भेंट

**●बेटियों की मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है, उनका सम्मान हमारा दायित्व बनता हैं : करण जायसवाल**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सदर विधानसभा क्षेत्र के दारू प्रखंड में जनसेवा और सामाजिक संवेदनशीलता का एक प्रेरक दृश्य देखने को मिला। सांसद मनीष जायसवाल की पहल पर उनके सुपुत्र करण जायसवाल ने प्रखंड के विभिन्न गांवों में पहुंचकर विवाह के पूर्व छह बहनों को अपने हाथों से उपहार स्वरूप लहंगा भेंट किया और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की मंगलकामना की। इस अवसर पर करण जायसवाल ने कहा कि बेटियां किसी भी समाज की असली शक्ति होती हैं। उनकी खुशियों में सहभागी बनना और जरूरत के समय उनके साथ खड़ा रहना ही हमारे संस्कार और कर्तव्य का परिचायक है। यदि हमारी छोटी-सी पहल से किसी परिवार के चेहरे पर मुस्कान आती है, तो यही हमारे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है।

उनकी इस पहल से दारू प्रखंड में सकारात्मक संदेश गया है। आम जनता के बीच करण जायसवाल की छवि एक संवेदनशील, सक्रिय और जमीनी कार्यकर्ता के रूप में और सुदृढ़ हुई है। स्थानीय लोगों ने इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से राजनीति में सेवा और समर्पण की भावना मजबूत होती है। क्षेत्रवासियों का मानना है कि सांसद मनीष जायसवाल के साथ उनके सुपुत्र करण जायसवाल भी निरंतर सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते हैं और समाज के कमजोर वर्गों के लिए आगे आकर सहयोग करते हैं। बेटियों के सम्मान में उठाया गया यह कदम सामाजिक एकता और मानवीय मूल्यों का प्रतीक बनकर सामने आया है। कार्यक्रम के दौरान जिला सांसद प्रतिनिधि जीवन मेहता, सदर विधानसभा सांसद प्रतिनिधि किशोरी राणा, दारू प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि बलदेव बाबू, मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार, विकास यादव, अजीत यादव, विनोद राणा सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। परिवारजनों एवं स्थानीय नागरिकों ने इस पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कोरियाडीह शिव मंदिर प्रांगण में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन

**●मुखिया राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में रंग, फगुआ गीत और सामूहिक भोज के साथ आपसी सद्भाव का दिया गया संदेश**

**होली आपसी सद्भाव, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है : राजेन्द्र प्रसाद**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर धनवार पंचायत अंतर्गत कोरियाडीह स्थित शिव मंदिर प्रांगण में भव्य होली समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने की। समारोह में पंचायत के बुजुर्ग, युवा, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए, जिससे पूरा परिसर उत्साह और उमंग से सराबोर हो उठा।समारोह के दौरान गायक मंडली के कलाकार जीतू झारखंडी व उनकी पूरी टीम ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर पारंपरिक फगुआ गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। रंग-अबीर उड़ते रहे और ग्रामीण संगीत की धुन पर लोग झूमते नजर आए। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सौहार्द का संदेश दिया। पूरा वातावरण रंगों की खुशियों और उत्सव की उमंग से भरा रहा।इस अवसर पर मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि होली आपसी सद्भाव, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सामूहिक आयोजन समाज को जोड़ने और रिश्तों को मजबूत करने का कार्य करते हैं। साथ ही उन्होंने पंचायत के विकास कार्यों में सभी से सहयोग की अपील करते हुए एकजुट होकर क्षेत्र की प्रगति में सहभागी बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान लजीज व्यंजनों की भी विशेष व्यवस्था की गई थी। पारंपरिक पकवानों का लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। रंग, संगीत और स्वादिष्ट व्यंजनों से सजा यह होली समारोह दोपहर तक उल्लासपूर्वक चलता रहा और पूरे क्षेत्र में सौहार्द का संदेश देता रहा। मौके पर मुखिया राजेंद्र प्रसाद के अलावा सामाजिक कार्यकर्ता सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि डोमन पाण्डेय, सुरेश प्रसाद कुशवाहा, अजय कुशवाहा, नंदलाल प्रसाद, प्रकाश साव, अनिल प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद, प्रकाश प्रसाद, गणेश प्रसाद, तारकेश्वर प्रसाद, संतोष प्रसाद, सुधीर प्रसाद, घनश्याम प्रसाद, बनवारी महतो, तेज नारायण प्रसाद, शंभू महतो, संजय प्रसाद कुशवाहा, गोविंद प्रसाद, किशोर प्रसाद, बालेश्वर प्रसाद, अनिल प्रसाद, बैजनाथ यादव, उमेश यादव, संजय यादव, रवि यादव, संतोष यादव, विकास यादव, केशव यादव, नागेश्वर प्रसाद, हरि प्रसाद, अजीत प्रसाद, रामजी प्रसाद, राजकुमार प्रसाद, अरविंद कुमार भारती, राजेंद्र प्रसाद उर्फ राजन प्रसाद, गणेश प्रसाद, उमेश प्रसाद, मनोज केशरी, महेन्द्र प्रसाद, राजू प्रसाद, कौशल प्रसाद, सोहन महतो, मोहन प्रसाद सहित सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## मानवता की अनूठी मिसाल ओबरा में श्री राम सेवा समिति का खिचड़ी अभियान सातवें महीने में प्रवेश

**●प्रेरक संदेश खुद बदलें, समाज बदलेगा**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ओबरा/सोनभद्र –** जनपद के ओबरा नगर में सेवा और समर्पण की एक ऐसी धारा बह रही है, जिसने समाज के सामने नर सेवा ही नारायण सेवा के मंत्र को जीवंत कर दिया है। श्री राम सेवा समिति द्वारा शुरू किया गया निस्वार्थ खिचड़ी वितरण अभियान आज अपने सफर के सातवें महीने में सफलतापूर्वक प्रवेश कर चुका है। 23 अगस्त 2025 (भाद्रपद शनि अमावस्या) के पावन संयोग से शुरू हुआ यह सेवा प्रकल्प आज 28 फरवरी 2026 को भी उसी ऊर्जा और अटूट निष्ठा के साथ निरंतर जारी है। इस अभियान की नींव पिछले वर्ष शनि अमावस्या के परिघ योग में रखी गई थी। प्रातः काल के विशेष शुभ मुहूर्त (4:34 से 5:22 बजे) में पूजन और स्नान-दान की परंपरा के साथ शुरू हुई यह यात्रा अब एक जन-आंदोलन का रूप ले चुकी है। समिति के संस्थापक और वरिष्ठ पत्रकार अजीत सिंह के नेतृत्व में यह अभियान समाज को नई दिशा दे रहा है।अभियान की सफलता पर प्रकाश डालते हुए अजीत सिंह ने समाज को जागृत करने वाला मूल मंत्र साझा किया आइए मिलकर परिवर्तन लाएं। भविष्य की ओर कदम बढ़ाते हुए पहले खुद को बदलें; जब हम बदलेंगे तो समाज बदलेगा, और जब समाज बदलेगा तो देश स्वतः ही प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। खिचड़ी वितरण के दौरान ओबरा नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष और अभिभावक तुल्य उमाशंकर सिंह (चाचा जी) ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने समिति के इस भगीरथ प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी निरंतरता और निस्वार्थ निष्ठा आज के युग में विरले ही देखने को मिलती है। उन्होंने पूरी टीम को इस पुनीत कार्य को आजीवन जारी रखने का शुभाशीष दिया। इस अभियान को गति देने में एक समर्पित टीम दिन-रात जुटी हुई है। ओमप्रकाश सिंह, रीता कुमारी, सरिता सिंह, करण चोगले और उमाशंकर केसरी जैसे सदस्यों ने अपनी त्याग और सेवा भावना से समाज में एक अमिट छाप छोड़ी है। आज 28 फरवरी (शनिवार) के वितरण में अविनाश श्रीवास्तव (समाजसेवी), अनिल सिंह, आदित्य वर्मा, बाबूराम सिंह, मुकेश प्रसाद और अनिल गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। इन सभी सहयोगियों के योगदान से ही यह वितरण निरंतर सुचारू रूप से संचालित हो रहा है। समिति द्वारा परोसी जाने वाली खिचड़ी अपनी शुद्धता और पौष्टिकता के लिए पूरे क्षेत्र में विख्यात है। पत्रकार अजीत सिंह स्वयं अपनी देखरेख में अत्यंत साफ-सफाई के साथ इसे तैयार करवाते हैं।

खिचड़ी की पौष्टिक संरचना हरी सब्जियाँः गाजर, कोहरा, पालक, चुकंदर, लौकी, आलू, टमाटर, पत्ता गोभी, फूल गोभी, मटर और शिमला मिर्च।

प्रोटीन स्रोतः चना, राजमा, सोयाबीन, मूंगफली (मोम बादाम) और खीरा। स्वाद का तड़काः अदरक, मिर्च, हरा धनिया और शुद्ध मसालों का उचित मिश्रण। श्री राम सेवा समिति का यह प्रयास अब मात्र एक वितरण कार्यक्रम नहीं, बल्कि ओबरा की नई पहचान बन चुका है। निस्वार्थ भाव से समाज सेवा में जुटी यह टीम यह सिद्ध कर रही है कि यदि संकल्प दृढ़ हो और भावना नेक हो, तो संसाधनों की कभी कमी नहीं आती। ओबरा की जनता इस पहल से जुड़कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रही है।

## होली को लेकर पुलिस अलर्ट, एसपी ने गूगल मीटिंग में तैयारियों की समीक्षा की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** आगामी होली पर्व को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने गूगल मीटिंग के माध्यम से जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना, शाखा, चौकी प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए। एसपी ने निर्देशित किया कि सभी क्षेत्राधिकारी, थाना एवं चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में पूर्व निर्धारित होलिका दहन स्थलों का भौतिक निरीक्षण कर आयोजकों से समन्वय स्थापित करें। होलिका दहन स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल एवं पोस्टर/क्लस्टर पार्टी की ड्यूटी लगाने के भी निर्देश दिए गए। त्यौहार के दौरान भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर एएस चेक टीम द्वारा सघन चैकिंग करने को कहा गया है। साथ ही जनपद की सभी पीआरवी को संवेदनशील स्थानों पर लगातार भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए गए हैं। एसपी ने स्पष्ट किया कि सभी थाना प्रभारी अपने क्षेत्रों में होटल, ढाबा और रेस्टोरेंट सहित सार्वजनिक स्थानों पर नियमित चैकिंग सुनिश्चित करें। क्षेत्राधिकारियों की मौजूदगी में पीस कमेटी की बैठके आयोजित कर आयोजकों से संवाद स्थापित करने और शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने को भी कहा गया। हॉटस्पॉट स्थलों को चिन्हित कर वहां पुलिस बल की तैनाती, होली मिलन समारोह एवं मेलों के स्थलों का निरीक्षण, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई तथा चिन्हित स्थानों पर फायर सर्विस की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए। बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए डीजे संचालकों के साथ बैठक कर कम ध्वनि में डीजे बजाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा अवैध एवं मिलावटी शराब के विरुद्ध अभियान चलाने तथा आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों को चिन्हित कर निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी जारी किए गए। अंत में एसपी ने सभी थाना और चौकी प्रभारियों को लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर होली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए सतर्क रहने को कहा।

## चंदवा एयर एंबुलेंस हादसाः सांसद कालीचरण सिंह ने पीड़ित परिवार से की दूसरी मुलाकात, हरसंभव सहयोग का भरोसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, झारखंडः-** रविवार को चंदवा में हुए एयर एंबुलेंस विमान हादसे के बाद शोकाकुल माहौल के बीच चतरा लोकसभा के लोकप्रिय सांसद कालीचरण सिंह दूसरी बार पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा आर्थिक सहायता प्रदान कर हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि इस दुखद घटना से वे स्वयं मर्माहत हैं और मृतक के आश्रितों के साथ 24 घंटे खड़े हैं। उन्होंने बताया कि आश्रितों को दो करोड़ रुपये का आर्थिक मुआवजा दिलाने के लिए उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बातचीत की है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पीड़ित परिवार को न्याय और उचित मुआवजा दिलाने के लिए हर स्तर पर प्रयास जारी रहेगा। इस अवसर पर नीवर्तमान मंडल अध्यक्ष अमित कुमार, चंदवा पूर्वी मंडल अध्यक्ष आशीष सिंह, लाल रंजन नाथ शाहदेव, नीवर्तमान मंडल महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि दीपक निषाद, विधायक प्रतिनिधि आदर्श रविराज, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विनय रिकी वर्मा, चंद्रभूषण केसरी, संजीव आजाद, मुरारीलाल साहू, संजय साव, प्रेम नाथ गुप्ता, विजय साव, छोटे साव, मनोज पाठक, काशी ठाकुर, आशीष कुमार समेत कई सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने सांसद के इस संवेदनशील कदम की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि सरकार पीड़ित परिवार को शीघ्र उचित सहायता प्रदान करेगी। पूरे क्षेत्र में इस हादसे को लेकर गहरा शोक व्याप्त है।

### ईरान में फंसे एक ही परिवार के 5 सदस्य, दो दिन से टूटा संपर्क, पिता ने सरकार से लगाई वतन वापसी की गुहार

**अंबेडकरनगर-** ईरान में जारी अमेरिका-इजरायल हमलों और तनावपूर्ण हालात के बीच उत्तर प्रदेश के अंबेडकरनगर जिले का एक परिवार गहरी चिंता में है। जिले के शहजादपुर क्षेत्र के अब्दुल्लापुर गांव निवासी एतबार हुसैन अक्कन के परिवार के पांच सदस्य इस समय ईरान में फंसे हुए हैं। पिछले दो दिनों से उनसे कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है, जिससे परिजन बेहद परेशान और चिंतित हैं। परिजनों के मुताबिक एतबार हुसैन अक्कन के पुत्र, दामाद, पुत्री और पुत्री के दो बच्चे पढ़ाई के सिलसिले में ईरान गए हुए थे और वहीं रह रहे थे। बताया जा रहा है कि 27 फरवरी को आखिरी बार पिता की अपने बेटे से फोन पर बात हुई थी, इसके बाद से परिवार के किसी भी सदस्य से संपर्क नहीं हो सका है। ईरान में जारी हमलों और तनावपूर्ण माहौल के बीच संपर्क टूट जाने से परिवार की चिंता और बढ़ गई है। घर पर सभी लोग अपने प्रियजनों की सलामती के लिए लगातार दुआ कर रहे हैं। एतबार हुसैन अक्कन ने बताया कि पहले ही ईरान के धार्मिक नेता अली ख़ामेनेई की मौत की खबर से वह दुखी थे, वहीं अब अपने परिवार के पांच सदस्यों के वहां फंसे होने से मानसिक रूप से बेहद व्यथित हैं।

## एनएच-19 पर बढ़ते सड़क हादसों को लेकर दीपक गुप्ता ने जताई चिंता, केन्द्रीय मंत्री एवं सरकार से हस्तक्षेप की मांग

**●निर्माण कार्य में लापरवाही का आरोप, लगातार दुर्घटनाओं से लोगों में आक्रोश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही/चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** झारखंड के हजारीबाग जिले से गुजरने वाले एनएच-19 जीटी रोड पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर कांग्रेस नेता दीपक गुप्ता ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और निर्माण कंपनियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी और लापरवाही के कारण आए दिन लोगों की जान जा रही है, जिसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। दीपक गुप्ता ने हाल के दिनों में हुई कई दुर्घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि शनिवार रात पिपरा क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं रविवार को धनुआ घाटी में एक ट्रेलर/कंटेनर पलट जाने से बड़ा हादसा हुआ, जिसमें भारी नुकसान हुआ। इसके अलावा सिंघरावाँ में एक ट्रक पलटने की घटना में पैदल राहगीर बाल-बाल बच गए। इन घटनाओं को लेकर उन्होंने सोशल मीडिया पर सवाल उठाते हुए पूछा, एनएचएआई जागा है या सो गया है? उन्होंने कहा कि रोजाना हादसे हो रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि चौपारण से बरकट्ठा तक जीटी रोड के निर्माण कार्य में लगी कंपनियां सुरक्षा मानकों का पालन नहीं कर रही हैं। सड़क पर धूल-मिट्टी, अव्यवस्थित ट्रैफिक व्यवस्था और चेतावनी संकेतों की कमी के कारण दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि टोल प्लाजा से करोड़ों रुपये की वसूली की जा रही है, लेकिन सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। दीपक गुप्ता ने एनएचएआई रांची कार्यालय, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तथा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। साथ ही स्थानीय लोकसभा सांसद से भी इस मुद्दे को संसद में उठाने की अपील की है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जनता की जान से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्थानीय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दुर्घटनाओं की उच्चस्तरीय जांच, दोषी निर्माण कंपनियों पर कड़ी कार्रवाई और सड़क पर पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग की गई है।

## सवर्ण समाज ने मनाया भव्य फाग महोत्सव, एकता और सौहार्द का दिखा संदेश

**●प्रस्तावित यूजीसी बिल का हुआ विरोध, एकता व सौहार्दता से हर्बल होली खेलने की अपील**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** वीर कुंवर सिंह पथ स्थित स्थित क्षत्रिय धर्मशाला में सवर्ण समाज एकता मंच की ओर से भव्य फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बरही, बरसोत, खेरौन, कटियोन, बरहीडीह, गौरिया करमा, करसो, डुमरडीह सहित आसपास के गांवों से सवर्ण समाज के दर्जनों लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ सदस्य कामेश्वर सिंह ने की, जबकि संचालन सोनू कुमार पांडेय ने किया। कार्यक्रम दो सत्र में आयोजित हुआ। जिसका शुभारंभ मां भारती व भवानी के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। संबोधन सत्र में समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने होली के सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए सवर्ण समाज की एकता और आपसी सौहार्द को मजबूत करने पर जोर दिया। साथ ही प्रस्तावित यूजीसी बिल का विरोध करते हुए इसे देश की एकता और अखंडता के लिए कमजोर करने वाला बताया।

**फगुआ गीतों पर झूमे लोग, गुलाल से रंगा माहौल**

कार्यक्रम के दूसरे चरण में फाग महोत्सव की शुरुआत हुई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। अनुज सिंह की अगुवाई में कीर्तन मंडली द्वारा फगुआ गीत प्रस्तुत किए गए। गायक प्रदीप पांडेय, लंकेश पांडेय और मोती सिंह के गीतों पर उपस्थित लोग देर तक झूमते रहे। गुलाल की उड़ती बौछारों से पूरा परिसर होलिमय हो गया और कार्यक्रम देर संध्या तक चलता रहा। अंत में सभी ने प्रेम, शांति और सौहार्द के साथ हर्बल रंग-गुलाल से होली मनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रो. मिथिलेश सिंह, डोमन पांडेय, राजदेव सिंह, सत्येंद्र सिंह, जयदीप कुमार सिन्हा, रविंद्र सिंह, किशोर सिंह, बिनोद कुमार सिंह, चंद्रदीप कुमार सिंह, अवधेश सिंह, अभिषेक सिंह, संतोष बख्शी, अरुण बख्शी, अमरनाथ प्रधान, अनिल बख्शी, रामजी उपाध्याय, राजेंद्र सिंह, अशोक कुमार सिंह, फुलेश्वर सिंह, लालकेश्वर सिंह, राकेश पांडेय, जगदीश सिंह, प्रकाश सिंह, अश्वनी कुमार सिन्हा, विमल कुमार बख्शी, अमित रंजन, संतोष सिंह, सुशील सिंह, दिलीप सिंह, सचिन सिंह, बृंदा सिंह, महेश सिंह, विजय सिंह तथा आदित्य सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## गायत्री को मिस पल्हारी, इंद्रजीत सिंह को मिस्टर पल्हारी खिताब मिला

**●- पीएम श्री पल्हारी में धूमधाम से सम्पन्न हुआ तृतीय पूर्व छात्र सम्मेलन व वार्षिकोत्सव**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश –** पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पल्हारी में तृतीय पूर्व छात्र सम्मेलन एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ किया गया। इस दौरान गायत्री को मिस पल्हारी व इंद्रजीत सिंह को मिस्टर पल्हारी खिताब प्रदान किया गया। वहीं आकाशवाणी ओबरा में कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले दस विद्यार्थियों को स्टार ऑफ द पल्हारी खिताब प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि युवा नेता बब्लू धांगर उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रभू नारायण सिंह (प्रधानाध्यापक, उप्रा मऊकला), एआरपी द्वय रमेश कुमार सिंह एवं अरविंद कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जय प्रसाद चौरसिया (प्रधानाध्यापक) ने की, जबकि संचालन डॉ. बृजेश कुमार सिंह महादेव (ब्लॉक स्काउट मास्टर, नगवां) द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रधान जागेश्वर सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

स्वागत गीत के उपरांत पूर्व छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षा पर आधारित नाट्य प्रस्तुति दी गई, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राष्ट्रीय गीत, करमा नृत्य, भक्ति गीत, लघु नाटिका सहित अनेक रंगारंग प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं।

इस अवसर पर डॉ. बृजेश महादेव के साथ आकाशवाणी ओबरा में कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले दस विद्यार्थियों को 'स्टार ऑफ द पल्हारी' सम्मान से नवाजा गया। वहीं गायत्री को मिस पल्हारी तथा इंद्रजीत सिंह को मिस्टर पल्हारी का खिताब प्रदान किया गया। विजयगढ़ से आए जादूगर अनिल शर्मा के जादुई कार्यक्रम ने बच्चों व अभिभावकों का विशेष मनोरंजन किया।

आयोजन समिति में राज बहादुर सिंह (यूपीपी), आर.डी. सिंह (प्रधानाचार्य) एवं शिवशंकर मसराम का योगदान सराहनीय रहा, जिन्हें मछेन्द्र महादेव महोत्सव के संयोजक डॉ. बृजेश महादेव द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में दीपक मौर्य, पवन सिंह, रमेश कुमार, चंद्रिका सिंह, राम बहाल, सुदामा प्रसाद (ग्राम प्रधान), विन्दू (बीबीसी), विशाल कुमार, गुलाब, सुरेश प्रजापति, केदार सिंह, उर्मिला देवी, मनीषा सहित सैकड़ों अभिभावक उपस्थित रहे। पहाड़ी क्षेत्र में इस प्रकार के आयोजनों को शैक्षिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अनुकरणीय बताया गया।

# संक्षिप्त खबरें

## होमगार्ड को सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई



**कोंच(जालौन)**– कोतवाली परिसर में रविवार को होमगार्ड कंपनी कोंच के वरिष्ठ होमगार्ड राजकुमार कुशवाहा को सेवानिवृत्ति पर भावनात्मक विदाई दी गई। विदाई के लिए सादे समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश बहादुर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर उन्हें श्रीफल और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सहकर्मियों ने भी माल्यार्पण कर उन्हें सम्मानित किया और उपहार भेंट किए। समारोह के दौरान राजकुमार कुशवाहा ने अपने लंबे सेवा काल के अनुभव साझा करते हुए कहा, ईमानदारी और अनुशासन ही किसी भी सेवा की सबसे बड़ी ताकत होती है। इस मौके पर अतिरिक्त निरीक्षक लल्लूराम रावत, वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार, पीआरडी जिलाध्यक्ष उमेश सिंह परिहार, होमगार्ड कंपनी कोंच से घनश्याम दास, राजकुमार पांडे, उरई से जयप्रकाश, रामअवतार सीसी, सत्यप्रकाश, महेश कुमार, पीयूष कुमार, रामनारायण सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी व होमगार्ड मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार बाइक ने बालक को मारी टक्कर, पैर टूटा

**ललितपुर।** थाना महरौनी के अंतर्गत ग्राम बम्हौरीघाट में एक तेज रफ्तार मोटर साइकिल चालक की लापरवाही के कारण एक मासूम बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना 25 फरवरी 2026 की शाम करीब 6 बजे की है, जब पीड़ित बालक अजीत अपने भाई लव के साथ नहर के पास कलारी की दुकान के किनारे खड़ा था। पीड़ित के पिता चन्द्रभान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसी समय गांव का ही निवासी भानसिंह पुत्र नाथूराम अपनी मोटर साइकिल (नंबर यू.पी. 94 एक्स 6617) को बेहद तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए आया। बाइक ने बालक अजीत को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। इस दुर्घटना में बालक के बाएं पैर में गंभीर चोटें आई और पैर फ्रैक्चर हो गया। पीड़ित के अनुसार, दुर्घटना के बाद आरोपी भानसिंह मौके से फरार हो गया और घायल बच्चे के इलाज में कोई मदद नहीं की। पिता का आरोप है कि जब वह तीन बार आरोपी के घर बातचीत करने और इलाज के खर्च की मांग करने गए, तो आरोपी और उसके पिता नाथूराम ने दबंगई दिखाते हुए साफ मना कर दिया और अभद्र व्यवहार किया। पीड़ित पिता, जो एक गरीब मजदूर है, ने बताया कि उसने निजी तौर पर कर्ज लेकर टीकमगढ़ अस्पताल में पुत्र का इलाज कराया, जिसमें अब तक लगभग 6 हजार रुपये खर्च हो चुके है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी भानसिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125(ए) व 125(बी) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## रात में बुलाकर महिला से अश्लील हरकत

**जान से मारने की धमकी, आरोपी पर केस दर्ज**

**ललितपुर।** थाना तालबेहट क्षेत्र में एक महिला को रात में बहाने से घर से बुलाकर अश्लील हरकत करने और जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कस्बा निवासी एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह एक ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत हैं। आरोप है कि 26 फरवरी 2026 की रात करीब 11.30 बजे नामजद व्यक्ति उनके घर आया और अपने छोटे भाई की पत्नी की प्रसव पीड़ा का हवाला देकर उन्हें सरकारी अस्पताल चलने को कहा। पीड़िता के मुताबिक, रिश्तेदारी के नाते वह आरोपी की मोटर साइकिल पर बैठकर चल दीं, लेकिन आरोपी उन्हें अस्पताल ले जाने के बजाय झांसी रोड की ओर ले गया और अपने बहनोई के घर के अंदर ले जाकर उनके साथ अश्लील हरकत करने लगा। विरोध करने और बाहर निकलने पर आरोपी ने पैसे का लालच दिया और फिर जान से मारने की धमकी देते हुए उन्हें रास्ते में उतार दिया। पीड़िता ने आशंका जताई है कि रोजाना नौकरी पर आने-जाने के दौरान उसके साथ कोई भी अप्रिय घटना हो सकती है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त नामजद व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 79 और 351(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# राशन के लिए दर-दर भटक रहे गरीब, बरमोरी में फूटा जनाक्रोश

**●होली से पहले नहीं मिला फरवरी का राशन, ग्रामीणों का प्रदर्शन – कोटेदार पर कार्रवाई की मांग**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोन /सोनभद्र**- विकासखंड कोन अंतर्गत ग्राम पंचायत बरमोरी में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की बदहाल व्यवस्था के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा सड़कों पर उतर आया। महीनों से समय पर राशन न मिलने से परेशान ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन कर कोटेदार पर तत्काल कार्रवाई की मांग उठाई। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी नियमों के अनुसार निर्धारित तिथि पर राशन वितरण नहीं किया जा रहा है। गरीब, मजदूर एवं जरूरतमंद परिवारों को बार-बार कोटेदार की दुकान के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें राशन खत्म होने या वितरण न होने का हवाला देकर लौटा दिया जाता है। इससे क्षेत्र के दर्जनों परिवारों के सामने भोजन का संकट खड़ा हो गया है।

राशन कार्ड धारकों ने बताया कि फरवरी माह का राशन भी होली जैसे प्रमुख त्योहार से पहले वितरित नहीं किया गया। पहाड़ी और दूरस्थ क्षेत्र होने के कारण यहां के लोगों की आजीविका पहले ही सीमित है, ऐसे में सरकारी राशन ही गरीब परिवारों का मुख्य सहारा है। राशन न मिलने से कई घरों में चूल्हा जलाना तक मुश्किल हो गया है।

महिलाओं और बुजुर्गों ने बताया कि उन्हें कई-कई बार दुकान पर जाना पड़ता है, जिससे समय और मजदूरी दोनों का नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी योजनाओं का लाभ कागजों में तो दिखाया जा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। मिली जानकारी के अनुसार ऑफ लाईन दुकान है अभी भी लगभग 400 से ऊपर लोगों का ई केवाईसी नहीं हो पाया है जहाँ सबसे बड़ी समस्या नेटवर्क कनेक्टविटी व आधार ई केवाईसी की है जिससे लोगों के सामने समस्या उत्पन्न हो रही है। आवश्यता है राशन कार्ड धारकों को जागरूक करें व आधार सेंटर पर जाकर राशन कार्ड में दर्ज सदस्यों का आधार ई केवाईसी कराने की ताकि इस तरह की समस्या उत्पन्न न हो ।

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने आरोप लगाया कि इस संबंध में कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र के अन्य गांवों को साथ लेकर बड़ा जनआंदोलन शुरू किया जाएगा।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी कोटेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा नियमित और पारदर्शी तरीके से राशन वितरण सुनिश्चित कराया जाए, ताकि गरीबों को उनके अधिकार से वंचित न होना पड़े।

प्रदर्शन में विनय कुशवाहा, कन्हैयालाल, राघवेन्द्र, जितेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, श्रवण कुमार, रामभोग, रजवंती, मालती, सिरपतिया, फूल कुमारी, सोमरी देवी, फूल पतिया सहित दर्जनों महिलाएं एवं बुजुर्ग शामिल रहे। इस संबंध में खाद्य पूर्ति निरीक्षक निर्मल सिंह ने सेल फोन पर बताया कि मामले की जांच कराई जायेगी और शिकायत सही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## घात लगाकर लाठी-डंडों से हमला, तीन लोग घायल

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र के ग्राम कुआघोषी में पुरानी रंजिश को लेकर घात लगाकर किए गए हमले का मामला सामने आया है। आरोप है कि दो लोगों ने एक व्यक्ति पर कुल्हाड़ी और डण्डों से हमला कर दिया, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम कुआघोषी निवासी मनोहर सिंह पुत्र तुलाराम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 27 फरवरी 2026 की शाम करीब 6 बजे वह घर से गांव की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह मड़ावरा रोड स्थित आरोपियों के मकान के सामने पहुंचे, वहां पहले से घात लगाए बैठे बहादुर सिंह और यशवंत सिंह पुत्र स्व. अमोल सिंह ने उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से कुल्हाड़ी और डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे जयपाल सिंह और उनकी पत्नी विनीता को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों को पहले सीएचसी महरौनी ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें ललितपुर रेफर किया गया। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि आरोपी आगे भी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने बहादुर सिंह और यशवंत सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352, 351(3) व 126(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# 4 मार्च को महामूर्ख सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच (जालौन)**– आगामी 4 मार्च को होने वाले महामूर्ख सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। बुंदेली संस्कृति एवं लोक कला संवर्धन संस्थान, कोंच के तत्वाधान में होने वाले इस रंगारंग कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए संस्था के पदाधिकारियों के अलावा इसमें सहभागिता करने वाले अन्य सहयोगी भी व्यापक तैयारियों में जुटे हैं। इस बार महामूर्ख वरिष्ठ गल्ला व्यापारी सुशील मास्टर को चुना गया है। व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए रविवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश बहादुर सिंह ने बारात मार्ग और कार्यक्रम स्थल केरलगंज का निरीक्षण किया। संस्थान के पदाधिकारी सम्मेलन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने में जुटे हैं। प्रशासन भी सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर सतर्क दिखाई दे रहा है। निरीक्षण के दौरान बारात के निर्धारित रूट का अवलोकन किया गया। तय कार्यक्रम के अनुसार सम्मेलन की बारात मंडी परिसर स्थित पवनसुत इंटरप्राइजेज से प्रारंभ होगी। इसके बाद बारात मार्कडेश्वर तिराहा, रेलवे फाटक, सागर चौकी, स्टेट बैंक, लवली चौराहा होते हुए केरलगंज स्थित कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेगी। कोतवाली प्रभारी ने मार्ग में संभावित भीड़, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोजन के दौरान शांति एवं व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर संस्थान से जुड़े पदाधिकारी हरिश्चंद्र तिवारी, चुने गए महामूर्ख सुशील पटेल मास्टर, अंशुल मिश्रा, बंटे राठौर, महेंद्र दीवोलिया, पंचम पटेल सहित तमाम लोग मौजूद रहे। सभी ने कार्यक्रम को सफल और यादगार बनाने की बात कही। नगर में आयोजित होने जा रहे इस अनूठे सम्मेलन को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

# हथवानी में अज्ञात वाहन की चपेट में पत्नी की दर्दनाक मौत, पति व बालक घायल

**●परिजनों में मचा कोहराम, पुलिस जाँच में जुटि**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हाथीनाला /सोनभद्र**–स्थानीय थाना क्षेत्र के रेणुकूट मार्ग पर हथवानी गांव के पास रेणुकूट की तरफ से आ रही बाइक पर सवार एक महिला की अज्ञात वाहन से कुचल कर मौके पर ही मौत हो गई साथ में बाइक पर सवार पति और बालक अचिन्त्य वर्ष लगभग 10 वर्ष मामूली रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि बाइक पर सवार होकर पति और बालक के साथ महिला रेणुकूट से तेलगुड़वा की तरह जा रहे कि हाथीनाला थाना क्षेत्र के रेणुकूट मार्ग पर हाथवानी गांव के पास रविवार की तड़के सुबह बाइक किसी वाहन की चपेट में आ गई जिससे वाहन से कुचल कर महिला की मौके पर ही मौत हो गई।


हादसे में बाइक पर सवार पति और बालक भी मामूली रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार आशुतोष त्रिपाठी उर्फ लालबाबू पुत्र राजीव नयन त्रिपाठी निवासी मिटीहिनिया टोला लालबिजौरा निवासी किसी कंपनी में एम आर का कार्य व अपने बच्चों की शिक्षा की वजह से रहते थे। बताया जा रहा है कि उनकी दो लड़कियां मोनी, छोटी व एक बालक अचिन्त्य हैं। होली की त्यौहार के चलते अपने बच्चों व पत्नि सहित घर जा रहे थे कि अचानक घटना घटित हो गई।

इस दर्दनाक घटना से बच्चों के ऊपर से माँ का साया हट गया वहीं घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

सूचना मिलते ही हाथीनाला पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस दुद्धी भेज दिया । पुलिस हादसे की जांच पड़ताल करते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुट गई है । थाना प्रभारी हाथीनाला नागेश सिंह ने बताया कि बाइक सवार आशुतोष त्रिपाठी पुत्र राजीव नयन त्रिपाठी निवासी मिटीहिनिया टोला लालबिजौरा थाना कोन सोनभद्र उम्र 46 वर्ष अपनी पत्नी खुशबू त्रिपाठी उम्र 33 वर्ष के साथ मोटरसाइकिल से रेणुकूट की तरफ से हाथीनाला की तरफ आ रहे थे कि हाथीनाला थाना से 2 किमी पहले पीछे से डीसीएम ट्रक ने बाइक की डिक्की में टक्कर मार दिया जिससे उनकी पत्नी रोड पर गिर गई और आशुतोष त्रिपाठी सड़क किनारे कच्चे में चले गए आशुतोष त्रिपाठी बच गए उनकी पत्नी खुशबू त्रिपाठी की मौके पर ही मृत्यु हो गई है मृतका की शव को पोस्टमार्टम हेतु दुद्धी स्थित मोर्चरी भेज दिया गया है दुर्घटना में शामिल वाहन को पकड़ लिया गया है ।

# सोनभद्र बिल्ली मारकुंडी में खनन प्रस्ताव पर सरकारी लोक सुनवाई, ग्रामीणों ने लगाया भारी धांधली का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ओबरा (सोनभद्र)।** खनन के लिए विख्यात सोनभद्र का बिल्ली मारकुंडी क्षेत्र एक बार फिर प्रशासनिक खींचतान का केंद्र बन गया है। शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय, कोटा टोला के परिसर में आयोजित लोक सुनवाई चर्चा के बजाय विवादों की भेंट चढ़ गई। स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर प्रक्रियाओं की महज़ खानापूर्ति और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। जनसुनवाई में मौजूद प्रदर्शनकारियों का सबसे बड़ा प्रहार अपर जिला अधिकारी (ष्ठरू) की कार्यप्रणाली पर रहा। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि सुनवाई का आयोजन केवल कागजों पर कोरम पूरा करने के लिए किया गया था। स्थानीय निवासी अभिषेक अग्रहरि का दावा है कि वास्तविक प्रभावित ग्रामीणों को दरकिनार कर, प्रशासन द्वारा कुछ खास लोगों को ही भीड़ के रूप में पेश किया गया, ताकि बिना किसी शोर-शराबे के प्रस्तावों को हरी झंडी मिल सके। आरोप है कि अधिकारियों ने पहले से तैयार दस्तावेजों पर चुनिंदा लोगों के हस्ताक्षर लेकर कार्यवाही को आनन-फानन में संपन्न कर दिया। नियमों के अनुसार, जनसुनवाई का मूल उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान करना है, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार निम्नलिखित ज्वलंत मुद्दों पर कोई बात नहीं हुई।खनन से उड़ती धूल और धमाकों का प्रभाव। भूजल स्तर में भारी गिरावट और स्वच्छ पानी की अनुपलब्धता। खनन क्षेत्र के पास मेडिकल कैंप और बुनियादी इलाज की कमी। जब हमें अपनी बात रखने का मौका ही नहीं दिया गया और सवाल पूछने पर अनसुना कर दिया गया, तो इसे लोक सुनवाई कैसे कहें? यह सीधे तौर पर हमारे स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आयोजित इस सुनवाई में चार आवेदकों के पट्टों की पर्यावरणीय स्वीकृति पर चर्चा होनी थी। केशरी देवी (पत्नी हरिराम प्रसाद) मंजीत कुमार (पुत्र स्व. उपेन्द्र नाथ सिंह) चन्द्र शेखर (पुत्र स्व. पंचानन) बेबी गुप्ता (पत्नी कृष्णानन्द गुप्ता) ग्रामीणों ने अब इन चारों प्रस्तावों के लिए ली गई तथाकथित सहमति को सिरे से खारिज करते हुए इसे अवैध घोषित कर दिया है।

पर्यावरण नियमों के तहत, खनन की अनुमति तभी मिलती है जब आवेदक धूल और शोर नियंत्रण की आधुनिक तकनीक, सघन वृक्षारोपण और स्थानीय विकास का स्पष्ट खाका पेश करे। लेकिन कोटा टोला में हुई इस सुनवाई में जमीनी हकीकत इन सरकारी दावों और नियमों से कोसों दूर नजर आई।

क्षेत्र के प्रभावित परिवारों ने इस पूरी प्रक्रिया की उच्चस्तरीय जांच की मांग उठाई है। ग्रामीणों का स्पष्ट संदेश है कि जब तक पारदर्शी और निष्पक्ष जनसुनवाई दोबारा आयोजित नहीं की जाती, तब तक इन खनन पट्टों को पर्यावरणीय स्वीकृति देना गैर-कानूनी और जनविरोधी कदम होगा।

# सोनांचल कप रोमांचक मुकाबले में सोनभद्र एलेवन ने नाइन स्टार ओबरा को 1 रन से दी शिकस्त

**●अगला मुकाबला कल भदोही बनाम बोर्ड एलेवन के बीच खेला जाएगा।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ओबरा (सोनभद्र)**– स्थानीय गांधी मैदान में आयोजित 23वें सोनांचल कप राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के आठवें दिन दर्शकों को एक बेहद रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। बनारस पॉलिक्लिनिक सोनभद्र एलेवन और नाइन स्टार क्लब के बीच खेले गए इस मैच में सोनभद्र एलेवन ने मात्र 1 रन से जीत दर्ज कर अगले दौर में अपनी जगह पक्की की। मैच के मुख्य अतिथि ओबरा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद राय व क्राइम प्रभारी इंस्पेक्टर शमशेर यादव रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना के साथ खेलने का संदेश दिया और आयोजन समिति की भव्य व्यवस्था की सराहना की। निर्धारित 25-25 ओवरों के इस मुकाबले की मुख्य बातें निम्नलिखित रहीं।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सोनभद्र एलेवन ने 24.5 ओवर में 178 रन बनाए। धनंजय ने 25 गेंदों पर 37 रन (3 चौके, 2 छक्के) और कुमार सानू ने 30 गेंदों पर 36 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। नाइन स्टार क्लब की ओर से अमित शर्मा पोपट ने घातक गेंदबाजी करते हुए 19 रन देकर 3 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नाइन स्टार की टीम 25 ओवर में 6 विकेट खोकर 176 रन ही बना सकी। आर्यन राज ने 62 गेंदों पर 77 रनों की जुझारू पारी खेली, वहीं विवेक ने 52 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत की दहलीज पार नहीं करा सके। सोनभद्र एलेवन के गेंदबाज पंकज ओझा ने 5 ओवर में 22 रन देकर 4 विकेट चटकाए और मैच का पासा पलट दिया। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन (गेंदबाजी में 4 विकेट) के लिए पंकज ओझा को पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष नीरज भाटिया द्वारा मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया।अंपायर रोशन सिंह एवं सोनू राय। स्कोरिंग छोटू पासवान व हिमांशु। कमेंट्री संकट मोचन झा व राजू यादव।आयोजन सचिव संकट मोचन झा, उपाध्यक्ष राजू यादव, अवर अभियंता ई. शेषनाथ यादव, कलीम खान, अरविंद यादव 'गप्पू', और आयोजन समिति के अन्य सदस्य व खेल प्रेमी भारी संख्या में मौजूद रहे।

# शहीद चन्द्र शेखर आजाद के बलिदान दिवस पर देश भक्ति गीतों से गूंजा कुम्हैड़ी

**●जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया भजन संध्या व ऑर्केस्ट्रा का शुभारंभ**

**आजाद अमर रहें के जयघोष से उत्साहित हुए ग्रामीण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महरौनी (ललितपुर)।** तहसील अंतर्गत ग्राम कुम्हैड़ी में अमर शहीद चन्द्र शेखर आजाद का बलिदान दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। तीन दिवसीय इस आयोजन के दूसरे दिन, 28 फरवरी को भव्य भजन संध्या एवं ऑर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों की प्रस्तुतियों ने समूचे क्षेत्र को राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण एवं विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ ने फीता काटकर व शहीद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य मनोज कुशवाहा, ग्राम प्रधान राघवेन्द्र भौडेले, पूर्व प्रधान संजय भौडेले सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि शहीदों की स्मृति में होने वाले ऐसे आयोजन समाज में नई ऊर्जा और देशभक्ति का संचार करते हैं। वहीं, राज्यमंत्री प्रतिनिधि ने स्वयं को सौभाग्यशाली बताते हुए कहा कि शहीद आजाद की पावन स्मृति में आयोजित कार्यक्रम का हिस्सा बनना गौरव की बात है। सागर से आए रंगोली भजन ऑर्केस्ट्रा के कलाकारों ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का आगाज किया। इसके बाद दिल दिया है जान भी देंगे और ऐ मेरे वतन के लोगों जैसे कालजयी गीतों की प्रस्तुति दी, जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए। विशेष आकर्षण के रूप में राज्यमंत्री प्रतिनिधि ने भी मंच से दो राष्ट्रगीत गाकर जनसमूह का उत्साहवर्धन किया। पूरा परिसर आजाद अमर रहें के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम का सफल संचालन समिति संस्थापक दिनेश विदुआ ने किया। अंत में आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रमोद सीरौठिया ने सभी अतिथियों, कलाकारों और ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान संरक्षक रामशरण दीक्षित, संजय रावत, नीरज चतुर्वेदी, शिवचरन निरंजन, प्रकाश निरंजन, नारायण राजा, सीताराम कुशवाहा, संजय मिश्रा, लक्ष्मीनारायण चौधरी, राजू विरथरे, रामभरत निरंजन, राहुल सरकनया, छोटू सेन, जानू नामदेव, बलराम कुशवाहा, महेन्द्र कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# ललितपुर में वामा सारथी का हेल्थ एंड फिटनेस कैम्प आयोजित

**●पुलिस कर्मियों ने लिया स्वास्थ्य जांच शिविर का लाभ**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर में पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन (वामा सारथी) के तत्वावधान में फिजियोथेरेपिस्ट के सहयोग से पुलिस हेल्थ एण्ड फिटनेस अवेयरनेस कैम्प का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन तथा आयुष विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से संपन्न हुआ। स्वास्थ्य, सुरक्षा और सहयोग वामा सारथी के साथ थीम पर आयोजित इस वामा वेलनेस कैम्प में पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों के लिए विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई। शिविर में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा परामर्श, योग एवं प्राणायाम सत्र, तनाव-नियंत्रण एवं मानसिक स्वास्थ्य वर्कशॉप, नाड़ी परीक्षण, हर्बल मेडिसिन वितरण तथा पुलिस कर्मियों के लिए विशेष हेल्थ चेकअप की सुविधाएं दी गई। इसके साथ ही महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया। कैम्प में ललितपुर पुलिस के बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने कहा कि तनावपूर्ण ड्यूटी के बीच इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर बेहद लाभकारी साबित होते हैं। वामा सारथी टीम ने इस पहल को पुलिस परिवारों के कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि ऐसे वेलनेस कैम्प पुलिस बल के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में सकारात्मक भूमिका निभाते हैं। टीम ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि ललितपुर पुलिस के प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिवार को स्वस्थ, सशक्त और सुरक्षित रखा जा सके।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों का बिगुल, 9 मार्च से शुरू होगा दूसरा चरण

**●अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ ने बनाई चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** टीईटी अनिवार्यता के विरोध में अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ ने बड़ा आंदोलन छेड़ने की तैयारी कर ली है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (सम्बद्ध-अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ, नई दिल्ली) के जिलाध्यक्ष विनोद निरंजन की अध्यक्षता में बीआरसी जखौरा कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में शिक्षकों के हितों को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक में विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लेकर टीईटी अनिवार्यता पर गंभीर चिंता जताई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विनोद निरंजन ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद समस्त शिक्षकों पर लागू की गई टीईटी अनिवार्यता से उत्पन्न स्थिति पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए आरटीई एक्ट से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट दिलाने के लिए उच्च स्तरीय अधिवक्ताओं से संपर्क कर रही है और अनिवार्यता समाप्त कराने की रणनीति बनाई जा रही है। उन्होंने सभी शिक्षकों से आगामी आंदोलन के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। बैठक में एससी/एसटी बेसिक टीचर वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष श्याम बिहारी, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मुहम्मद मुनीर, टीएससीटी के जिला संयोजक आदर्श रावत, अटेवा जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह यादव सहित कई संगठनों के पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे और आंदोलन को व्यापक समर्थन देने की बात कही। इस दौरान जिलाध्यक्ष विनोद निरंजन, जिला मंत्री अनिल त्रिपाठी, ब्लॉक अध्यक्ष जखौरा सत्येंद्र जैन, लखनलाल सेन, हरिश्चंद्र नामदेव, संजीव टडैया, हरिनारायण चौबे, इंदर सिंह पटेल, रामरक्षपाल सिंह, अरविंद सिंह राजपूत, राजेश साध, बाबू सिंह राठौर, आदर्श रावत, मु. असलम, मो. मुनीर, रामेंद्र सिंह यादव, ब्रजेश चौरसिया, राममिलन रजक, गौरीशंकर सेन, जितेंद्र जैन, स्वदेश भूषण, दयाशंकर रजक, पुष्पेंद्र जैन, संतोष कुशवाहा, महेंद्र पंथ, संदीप नामदेव, नीतेश निरंजन, अवधेश कुशवाहा, राजेश कुमार और राजेंद्र सिंह परमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक का संचालन रामरक्षपाल सिंह ने किया।

### आंदोलन के प्रमुख चरण

महासंघ द्वारा टीईटी अनिवार्यता के विरुद्ध चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की गई है जिसमें प्रथम चरण (9-15 मार्च 2026), शिक्षक की पाती अभियान के तहत राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश और नेता प्रतिपक्ष (राज्य व केन्द्र) को ई-मेल और पोस्टकार्ड भेजे जाएंगे। द्वितीय चरण (13 अप्रैल 2026)- जनपद मुख्यालय पर शिक्षकों का एकत्रीकरण कर मुख्य मार्गों से मशाल जुलूस निकाला जाएगा। तृतीय चरण (3 मई 2026)- राजधानी लखनऊ के इको गार्डन पार्क में धरना-प्रदर्शन कर विधानसभा तक मार्च किया जाएगा। चतुर्थ चरण- मांगें पूरी न होने पर मानसून सत्र में देशभर के शिक्षक मिलकर संसद भवन का घेराव करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### चिड़ियाघर का परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने किया भ्रमण



**सिद्धार्थनगर** - राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत उस्का बाजार ब्लाक के परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 100 बच्चों ने रविवार को शहीद अशफाक उल्लाह खान प्राणि उद्यान का शैक्षिक भ्रमण किया। यह भ्रमण बीईओ ओमप्रकाश मिश्रा की देखरेख में संपन्न हुआ। बीआरसी परिसर से बीईओ ने हरी झंडी दिखाकर दो बस को रवाना किया। भ्रमण के दौरान बच्चों ने प्राणि उद्यान में विभिन्न वन्य जीवों को देखा और उनके बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। इसके बाद बच्चों ने नौका विहार का भी आनंद लिया। बीईओ ने बताया कि इस तरह के शैक्षिक भ्रमण से बच्चों का बौद्धिक विकास होता है और उन्हें पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक जानकारी भी मिलती है। भ्रमण के दौरान शिक्षकों ने भी बच्चों को वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस दौरान अभय श्रीवास्तव, हरिशंकर सिंह, रामसेवक गुप्ता,किरन यादव, सुनैना गौड़, बालजीत कुमार, शैलेंद्र राय,अशोक यादव, संतोष सिंह, प्रेमसागर आदि रहे।

### आरोग्य मेले में 139 मरीजों के स्वास्थ्य का हुआ परीक्षण

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। इसमे चिकित्सक ने विभिन्न रोगों डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, त्वचा रोग आदि बीमारियों के मरीजों का परीक्षण किया गया। कुल 139 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हे निश्शुल्क दवाइयां दी गई। पीएचसी पूरे नोती में 53, रानीगंज कैथोला में 48 व पहाड़पुर में 38 मरीजों का इलाज किया गया।

### रास्ता साफ करने को लेकर विवाद, युवक पर लाठी से हमला

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र के ग्राम बमहौरी बहादुर सिंह में रास्ता साफ करने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि दबंगों ने एक व्यक्ति से गाली-गलौज करते हुए लाठी से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम बमहौरी बहादुर सिंह निवासी जगदीश पुत्र शंकर धोबी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 25 फरवरी 2026 को वह अपने खेत से ट्रैक्टर में भूसा लाकर घर के रास्ते पर उतार रहे थे। तभी उनका भतीजा वृंदावन वहां आया और रास्ता साफ करने को कहने लगा। पीड़ित का आरोप है कि थोड़ी देर में विक्रम और हेमंत भी मौके पर पहुंच गए और तीनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसी दौरान विक्रम ने लाठी से जगदीश पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। आरोप है कि जाते-जाते आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने थाना महरौनी में तहरीर दी। पुलिस ने वृंदावन, विक्रम और हेमंत के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बीजपुर -शांतिनगर पुनर्वास प्रथम बाईपास पर तेज रफ्तार बोलेरो का तांडव, चालक फरार

**अमीर पिता के नबाबजादे ने बोलेरो से मारी टक्कर युवक घायल**

**बीजपुर/सोनभद्र**- स्थानीय थाना क्षेत्र के शांतिनगर में तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से कन्हैया पाल (16) गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि वाहन चालक लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए पुनर्वास प्रथम बाईपास मार्ग की ओर भागा, जहां रामसजीवन, अंजनी और रामदास के पशुओं को टक्कर मार दी। घटना में एक गाय और एक बैल की मौके पर मौत हो गई, जबकि अन्य पशु घायल बताए जा रहे हैं। घटना के बाद परिजन घायल कन्हैया पाल को तत्काल एनटीपीसी आवासीय परिसर स्थित धन्वंतरि चिकित्सालय ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। जीवित पशुओं के उपचार के लिए पशु चिकित्सक को बुलाया गया तथा मृत पशुओं के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कराई गई। पुलिस ने बोलेरो वाहन को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है और तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की बात कही है।

## प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों को सब्सिडी की धनराशि के सांकेतिक चेक का किया गया वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** होली से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अन्तर्गत रूपये 1500 करोड़ की धनराशि से प्रदेश के 1.86 करोड़ उज्जवला परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी प्रदान कर गरीब परिवारों को बड़ी राहत और त्योहार की सौगात दी है। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण तुलसीसदन (हादीहाल) सभागार आयोजित किया गया, जिसका अवलोकन विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, विधायक सदर प्रतिनिधि अरूण कुमार मौर्य, राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य के प्रतिनिधि राय साहब सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण व उज्जवला योजना के लाभार्थियों एवं जनसामान्य द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के प्रतीक स्वरूप 10 लाभार्थियों को गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी का सांकेतिक चेक का वितरण किया गया। जनपद में 350 लाभार्थियों को सब्सिडी का सांकेतिक चेक का वितरण किया गया।

इस अवसर पर विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने गरीबों के लिये होली पर्व पर सब्सिडी देने को जो निर्णय लिया वह सराहनीय है, योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में अब तक कुल 276610 परिवार इस योजना से आच्छादित हो चुके हैं। वर्तमान में संचालित उज्ज्वला-3 के अंतर्गत 5465 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 5373 लाभार्थियों को गैस सिलेंडर, चूल्हा और पाइप आदि वितरित किए जा चुके हैं।शेष आवेदनों का सत्यापन कार्य तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद में उज्ज्वला लाभार्थियों की ई-केवाईसी की प्रगति 80 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। उज्ज्वला योजना के तहत सब्सिडी युक्त रिफिल प्राप्त करने से पूर्व लाभार्थी को 908 रुपये का भुगतान करना होता है। रिफिल लेने के उपरांत राज्य सरकार द्वारा 558 रुपये तथा केंद्र सरकार द्वारा 350 रुपये की सब्सिडी सीधे लाभार्थी के खाते में भेजी जाती है। जिला पूर्ति अधिकारी ने अपील की कि वे समय रहते अपनी ई-केवाईसी अवश्य पूर्ण करा लें, क्योंकि बिना ई-केवाईसी के सब्सिडी का लाभ प्राप्त नहीं हो सकेगा।

### शैक्षिक भ्रमण पर प्रयागराज रवाना हुआ परिषदीय विद्यालयों के बच्चों का दल



**लालगंज, प्रतापगढ़।** परिषदीय विद्यालयों के बच्चों का एक दल रविवार को शैक्षिक भ्रमण पर प्रयागराज के लिए रवाना हुआ। ब्लाक लालगंज के गौखड़ी समेत तीस परिषदीय विद्यालय के कुल साठ मेधावी बच्चों का एक दल रविवार की सुबह दो बसों से एक्सपोज़र विजिट में प्रयागराज रवाना हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर बच्चों के दल को रवाना किया। शैक्षिक भ्रमण में बच्चे वहां तारामंडल में तारों के बारे में जानकारी हासिल करेंगे। वहीं संग्रहालय का अवलोकन कर ऐतिहासिक व पुरातात्विक वस्तुओं के बारे में जानेंगे। इस मौके पर एआरपी ऋषि द्विवेदी, मंत्री विष्णु सिंह, चंद्र प्रकाश मिश्र, पंकज मिश्र, मनीष पांडेय, विशाल सिंह, आशा रानी, संजय कुमारी, रामपाल, कमलेश, अशोक, रामचंद्र, पन्ना लाल, मनोज, अश्वनी, विजय, सचिन आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## मां ज्वाला देवी धाम सिद्धपीठ के पर्यटन विकास हेतु 96.96 लाख की स्वीकृति मिली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जनपद के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां ज्वाला देवी धाम सिद्धपीठ के पर्यटन विकास को लेकर बड़ी सौगात मिली है। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने बताया कि नगर पंचायत मानिकपुर स्थित इस सिद्धपीठ के समग्र विकास हेतु शासन द्वारा 96.96 लाख रुपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि यह स्वीकृति धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दी गई है। मां ज्वाला देवी धाम में वर्ष भर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं, विशेषकर नवरात्रि और अन्य पर्वों के दौरान यहां भारी भीड़ उमड़ती है। ऐसे में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी। स्वीकृत धनराशि से धाम परिसर में श्रद्धालुओं के ठहरने के लिये यात्री हाल का निर्माण, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु वाटर टैंक एवं वाटर कूलर की स्थापना, परिसर की स्वच्छता बनाये रखने के लिये डस्टबिन की व्यवस्था, श्रद्धालुओं के लिये शौचालय निर्माण, आवागमन को सुगम बनाने हेतु इण्टरलाकिंग, जल आपूर्ति, साइनेज आदि के कार्य कराये जायेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने से धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर और व्यवस्थित सुविधाएं मिलेंगी। इससे न केवल धार्मिक आस्था को सम्बल मिलेगा, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया है कि कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समयबद्ध ढंग से निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाए।

## हरैया में लिटिल फ्लावर स्कूल को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले केतहसील हरैया क्षेत्र के नगर पंचायत स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल को लेकर विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी सत्येंद्र सिंह एवं थाना अध्यक्ष हरैया के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि विद्यालय परिसर में 'दिशा' नामक एनजीओ के माध्यम से कथित रूप से धर्मांतरण की गतिविधियां कराई जा रही हैं तथा सभागार के नाम पर अवैधानिक चर्च/गिरजाघर का निर्माण किया जा रहा है। संगठन के पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि विद्यालय के गेट से सटा मार्ग हिंदू कॉलोनी के निजी उपयोग के लिए है जहां छोटे बच्चे खेलते हैं और स्कूल की बसों के आवागमन से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

विभाग मंत्री विवेक सिंह सोनू ने आरोप लगाया कि विद्यालय प्रबंधन गांवों में सर्वे के नाम पर 15 से 18 वर्ष की लड़कियों को रोजगार का प्रलोभन देकर स्कूल परिसर में बुलाता है और धर्मांतरण का प्रयास करता है। जिला अध्यक्ष डॉ. हरिमूर्ति सिंह एवं मनोज सिंह ने कहा कि 'लिटिल फ्लावर आश्रम' के नाम पर समाज सेवा की आड़ में गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उनका दावा है कि सभागार निर्माण की अनुमति लेकर चर्च का निर्माण किया जा रहा है। हालांकि विद्यालय के फादर ने इन आरोपों से इनकार करते हुए प्रशासन को लिखित रूप में दिया है कि चर्च का निर्माण नहीं किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभागार का उपयोग केवल विद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए होगा तथा भविष्य में किसी प्रकार की धार्मिक गतिविधि या प्रतीक का प्रयोग नहीं किया जाएगा। साथ ही यह भी आश्वासन दिया कि स्कूल बसें पुराने मार्ग से ही आएंगी-जाएंगी और कॉलोनी मार्ग से केवल छोटे वाहन गुजरेंगे।

जिला मंत्री प्रवीण सिंह ने मांग की कि प्रशासन इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए और कॉलोनी के मार्ग को बाधित होने से रोके। बजरंग दल के जिला संयोजक अजय कनौजिया ने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो जनआक्रोश की स्थिति बन सकती है, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमोद पांडे, अनिल ओझा, अखिलेश ओझा, अविनाश ओझा, डॉ. आनंद सिंह, अमरदेव सिंह, पिंटू सिंह, दीपांशु सिंह, अनुमोदित त्रिपाठी, सुखराम गौड़ सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। प्रशासनिक अधिकारियों ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले की जांच का आश्वासन दिया है।

## शिक्षण संस्था के भवन निर्माण हेतु विधि- विधान से हुआ भूमि पूजन

**●बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना उद्देश्य-श्याम शंकर उपाध्याय**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** पंडित शिवलाल उपाध्याय समाज सेवा ट्रस्ट द्वारा प्रतापगढ़ के ग्राम घोरका तालुकदारी,ग्राम पंचायत-नजियापुर में प्रस्तावित प्राथमिक से कॉलेज स्तर तक की शिक्षण संस्था के भवन निर्माण हेतु शनिवार को वैदिक विधि-विधान से भव्य भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ।यह शुभ कार्यक्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष श्याम शंकर उपाध्याय (पूर्व न्यायाधीश, पूर्व विधिक परामर्शदाता राज्यपाल उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं पूर्व लोकपाल, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी तथा समस्त संबद्ध इंजीनियरिंग कॉलेज, उत्तर प्रदेश के निर्देशन एवं गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अयोध्या के प्रख्यात विद्वान एवं कथाव्यास पूज्य स्वामी श्रीधराचार्य जी महाराज ने उपस्थित होकर अपना आशीर्वचन प्रदान किया। विशिष्ट अतिथि के रूप मे न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा (लखनऊ पीठ, उच्च न्यायालय इलाहाबाद), न्यायमूर्ति जय प्रकाश तिवारी (उच्च न्यायालय इलाहाबाद) तथा राजीव कमल पाण्डेय सेशन/जिला न्यायाधीश, प्रतापगढ़ ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई तथा प्रस्तावित शिक्षण संस्था के लिए शुभकामनाएँ प्रदान की। शांति कुंज, हरिद्वार से संबद्ध एवं लखनऊ निवासी निष्ठा रस्तोगी एवं टीम द्वारा यज्ञ एवं भजन का आयोजन किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो गया।कार्यक्रम में क्षेत्र के समीपवर्ती ग्रामों घोरका तालुकदारी, मुफरिद, नजियापुर, सचोली, शिवगढ़, बिंदागंज, दहेरी, बेलखरनाथ धाम, खुर्शीकला आदि से बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों ने सहभागिता की। रमजान माह में रोज़ा होने के बावजूद मुस्लिम समाज के लोगों की सहभागिता सामाजिक सौहार्द एवं एकता का प्रतीक रही। इस मौके पर कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी प्रमुख पुलिस प्रशासन के अधिकारीगण, अधिवक्तागण, पत्रकार बंधु एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।ट्रस्ट का उद्देश्य क्षेत्र के बच्चों को प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें बड़े शहरों की ओर पलायन न करना पड़े तथा वे अपने क्षेत्र में रहकर ही प्रशासन, न्यायपालिका, चिकित्सा, इंजीनियरिंग आदि उच्च क्षेत्रों में आगे बढ़ सकें।

## ललितपुर- घरेलू हिंसा का मामला, पति ने पत्नी और बेटे को बेरहमी से पीटा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोविंद नगर कॉलोनी में एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी और मासूम बेटे के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने कोतवाली प्रभारी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। गोविंद नगर निवासी सायरा पत्नी सलीम अली ने पुलिस को बताया कि शनिवार (28 फरवरी 2026) की रात करीब 10 बजे जब वह घर में खाना बना रही थी, तभी उसका पति सलीम अली पुत्र मुबारक अली वहां आया और अकारण गाली-गलौज करने लगा। जब सायरा ने विरोध किया, तो आरोपी ने उसके बाल पकड़कर उसे जमीन पर पटक दिया और लात-घूसों से बुरी तरह पीटा। इस हमले में महिला को गंभीर अंदरूनी चोटें आई हैं। महिला ने आरोप लगाया कि जब उसका पुत्र फरीद अली अपनी माँ को बचाने के लिए बीच-बचाव करने आया, तो आरोपी पिता ने उसके साथ भी मारपीट की। पीड़िता का कहना है कि उसका पति आए दिन इसी तरह प्रताड़ित करता है और जान से मारने की धमकी देता है। सायरा ने पुलिस को दिए पत्र में स्पष्ट किया है कि उसे और उसके बच्चों को अपने पति से जानमाल का खतरा है। पीड़िता ने मांग की है कि आरोपी के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किये जाने की मांग उठायी है।

### होली पर ललितपुर मेडिकल कॉलेज में 24 घंटे अलर्ट

**इमरजेंसी सेवाओं के लिए टास्क फोर्स गठित**

**ललितपुर।** होली के त्यौहार को देखते हुए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। प्रधानाचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला के निर्देशन में आमजन को 24 घंटे आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एक विशेष टास्क फोर्स समिति का गठन किया गया है। किसी भी अप्रिय घटना या आपात स्थिति से निपटने के लिए अस्पताल प्रशासन ने 20 अतिरिक्त बेड आरक्षित किए हैं। इसके साथ ही, इमरजेंसी की स्थिति में तत्काल उपचार सुनिश्चित करने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों, सीनियर रेजिडेंट्स और जूनियर रेजिडेंट्स की ऑन-कॉल ड्यूटी भी लगाई गई है। चिकित्सालय प्रशासन ने आम जनता से सुरक्षित होली मनाने की अपील की है। प्रधानाचार्य ने सुझाव दिया है कि लोग केवल प्राकृतिक रंगों का ही प्रयोग करें। उन्होंने चेतावनी दी कि केमिकल युक्त रंगों के इस्तेमाल से त्वचा और आंखों को गंभीर नुकसान पहुँच सकता है, इसलिए सावधानी बरतना बेहद जरूरी है।

## वर्तमान सरकार के कार्यकाल में कानून व्यवस्था की स्थिति में हुआ उल्लेखनीय सुधार -बैजनाथ रावत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** प्रदेश सरकार में अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने रविवार को निरीक्षण भवन प्रतापगढ़ में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश की कानून व्यवस्था, सरकार की नीतियों तथा अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में कानून व्यवस्था की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया है तथा आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और इसी उद्देश्य से विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने महापुरुषों के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि महापुरुष किसी एक जाति या वर्ग के नहीं होते, बल्कि वे पूरे समाज और राष्ट्र के होते हैं। उनका जीवन समाज सुधार, समानता और विकास के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने बताया कि वे जिले में संत गाडगे की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने आए हैं। संत गाडगे के सामाजिक सुधार और स्वच्छता संबंधी संदेश आज भी प्रासंगिक हैं और समाज को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि प्रेस वार्ता के उपरांत अनुसूचित जाति वर्ग से आए फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई की जाएगी। प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे ताकि समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता बरतें और समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## होली हंगामा में कवियों ने बहाई फागुनी बयार, लगे ठहाके

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**प्रतापगढ़।** होलियाना अंदाज, होलियाना माहौल और होलियाना पंक्तियों ने ऐसा रंग जमाया कि लोग आनंद के सागर में उतरते चले गए। राजनीति से लेकर समाज के विभिन्न विषयों पर कवियों ने बेबाकी से अपनी बात रखी। लीला पैलेस सेनानी चौक मीरा भवन में आयोजित 27वें होली हंगामा कवि सम्मेलन में हास्य व्यंग्य के साथ सच्चाई भी मुखरित हुई। शाम से रात ढलते हुए भोर ने कब दस्तक दे दी, पता न चला। आयोजन सामाजिक समरसता का गुलदस्ता भी महका। हैदरगढ़ बाराबंकी के प्रसिद्ध गीतकार शिव किशोर खंजन की रचनाएं खूब सुनी गईं। उन्होंने सुनाया...जब तक सीमा पर एक भी वीर जवान रहेगा, तब तक यह मेरा भारत देश महान रहेगा। लोकभाषा के प्रसिद्ध कवि डा. राजेश कुमार पांडेय निर्झर प्रतापगढ़ी ठेठ अंदाज में कहा...कुकुर केतनो कंठी बांधे दो चटबै तो करी, कीरा कितना फन सिकोरे लेकिन कटबै तो करी। बनारस के अंबुज मिश्रा ने दिलों में हलचल पैदा की...जिसको चाहा निकटतम नहीं हो सका, प्रेम तद्भव से तत्सम नहीं हो सका। अध्यक्षता कर रहे गजलकर राज मूर्ति सिंह सौरभ ने पढ़ा...लाल गुलाबी बैगनी, नीले पीले श्याम, प्यार मोहब्बत दोस्ती रंगों के पैगाम। लोगों में जोश भरते हुए रायबरेली के राज किशोर सिंह किशोर की पंक्तियां छा गईं...खून और पानी साथ न बहेंगे अब, इसी मूल मंत्र पर विचार होना चाहिए। कोई उग्रवादी कैंप बचने न पाए कहीं, कड़ा से कड़ा अब प्रहार होना चाहिए।इं. चंद्रकांत त्रिपाठी शाश्वत के गीतों की रसवर्षा में लोग खूब भीगे। गीतकार सुनील प्रभाकर ने गीत सुनाया...हमारी तुम्हारी कहानी बनेगी, ये सदियों चलेगी निशानी बनेगी। ठहर जाएंगे दो घड़ी जिस जमीं पर, वहीं प्रेम की राजधानी बनेगी। चंद्र प्रकाश पांडे मंजुल ने सुनाया...बहै बसंती बहार सुना, हियां फागुन मां बाबा देवर लागें। कार्यक्रम का जोरदार ढंग से संचालन कर रहे प्रसिद्ध गीतकार डा. श्याम शंकर शुक्ल श्याम ने पढ़ा...कृष्ण की बांसुरी राधिका नाम है, रंग बरसाना है वृंदावन धाम है। प्रेम के रंग में रंग दो यह प्यारी धरा, होलिका प्यार का दूसरा नाम है। हास्य रसावता डंडा बनारसी ने पाकिस्तान को दुत्कारा...वह सरहद से बजाते थे नफरत की बांसुरी, हमने जब बांस बजाया तो बुरा मान गए। प्रेम कुमार त्रिपाठी ने साफ कहा...जिंदगी उधार है, प्रेम में उधार दो। अनूप अनुपम ने सुनाया...वंदन है अभिनंदन माता, तेरी जय जयकार करूं। झूठ और फरेबी पर मैं कलम से अपने वार करूं। कार्यक्रम में गजेंद्र सिंह विकट, उजड्डु जौनपुरी, अनूप त्रिपाठी, हरिवंश शुक्ल शौर्य, शीतल सुजान, सुधीर रंजन द्विवेदी के साथ ही कवियत्री सुप्रिया, पूनम मिश्रा, कल्पना तिवारी ने भी काव्य पाठ करके मंच को सार्थक स्वरूप प्रदान किया।

**पंक्तियों पर बजती रहीं तालियां**

विधायक रामपुर खास आराधना मिश्रा मोना के प्रतिनिधि ज्ञान प्रकाश शुक्ल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद मौर्या, भाजपा के वरिष्ठ नेता डा. आशुतोष त्रिपाठी, ट्रक आपरेटर यूनियन के जिलाध्यक्ष विजय सिंह, सपा नेता अश्वनी सोनी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा. नीरज त्रिपाठी, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र केसरवानी, भाजपा के जिला प्रवक्ता राघवेंद्र नाथ शुक्ल, अपना दल विधि मंच के नेता परमानंद मिश्रा, वकील परिषद के पूर्व अध्यक्ष सूर्यकांत मिश्र निराला, भाजपा नेता और समाजसेविका सुशीला सरोज, बेलखरनाथ धाम के संस्थापक व कृष्णायन मानस के रचयिता शिवहर्ष ब्रह्मचारी के परिवार के पूर्व बैंक अधिकारी रामकुमार ओझा, समाजसेवी अनिल प्रताप त्रिपाठी प्रवात, शिक्षाविद राजेश मिश्र, डा. अनूप कुमार पांडेय, शिक्षक डा. अमित पांडेय आदि भी कवियों को सराहा।

**सामाजिक कार्यों पर मिला सम्मान**

इस अवसर पर पूर्व सीएमएस वरिष्ठ सर्जन डा. एसी त्रिपाठी, डा अमोद शुक्ला, वरिष्ठ संस्कृताचार्य पंडित भैया राम त्रिपाठी, निशुल्क विधिक जन सेवा समिति के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, बच्चा बैंक के पदाधिकारी अनुज शुक्ला व शशांक मिश्रा, समाज सेविका सुशीला सरोज समेत विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया गया। आयोजन समिति के संरक्षक कथा व्यास पं. अवध नारायण शुक्ल वियोगी महाराज ने स्वस्तिवाचन कर कार्यक्रम को दिशा दी। भाजपा के वरिष्ठ नेता, अखिल भारतीय चंद्र सेनानी स्मारक न्यास के प्रमुख शिव प्रकाश मिश्र सेनानी ने कहा कि होली के रंगों की तरह मिलकर रहना ही ऐसे आयोजनों का संदेश होता है। 27 साल से कायम यह परंपरा प्रतापगढ़ की पहचान से जुड़ गई है।

## राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में चार छात्रों ने पाई सफलता



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर ।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2026 का परिणाम जारी कर दिया गया है। जिले के बर्डपुर ब्लॉक के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय चकईजोत की छात्रा नेहा 35,गरिमा 39,रिंकी 41, व छात्र दुर्गेश ने 45 रेंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। बेसिक शिक्षा परिषद के कक्षा आठ में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा कराई गई। सफल होने वाले छात्र-छात्राओं को अगले चार वर्ष पढ़ाई करने पर प्रतिमाह एक हजार रुपये छात्रवृत्ति दी जाएगी।प्रधानाध्यापक राजेश सिंह ने बताया ने चयनित छात्र-छात्राओं को कक्षा 9 में पढ़ाई करने पर 4 वर्षों तक 1000 रुपये प्रतिमाह छात्रवृति मिलेगी। छात्र-छात्राओं को खंड शिक्षा अधिकारी रामू प्रसाद,बेचन प्रसाद, मशहूर आलम, राकेश गुप्ता ने बधाई दी।

## संक्षिप्त खबरें

### 26 वर्षों की देशसेवा के बाद सेवानिवृत्ति, जिले के बदरपुर में सैयद कमाल खान का भव्य सम्मान



**श्रीभूमिः** श्रीभूमि जिले के बदरपुर चैतन्य नगर ब्लॉक के अंतर्गत बछला गांव के गौरव, सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी सैयद कमाल खान ने देश की सशस्त्र सेनाओं में 26 वर्षों तक निष्ठा और समर्पण के साथ सेवा देने के बाद सेवानिवृत्ति ग्रहण की। उनके इस गौरवपूर्ण सैन्य जीवन को यादगार बनाने के लिए रविवार को बदरपुर रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सेवानिवृत्त एन.सी. अधिकारी सैयद कमाल खान के स्वागत के लिए परिवारजन और शुभचिंतक विशाल वाहन काफिले के साथ स्टेशन पहुंचे। उनकी पत्नी, बड़े भाई जमाल खान सहित परिवार के अन्य सदस्य इस अवसर पर उपस्थित रहे। भावुक माहौल में देशसेवा के इस गौरवपूर्ण क्षण ने सभी को गर्व से भर दिया। सम्मान समारोह में बदरपुर जी.आर.पी. थाना के ओसी, समाजसेवी मुन्नी छेत्री, असम गण परिषद के नेता गियास अहमद, छदियोल विजन एनजीओ के सीईओ तथा पत्रकार रियाजुर रहमान परवीन छदियोल और पत्रकार अबुल मलिक सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। वक्ताओं ने सैयद कमाल खान की 26 वर्षों की अनुकरणीय सेवा को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए उनके त्याग, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। उन्होंने कहा कि सैयद कमाल खान ने राष्ट्रप्रेम और जिम्मेदारी का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है, जो युवाओं के लिए मार्गदर्शक है। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने पुष्पगुच्छ और तालियों के साथ उनका अभिनंदन किया। बछला गांव के इस गौरवपूर्ण पुत्र का सेवानिवृत्त जीवन सुखमय और शांतिमय हो–इसी शुभकामना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### होली से पहले अलर्ट मोड पर खाद्य सुरक्षा विभाग; घर पर ऐसे पहचानें दूध, पनीर और मावा में मिलावट



**ग्रेटर नोएडा।** होली के पर्व आते ही बाजार में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बक्री बढ़ गई है। इसकी रोकथाम के लिए खाद्य विभाग अलर्ट मोड पर दिखाई दे रहा है। जिले की विभिन्न दुकानों से सैंपल लेकर जांच के लिए भेज रहा है तो वहीं कुछ स्थानों पर संदिग्ध खाद्य पदार्थों को तुरंत नष्ट कराने का काम कर रहा है। वहीं आमजन भी घर पर अपने खाद्य पदार्थ में मिलावट होने की जांच कर सकता है। इसके लिए लोगों को इस तरह से दूध, पनीर और मावा समेत अन्य खाद्य पदार्थों की जांच करनी होगी।

**ऐसे करें दूध में मिलावट का पता**

दूध में मिलावट की जांच करने के लिए सबसे आसान तरीका यह है कि दूध की एक बूंद को एक तिरछी चिकनी सतह (जैसे स्टील की थाली) पर डालें, यदि दूध धीरे बहते हुए सफेद निशान छोड़े, तो वह शुद्ध है, लेकिन अगर बिना निशान छोड़े तेजी से बहे तो पानी की मिलावट है। इसके अलावा, रगड़ने पर साबुन जैसी गंध डिटर्जेंट की उपस्थिति दर्शाती है। पनीर को हल्के से दबाएं अगर वह स्पंजी होकर वापस अपनी शेप में आ जाए तो समझिए ताजा है, बहुत ज्यादा सख्त या रबड़ जैसा पनीर मिलावटी हो सकता है। पनीर को पानी में डालें असली पनीर जल्दी नहीं घुलता और अपनी बनावट बनाए रखता है। मावा लेकर उसे थोड़े से पानी में उबालें और फिर उसे ठंडा होने दें। ठंडे किए गए मावे के घोल में दो-तीन बूंदें टिंचर आयोडीन की डालें, अगर मावे का रंग बदलकर नीला या काला हो जाए, तो समझ लें कि इसमें स्टार्च या उबले हुए आलू की मिलावट है। शुद्ध मावे का रंग नहीं बदलता। मिलावटी तेल असली रिफाइंड या ताजे तेल की तुलना में ज्यादा चिपचिपा और गाढ़ा दिखता है, क्योंकि एडिटिव्स इसे गाढ़ा कर देते हैं। इससे तेल का टेक्सचर गाढ़ा हो जाता है जो अक्सर ताजे तले हुए खाने में नहीं दिखता है।

## करोल बाग में भीषण जाम से जूझ रहे लोग प्रशासन निगम खामोश बैठा है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बादल हुसैन



**नई दिल्लीः** करोल बाग में जाम की समस्या बढ़ती जा रही है अतिक्रमण पग पग पर। खरीदारों को बाजार पहुंचने में दो घंटे तक लग रहे हैं जिससे व्यापारियों और ग्राहकों को परेशानी हो रही है।जाम के कारण खरीदारों की संख्या कम हो रही है, जिससे व्यापारियों को नुकसान हो रहा है। स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने सरकार से जाम की समस्या का सामाधान करने की मांग की है। दिल्ली के सबसे व्यस्त और प्रतिष्ठित बाजारों में से एक करोल बाग गफ्फार मार्केट इन दिनों अराजकता की चपेट में है। अवैध पार्किंग, बेतहाशा अतिक्रमण और भीषण ट्रैफिक जाम ने निवासियों को बेहाल कर दिया है। हालात इतने बत्तर हो गए हैं कि जिस बाजार तक पहुंचने में पहले मिनटों का समय लगता था अब वहां लोगों को घंटों ट्रैफिक जाम झेलना पड़ रहा है। इसके बावजूद ट्रैफिक पुलिस और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एनडीएमसी दोनों खामोश है। करोल बाग गफ्फार मार्केट, आभूषण और इलेक्ट्रॉनिक सामानों के प्रमुख केंद्र के रूप में जाना जाता है। यहां दूर-दूर से लोग खरीदारी करने आते हैं। नतीजतन,करोल बाग चौराहे से आर्य समाज रोड तक का दृश्य भयावह है। ऑटो पार्ट्स विक्रेता सड़क के दोनों ओर अपनी वर्कशाप चला रहे हैं। मुख्य सड़क की दोनों लेन पर वाहनों की मरम्मत और बदलने का काम खुलेआम चल रहा है। जिससे सड़क की चौड़ाई कम होकर एक संकरी और भीड़भाड़ वाली गली बन गई है। दोपहिया वाहन चालकों और पैदल यात्रियों के लिए इस रास्ते से गुजरना मुश्किल हो रहा है। अवैध पार्किंग अतिक्रमण की इस समस्या को और बढ़ा रही है। खरीदारों के लिए पर्याप्त पार्किंग न होने के कारण पुरा इलाका ट्रैफिक जाम से जूझ रहा है। स्थिति इतनी विकट है कि बाजार पहुंचने में ही डेढ़ से दो घंटे लग जाते हैं। स्थानीय निवासियों और व्यापारियों का आरोप है कि यह संबंधित विभागों की मिलीभगत और लापरवाही का नतीजा है। त्योहारों के समय में बाजारों में पर्याप्त यातायात और सुरक्षा व्यवस्था होनी चाहिए, लेकिन स्थिति बत्तर हो गई है।

इस मामले में सेंट्रल डीसीपी से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उनके मोबाइल बंद पाया गया। उपायुक्त करोल बाग जो न, एमसीडी।ने कहा कि करोलबाग बाजारों में लोगों को ट्रैफिक जाम और अतिक्रमण से राहत दिलाने के लिए अवैध रूप से वाहन पार्क करने और सड़क पर कब्जा करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने किया 'गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध' का ऐलान, 11 मार्च को लखनऊ में शंखनाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**वाराणसी।** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने काशी स्थित श्री विद्या मठ में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान 'गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध' का औपचारिक ऐलान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को दी गई 40 दिनों की समयसीमा में से 30 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक प्रमुख मांगों पर कोई ठोस निर्णय सामने नहीं आया है। शंकराचार्य ने सरकार से गोमाता को 'राज्यमाता' घोषित करने और उत्तर प्रदेश से बीफ निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग दोहराई। साथ ही गोहत्या निरोध को प्रभावी बनाने के लिए 'पंचसूत्रीय मांगपत्र' पर कार्रवाई की अपेक्षा जताई। उन्होंने कहा कि यदि शेष 9-10 दिनों में सरकार की ओर से निर्णय नहीं लिया गया तो 11 मार्च को लखनऊ में निर्णायक कार्यक्रम होगा।

**अहिंसक और वैचारिक आंदोलन** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन पूर्णतः अहिंसक और वैचारिक होगा। उन्होंने कहा कि 'हमारा मार्ग शास्त्र और संवाद का है, हिंसा का नहीं। 7 मार्च से 'गोप्रतिष्ठार्थ धर्मयुद्ध शंखनाद यात्रा' काशी से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेगी।

**यात्रा का कार्यक्रम** 6 मार्च को काशी के शंकराचार्य घाट पर संकल्प दिवस मनाया जाएगा। 7 मार्च की सुबह यात्रा संकटमोचन मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद शुरू होगी। यात्रा जौनपुर, सुल्तानपुर, रायबरेली, मोहनलालगंज, उन्नाव, बांगरमऊ, नैमिषारण्य, सिधौली और इटौंजा होते हुए 10 मार्च को लखनऊ सीमा में प्रवेश करेगी। विभिन्न स्थानों पर जनसभाएं प्रस्तावित हैं।



**11 मार्च को लखनऊ में मुख्य कार्यक्रम** 11 मार्च 2026 (शीतला अष्टमी) को दोपहर 2:15 बजे से सायं 5 बजे तक कांशीराम स्मृति सांस्कृतिक स्थल, लखनऊ में 'धर्मयुद्ध शंखनाद' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें मंगलाचरण, गो-ध्वज प्रतिष्ठा और संतों-विद्वानों के संबोधन शामिल रहेंगे। शंकराचार्य ने कहा कि यह कार्यक्रम शासन के लिए अंतिम चेतावनी के रूप में होगा। फिलहाल प्रशासन की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण और समग्र स्वास्थ्य जागरूकता हेतु असम विश्वविद्यालय की डिजिटल पहल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**श्रीभूमि।** गत 28 फरवरी को Assam University ने ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण और स्वास्थ्य जागरूकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 'ईपिक्स इन आई' परियोजना के अंतर्गत 'रूरल एजुकेशनल एडवांसमेंट फॉर कम्युनिटी हेल्थ (रीच)' नामक एक डिजिटल पहल की शुरुआत की। शनिवार को बरजलेन्गा स्थित Vivekananda Kendra Vidyalaya में आयोजित कार्यक्रम में इस वेबऐप का औपचारिक शुभारंभ किया गया। तकनीक-आधारित और समुदाय-केंद्रित इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में निवारक स्वास्थ्य सेवाओं तथा पोषण संबंधी ज्ञान की कमी को दूर करना है। कार्यक्रम में वेबऐप का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजीव मोहन पंथ ने किया। इस अवसर पर रोजकांदी चाय बागान के महाप्रबंधक ईश्वरभाई उबाडिया, प्रौद्योगिकी विद्यालय के अधिष्ठाता प्रोफेसर सुदीप्त राय तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य पार्थसारथी देव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। लगभग 120 अभिभावकों, शिक्षकों और स्थानीय निवासियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

अपने संबोधन में कुलपति प्रोफेसर पंथ ने कहा कि विश्वविद्यालयों को पारंपरिक विस्तार गतिविधियों से आगे बढ़कर सामाजिक रूप से उत्तरदायी, टिकाऊ और पुनरावृत्त योग्य तकनीक-आधारित पहलें करनी चाहिए। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वर्तमान समय में लगभग 95 प्रतिशत बीमारियाँ जीवनशैली से संबंधित कारणों से उत्पन्न होती हैं, इसलिए निवारक स्वास्थ्य शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। ईश्वरभाई उबाडिया ने इस परियोजना को चाय बागान और ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दूरदर्शी पहल बताया। 'रीच-ईपिक्स' परियोजना अंतर्विभागीय शैक्षणिक सहयोग और विद्यार्थियों की सामाजिक उत्तरदायित्वपूर्ण नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण है। परियोजना के सलाहकार प्रोफेसर मौसुम हांडिक, तकनीकी प्रमुख डॉ. अर्णब पाल और समन्वयक डॉ. लालजो एस. थांगजम के नेतृत्व में इसका क्रियान्वयन किया गया। छात्र कमलेश देवनाथ, सृजिनजय दास और अवंतिका लांगथासा ने वेबऐप के डिजाइन, विकास और सामुदायिक प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। 'सिटिजन फाउंडेशन' नामक स्वैच्छिक संस्था के समन्वयक नवकिशोर आकुराव ने स्थानीय भागीदार के रूप में सहयोग प्रदान किया। आयोजकों के अनुसार 'रीच' वेबऐप की प्रमुख विशेषता यह है कि इसकी सिफारिशें स्थानीय सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक संदर्भ पर आधारित हैं। सामान्य पोषण ऐप की तरह पूर्व-निर्धारित आहार सूची देने के बजाय यह बरजलेन्गा बाजार और बराक घाटी में उपलब्ध खाद्य सामग्रियों के आधार पर स्वास्थ्य और पोषण संबंधी सलाह प्रदान करता है। इससे कम लागत, सांस्कृतिक अनुकूलता और व्यवहारिक उपयोग सुनिश्चित होगा। डिजिटल नवाचार के माध्यम से ग्रामीण समुदाय को स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में सशक्त बनाने की यह पहल 'डिजिटल इंडिया' और 'विकसित भारत 2047' के व्यापक राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप भी मानी जा रही है।

## जिलाधिकारी का आदेश भी एसडीएम की नजर में बौना

» **सरकारी भूमि में आंगनवाड़ी भवन निर्माण न हो पाने का मामला गरमाया**

» **नाराज ग्राम प्रधान आत्मदाह को निकले, प्रशासन ने समझा बुझाकर कराया शांत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मिल्कीपुर अयोध्या** अमानीगंज विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पूरा उर्फ सुमेरपुर में सरकारी भूमि पर आंगनवाड़ी भवन एवं आरसीसी सेंटर का निर्माण स्थानीय तहसील प्रशासन के चलते ढुलमुल रवैया के चलते अधर में लटका पड़ा है। जिलाधिकारी द्वारा ग्राम समाज की जमीन में निर्माण कराए जाने का आदेश भी एसडीएम की नजर में बौना बना हुआ है। जिसके चलते ग्राम प्रधान आदर्श श्रीवास्तव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में प्रधान ने ग्राम पंचायत में प्रस्तावित आंगनबाड़ी केंद्र एवं आरआरसी सेंटर निर्माण को लेकर प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्राम प्रधान के अनुसार ग्राम सभा के राजस्व अभिलेखों में बंजर खाते में दर्ज सरकारी भूमि में आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण कराए जाने का प्रस्ताव भूमि प्रबंध समिति से पारित होने के बाद शासन से निर्माण की स्वीकृति मिली और कार्य शुरू भी हुआ। लेकिन गांव के कुछ लोगों ने विरोध करते हुए निर्माणाधीन ढांचे को गिरा दिया। इस संबंध में उन्होंने स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराने की बात कही। उनका आरोप है कि केस दर्ज होने के बावजूद निर्माण कार्य रुकवा दिया गया। प्रधान ने बताया कि उन्होंने कई बार मिल्कीपुर के उपजिलाधिकारी सुधीर कुमार से मुलाकात की। हर बार आश्वासन मिला कि निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा, लेकिन जमीनी स्तर पर कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने एसडीएम पर भी मौके पर न पहुंचने और कार्य शुरू न कराने का आरोप लगाया। प्रधान ने कहा कि जब स्थानीय स्तर पर सुनवाई नहीं हुई तो उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ की शरण ली, जहां से ग्राम पंचायत के पक्ष में निर्माण कार्य कराने का आदेश मिला। इसके बावजूद बीते शनिवार की रात कथित रूप से एसडीएम द्वारा उसी गाटा संख्या में किसी अन्य व्यक्ति से निर्माण शुरू करा दिया गया। प्रधान का आरोप है कि रात दो बजे से काम कराया जा रहा था और हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं हो रहा था। अवैध निर्माण की जानकारी जिलाधिकारी को दिए जाने के बाद निर्माण कार्य रुका। आक्रोशित प्रधान ने मुख्यमंत्री कार्यालय के सामने आत्मदाह की चेतावनी दी और अयोध्या के लिए रवाना हो गए। सूचना पर खुफिया विभाग व प्रशासन सक्रिय हुआ। अंततः पूर्व विधायक और एलआईयू इंस्पेक्टर के समझाने तथा निर्माण कार्य शुरू कराने के आश्वासनों के बाद प्रधान रास्ते से ही वापस लौट आए। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ। इस संबंध में एसडीएम सुधीर कुमार का कहना है कि मामला संज्ञान में है, जो सरकारी भूमि में जो अवैध निर्माण हो गया है, उस पर धारा 67 के तहत कार्यवाही की जाएगी। इस प्रकार से एसडीएम द्वारा तत्काल अवैध निर्माण कराए गए मामले में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही न करते हुए धारा 67 की कार्यवाही किए जाने का राग अलापा जाना उनकी प्रशासनिक कार्य शैली पर स्वतः ही सवालिया निशान लगा रहा है।

### अमेरिकी टैरिफ के बाद अब ईरान युद्ध से भारतीय निर्यातकों पर दोहरी मार, शिपिंग लागत 50 प्रतिशत बढ़ी



**ग्रेटर नोएडा।** अमेरिकी टैरिफ से पहले ही भारतीय निर्यातकों को सात हजार करोड़ रुपये का भारी नुकसान झेलना पड़ा था, और अब ईरान का अमेरिका-इजरायल के बीच बढ़ते युद्ध ने नई आर्थिक संकट की घंटी बजा दी है। ईरान द्वारा हार्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की धमकी से वैश्विक व्यापार मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं, जिससे भारतीय निर्यातकों को माल की आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लंबे वैकल्पिक रास्तों से शिपमेंट भेजने की मजबूरी से लागत दर में भारी वृद्धि होने का अनुमान है।

## अदालत से बरी के बाद जंतर-मंतर पर पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल का विशाल प्रदर्शन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बादल हुसैन

**नई दिल्ली।** शराब घोटाले में अदालत से दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल दोबारा बरी होने के बाद एक्टिव नजर आ रहे हैं। रविवार को केजरीवाल जंतर-मंतर पर एक विशाल जनसभा का आयोजन किया। जिसे उनकी राजनीतिक सक्रियता और शांति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। इस प्रदर्शन से पार्टी नेताओं और समर्थकों में नया उत्साह देखने को मिल रहा है।यह जनसभा उन हजारों कर्मचारियों के समर्थन में आयोजित की जा रही है। जिन्हें दिल्ली सरकार की विभिन्न सेवाओं से हटाया गया है।बस मार्शल, डीडीसी बस कंडक्टर, मोहल्ला क्लीनिक कर्मचारी, डीआई एमटीएस कर्मचारी, और सरकारी अस्पतालों में काम कर रहे डाटा एंट्री ऑपरेटरों, के मुद्दे को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जंतर- मंतर से विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए ऐ बाते कहा। इस अवसर पर पार्टी आलाकमान सहित सभी वरिष्ठ नेता और जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा-विद्यानगर-अनिपुर सड़क की दयनीय स्थिति से आमजन त्रस्त

● **विभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौन।**

**प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमिः** श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा से विद्यानगर होते हुए अनिपुर तक जाने वाली महत्वपूर्ण सड़क की वर्तमान स्थिति अत्यंत चिंताजनक और दुखद बनी हुई है। लंबे समय से मरम्मत और समुचित रखरखाव के अभाव में यह सड़क लगभग असंचलनीय हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढे, टूटी परतें और अत्यधिक धूल-रेत के कारण आमजन को प्रतिदिन गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य मार्ग की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि हल्की हवा चलने पर भी धूल का गुबार उठता है। इससे स्थानीय निवासियों में श्वसन संबंधी समस्याएँ, आंखों में जलन और अन्य स्वास्थ्य संबंधी परेशानियाँ बढ़ रही हैं। पैदल यात्रियों, वाहन चालकों, स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं, बुजुर्गों एवं मरीजों के लिए यह मार्ग अत्यंत जोखिमपूर्ण बन गया है। दैनिक आवागमन एक चुनौती में बदल चुका है।

क्षेत्रवासियों का आरोप है कि संबंधित विभाग, विशेषकर लोक निर्माण विभाग (PWD) के अधिकारी तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि इस गंभीर समस्या पर निष्क्रिय बने हुए हैं। समय पर मरम्मत और धूल नियंत्रण के उपाय न किए जाने से स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। प्रभावित नागरिकों ने भारत के लोकप्रिय



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा से हस्तक्षेप की अपील की है। उन्होंने मांग की है कि सड़क की तत्काल मरम्मत, नियमित रखरखाव तथा धूल नियंत्रण के प्रभावी उपाय सुनिश्चित किए जाएं, ताकि आम जनता को इस लंबे समय से चली आ रही समस्या से स्थायी राहत मिल सके।

## बैरिया में प्रेम प्रसंग बना खूनी बवालः युवती के घर पहुंचे युवक को परिजनों ने बेरहमी से पीटा, हालत गंभीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बैरिया (बलिया)।** बैरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार भोर प्रेम प्रसंग को लेकर बड़ा बवाल हो गया। दुर्जनपुर निवासी युवक अमित कुमार साहनी अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचा था, जहां परिजनों और पड़ोसियों ने उसे पकड़कर लाठी-डंडों और रॉड से बेरहमी से पीट दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अमित कुमार साहनी का गांव की एक युवती से लंबे समय से मेल-मिलाप था। रविवार की भोर वह युवती से मिलने उसके घर पहुंच गया। बताया जा रहा है कि युवक के प्रेमिका के कमरे में होने की भनक लगते ही परिवार के एक सदस्य ने बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। इसके बाद परिजनों ने युवक को बाहर निकालकर उसकी जमकर पिटाई कर दी।



मारपीट में अमित गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर बैरिया पुलिस मौके पर पहुंची और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल की मां मंझरिया देवी पत्नी अजय साहनी निवासी दुर्जनपुर, थाना रेवती की तहरीर पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले की गहन जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नोएडा में मिक्सचर प्लांट के ड्राइवर की बेरहमी से हत्या, घर में मिला खून से लथपथ शव; पुलिस जांच में जुटी

**नोएडा।** एक्सप्रेसवे थाना क्षेत्र के सेक्टर 135 में रविवार सुबह मिक्सचर प्लांट के चालक की हत्या कर दी गई। चालक का शव लहूलुहान अवस्था में घर में मिला। पुलिस ने फोरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य एकत्रित किए। शव को पोस्टमार्टम को भेजवा मामले में जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक थाना एक्सप्रेसवे क्षेत्र के अंतर्गत डायल-112 के माध्यम से डूब क्षेत्र सेक्टर-135 में एक व्यक्ति के मृत अवस्था में मिलने की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस अधिकारीगण व स्थानीय पुलिस मौके पर मौजूद है। मृतक की पहचान राकेश पुत्र गिंदर पाल निवासी जरीफ नगर, बदायूं उम्र लगभग 45 वर्ष के रुप में हुयी है, जो ड्राइवर का काम करता था। फॉरेंसिक टीम से घटनास्थल का परीक्षण कराया जा रहा है। मृतक के परिजन मौके पर उपस्थित है, शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है। घटना के अनावरण हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया है। सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच की जा रही है।

## मोह, मिथ्यात्व और अज्ञान ही जीव के भटकाव का मूल कारण- मुनि श्री प्रमाण सागर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बुढ़ार।** शहडोल से नव-निर्मित श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव के पाँचवें दिवस भावनायोग प्रणेता राष्ट्रीय संत मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज ने भगवान के कैवल्यज्ञान उपरांत समवसरण की गणधर पीठिका से अत्यंत मार्मिक एवं आध्यात्मिक उद्बोधन प्रदान किया।मुनि श्री ने कहा– 'इस अनादि संसार में जीव चारों गतियों और 84 लाख योनियों में निरंतर भटक रहा है,उसके इस भटकाव का मूल कारण उसके अंतर में पलने वाला मोह, मिथ्यात्व और अज्ञान है। 'उन्होंने नरक गति का वर्णन करते हुए कहा कि वहाँ जीव को असहनीय यातनाएँ सहनी पड़ती हैं– कभी उसे कड़ाही में डाला जाता है, तो कभी तलवार की तीक्ष्ण धार का सामना करना पड़ता है; मानो हजारों बिच्छुओं ने एक साथ डंक मार दिए हों। नरक से निकलकर जीव कभी एक इंद्रिय, कभी द्वि-इंद्रिय, फिर तिर्यंच गति में भ्रमण करता हुआ मनुष्य जन्म प्राप्त करता है। किंतु मनुष्य जीवन में भी वह कभी भिखारी बनकर कष्ट भोगता है।मुनि श्री ने स्पष्ट कहा कि मोह, मिथ्यात्व और अज्ञान आत्मा के प्रबल शत्रु हैं। इन्हीं के कारण जीव अपने आत्मस्वरूप से दूर होकर पंचेंद्रिय विषयों तथा क्रोध, मान, माया, लोभ जैसी कषायों में फँसकर पाप और दुर्गतियों का भागी बनता है।

सम्यक दर्शन ही धर्म का मूल समवसरण में विराजमान निर्यापक मुनि श्री प्रसाद सागर,मुनि श्री शीतलसागर, मुनि श्री संधानसागर तथा क्षुल्लक श्री समादर सागर महाराज,बाल ब्र. अशोक भैया,बाल ब्र.अभय भैया जी ने भी धार्मिक प्रश्न प्रस्तुत किए, जिनका समाधान मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज ने ओंकार ध्वनि के साथ किया। उन्होंने कहा– 'जब तक जीव अपने आत्मस्वरूप को नहीं समझेगा, तब तक उसे सम्यक दर्शन की प्राप्ति नहीं हो सकती। 'भव-बन्धन से मुक्ति का एकमात्र उपाय सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चरित्र रूपी रत्नत्रय की पूर्णता है। 'दर्शन मूलो धम्मो' का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि सम्यक दर्शन धर्म का मूल आधार है। बिना सम्यक्त्व के न ज्ञान शुद्ध होता है और न चरित्र।



**'भगवान महावीर द्वार' का ऐतिहासिक शिलान्यास**

पंचकल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर एक और ऐतिहासिक क्षण जुड़ा जब प्रातःकाल पूज्य मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ससंघ की मंगलमयी उपस्थिति में 'भगवान महावीर द्वार' का विधिवत शिलान्यास संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक जय सिंह मरावी, नगर परिषद अध्यक्षा शालिनी सरावगी एवं परिषद सदस्यों ने श्रद्धा-भक्ति के साथ शिलान्यास किया। धर्ममय वातावरण में जयघोष गूँज उठा। मुनि श्री ने कहा- 'जब कोई नगर में भगवान के नाम के साथ प्रवेश करता है तो उसके सभी कार्य निर्विघ्न संपन्न होते हैं। 'भगवान महावीर द्वार' केवल निर्माण नहीं, बल्कि आस्था और संस्कृति का प्रतीक बनेगा। ' इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री दिलीप जयसवाल, जिला कलेक्टर केदार सिंह तथा अन्य गणमान्य जनों ने समवसरण में श्रीफल समर्पित किया। भागवत कथा वाचक डॉ. मदनमोहन मिश्र (चित्रकूट धाम) भी उपस्थित रहे।